

लोकसभा में राहुल गांधी को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति-12



भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता-12



भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की-13




गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया-14


आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.59
सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 10 फरवरी 2026, वर्ष 6, अंक 314, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### छाती में संक्रमण के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)–शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद पुणे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। राज्यसभा सदस्य पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से अपराह्न में रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं और चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल उनका इलाज जनरल वार्ड में जारी है।

### ईपीएफओ लांच करेगा नया एप, सीधे यूपीआई से निकाल पाएंगे पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत छह अन्य घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी तब छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा) अचानक गिर गयी और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को कैलारस के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतीश गौड अपनी पत्नी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे तथा उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को मंदिर के अंदर बुला लिया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में हंगामा

**सपा विधायकों ने वेल में पहुंचकर की नारेबाजी, अभिभाषण के दौरान दो बार रुकीं आनंदीबेन, बोलीं-सपा सरकार में रही शून्य उपलब्धि**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई, पहले ही दिन सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। सपा विधायकों ने महंगाई, बेरोजगारी, एसआईआर व यूजीसी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद वित्त मंत्री ने पहली बार सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल ने जैसे ही संयुक्त अधिवेशन में



अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन।




विधान भवन के सामने तख्तियां दिखाकर विरोध-प्रदर्शन करते विपक्षी।

अपना अभिभाषण शुरू किया, सपा विधायक नारे लगाते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल वापस जाओ जैसे नारे लगाए। हंगामा बढ़ता देख राज्यपाल ने अपना भाषण कुछ देर के लिए रोका और विपक्षी सदस्यों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'शांत हो जाइए, नहीं तो गला बैठ जाएगा'। उन्होंने यह भी कहा, सपा सरकार में विकास शून्य था। इसके बाद भी सपा सदस्य शांत नहीं हुए। राज्यपाल ने करीब 30 मिनट में अपना अभिभाषण पूरा किया। अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उप्र ने पिछले वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से बाहर निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में नई पहचान बनाई है। कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विकास, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और प्रदेश उद्योग, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में भी सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया।

**अभिभाषण की मुख्य बातें**

- उत्तर प्रदेश 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' स्टेट बना
- कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत
- खाद्यान्न, गन्ना, चीनी, दुग्ध और आलू उत्पादन में प्रदेश अव्वल
- गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान
- 36 लाख से अधिक ग्रामीण आवासों का निर्माण
- 8.5 करोड़ से अधिक श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण
- ऊर्जा, एथेनॉल, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल योजनाओं में प्रदेश अग्रणी
- शिक्षा, अवसंरचना और रोजगार सृजन पर विशेष जोर

# डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ का गबन डकैती के समान

**शीर्ष कोर्ट का एसओपी बनाने के निर्देश, कहा-यह राशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसे हितधारकों के साथ चर्चा करके मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए गबन की गई धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है।

अदालत ने पाया कि इस तरह के अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आरबीआई और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कई नए निर्देश जारी करते हुए गृह मंत्रालय से कहा कि वह आरबीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा दूरसंचार विभाग की इसी तरह की एसओपी या निर्णयों पर विचार करे और ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार सप्ताह में एक सहमति पत्र (एमओयू) का मसौदा तैयार करे। पीठ को बताया गया कि आरबीआई ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से रोकने (होल्ड) के संबंध में बैंकों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई निर्दिष्ट करते हुए एक एसओपी तैयार की है। अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया और गुजरात तथा दिल्ली सरकारों से कहा कि वे इन मामलों में जांच के लिए सीबीआई को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करें। कोर्ट ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों को संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित करके डिजिटल अरेस्ट मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के मामलों में व्यावहारिक व उदार दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही हो सकती है ऐसे अपराधों के पीछे

**कोर्ट ने अगली सुनवाई से पूर्व मांगी रिपोर्ट**

अदालत ने मामले में याचिका को चार सप्ताह बाद आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों से अगली सुनवाई से पहले ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने 16 दिसंबर को केंद्र सरकार से कहा था कि वह डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के लिए मुआवजा सुनिश्चित करने के संबंध में न्यायमित्र के सुझावों पर विचार करे। साथ ही उसने साइबर अपराधियों द्वारा देश से बाहर ले जाई जा रही भारी धनराशि पर चिंता भी जताई थी। डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का एक बढ़ता हुआ स्वरूप है, जिसमें ठग कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अदालतों या सरकारी विभागों के अधिकारियों के रूप में खुद को प्रस्तुत करके ऑडियो और वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों को उलझाकर रखते हैं और उन पर पैसे देने का दबाव डालते हैं। एक दिसंबर को शीर्ष अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट मामलों की एकीकृत, देशव्यापी जांच करने का निर्देश दिया था और आरबीआई से यह भी पूछा था कि वह साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों का पता लगाने और उन्हें फ्रीज करने के लिए एआई का उपयोग क्यों नहीं कर रहा है।

# एसआईआर में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- ममता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी, बंगाल सरकार से पूछे कई सवाल
- कोर्ट ने कहा- सभी राज्य सरकारें संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करें

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के एसआईआर में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है।

पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।

**पुनरीक्षण का अंतिम निर्णय मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा : पीठ**

पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# अवैध वसूली में उद्योग विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

- आवेदन व फाइल निस्तारण के नाम पर उगाही का आरोप

**लखनऊ।** जिला उद्योग कार्यालय में सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन आवेदन और फाइल निस्तारण के नाम पर अवैध वसूली के मामले में शासन ने उद्योग विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।


निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक आयुक्त उद्योग एवं प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं। यह कार्रवाई मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी हमीरपुर की दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। समिति की जांच में पाया गया था कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराने, फाइलों का निस्तारण करने और सब्सिडी दिलाने के नाम पर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली की जा रही थी।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कई घरों में आग लगा दी, इसके बाद यहां एकाएक फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए।

तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष व लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के कुछ ग्रामीणों ने लिटान सारेइखोंग के मुखिया के आवास पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिससे प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।



- हथियारबंदों ने फायरिंग व बमबारी की जवान तैनात
- तांगखुल में कई ग्रामीणों के अपना इलाका छोड़ा

# पंजाब में विधि छात्रा की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली मारी

- तरनतारन में क्लासरूम में हुई वारदात, दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले में सोमवार को विधि संकाय के एक छात्र ने कक्षा के अंदर एक छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी, जबकि भयभीत सहपाठी यह खौफनाक मंजर देखते रह गए। इसके बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि प्रिंस राज गंभीर रूप से घायल है, जबकि छात्रा संदीप कौर की मौके पर ही मौत हो गयी।

हमलावर प्रिंस राज और संदीप कौर दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे। उनकी उम्र लगभग 19-20 वर्ष के आसपास है। उस्मा गांव स्थित कॉलेज में हुई हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब यह घटना घटी उस वक्त कक्षा में पढ़ाई शुरू नहीं हुई थी। कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में प्रिंस, संदीप व एक अन्य छात्रा कक्षा में एक साथ दिखाई दिए।

# संवाद से निकलेगा समाधान, कार्यवाही बाधित करने के बजाय मुद्दे उठाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सरकार संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान में विश्वास करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि किसी भी मुद्दे को कार्यवाही बाधित कर नहीं, बल्कि चर्चा के माध्यम से उठाएं।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार का 11 फरवरी को वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर सदन में चर्चा होगी। यह उनकी सरकार का 10वां बजट है। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सदन के सामने रख रही है। इससे जनप्रतिनिधियों और जनता को प्रदेश की आर्थिक प्रगति, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह संवाद से चलता है, न कि कार्यवाही बाधित करने से।



- मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार का 10वां बजट कल होगा पेश

**विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन**

मुख्यमंत्री ने सत्र से पहले विधानभवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के चिकित्सकों की टीम जांच कर रही है। योगी ने सदस्यों को सलाह दी कि तनावमुक्त रहकर संतुलित दिनचर्या अपनाएं, इससे बीमारियां दूर रहेंगी। इस दौरान विस अध्यक्ष सतीश महाना, दोनों उप मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

**परीक्षा पे चर्चा** | दूसरे चरण में प्रधानमंत्री बोले- मोबाइल फोन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं जो उसके बिना खाना भी नहीं खा सकते

# तकनीक के गुलाम न बनें, एआई का प्रयोग मार्गदर्शन पाना हो

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और एआई का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नई प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग कौशल को निखारने के लिए करें। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में 'वैल्यू एडिशन' करें। काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा।



विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

**सिर्फ दूसरों की उपलब्धियों को देखने के बजाय सफलता के लिए उनके प्रयास देखें : मोदी**

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

## न्यूज ब्रीफ

### 11 ,12 फरवरी को बंद रहेगा रेलवे फाटक

**बिलारी, अमृत विचार :** मछरिया कुंदरकी स्टेशन के बीच रेलवे फाटक के आपातकालीन मरम्मत का कार्य 11 से 12 फरवरी तक चलेगा। जिसके कारण सड़क यातायात पूरी तरह से बंद रहेगा। इसे लेकर एसडीएम बिलारी, प्रभारी निरीक्षक कुंदरकी आदि को सूचना दी जा चुकी है। सड़क बंद होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन बिस्कुट फैक्ट्री फरहेदी मार्ग से गुजर सकते हैं। जानकारी राजा का सहसपुर उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ हेमराज सोनी ने दी।

### छेड़छाड़ पर बरातियों व घरातियों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** शादी समारोह में महिला के साथ छेड़छाड़ को लेकर बरातियों व घरातियों में मारपीट हो गई जिसमें चार लोग घायल हो गए। क्षेत्र के गांव तिगरिया भूड़ में पांच फरवरी को मुरादाबाद से एक बरात आई थी। डीजे पर बरात में आए किसी युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ कर दी। इसके बाद बरातियों व घरातियों में मारपीट होने लगी जिसमें चार लोग गंभीर घायल हो गए। चारों घायलों का मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गन्ने से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया में रविवार की रात नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रहा गन्ने से लदा ट्रक अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क पर पलट गया। पुलिस ने दूसरे ट्रक को बुलाकर सड़क से गन्ना हटवाया और यातायात को सुचारू कराया।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को किया बरामद

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि सबी मौहम्मद पुत्र बुन्दु खां निवासी ग्राम नसरौला थाना इस्लामनगर बदायूं ने थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी कि परिवार के साथ थाना बनियोठर के क्षेत्र में मौहल्ला मंशादेवी कस्बा नरौली में शादी में आया था। वहा से उसकी 3 साल की बच्ची गुम हो गयी । पुलिस ने बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# संसाधन होने पर भी नहीं रुक रहे घरों में प्रसव

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- जागरुकता की कमी से जच्चा-बच्चा की जान पर खतरा
- जिले में 250 से अधिक महिलाओं ने घर पर झेला प्रसव दर्द

**अमृत विचार :** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए संसाधनों और सरकारी योजनाओं की कोई कमी नहीं है। लापरवाही और जागरूकता की कमी से घरों में ही प्रसव कराने का सिलसिला जारी है। जिससे मातृ शिशु मृत्यु दर नियंत्रित करने में भी अड़चन आ रही है।

पिछले वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 12,936 प्रसव हुए। वहीं निजी अस्पतालों में इस अवधि में 46,986 महिलाओं ने शिशु को जन्म दिया। मौजूदा वर्ष में ही जिले में 250 से अधिक महिलाओं ने घरों में ही प्रसव का दर्द झेला। जबकि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जननी सुरक्षा योजना सहित कई कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एएनएम और आशा बहुओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण कराएं, नियमित जांच सुनिश्चित करें और प्रसव के समय स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं लेकिन इसके बावजूद गृह प्रसव नहीं रुक रहा है।

### घर पर प्रसव जच्चा-बच्चा के लिए हानिकारक

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि घरों में हो रहा प्रसव जच्चा-बच्चा दोनों की सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। इस पर अंकुश के लिए आशा बहुओं को क्लस्टर मीटिंग में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्हें गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के बाद लगातार फॉलोअप करने और प्रसव के समय संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने को कहा गया है।

### थोड़ी सी लापरवाही हो सकती है जानलेवा

वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता के अनुसार गृह प्रसव के दौरान थोड़ी-सी असावधानी भी जानलेवा साबित हो सकती है। प्रसव के समय बच्चा नीचे गिर सकता है या उसे ट्रॉमा हो सकता है। महिला को पैरीनियल टीयर जैसी गंभीर समस्या हो सकती है, जिसमें आंतरिक अंगों के फटने का खतरा रहता है। कई बार बच्चा बाहर आने के बाद फंस जाता है या प्लेसेंटा नहीं निकलता। ऐसी स्थिति में अत्यधिक रक्तस्राव और संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। प्रसव की संभावित तिथि नजदीक आते ही या प्रसव पीड़ा शुरू होते ही महिला को अस्पताल ले जाना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है।

## मोबाइल देखने से मना करने पर आक्रामक हो रहे बच्चे

# बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रहा मोबाइल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



**अमृत विचार :** मोबाइल बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रहा है। परीक्षा के निकट आते ही अभिभावकों ने बच्चों के मोबाइल पर गेम खेलने पर पाबंदी लगा दी है। जिसके कारण बच्चों में चिड़चिड़ापन बढ़ गया है और उनसे मोबाइल की लत नहीं छूट रही है।

मनोवैज्ञानिक राजकीय महाविद्यालय रजा नगर के प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि बताते हैं कि बच्चों में स्मार्टफोन की लत से अवसाद, चिंता, नींद की कमी, व्यवहार में आक्रामकता, चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। मनोवैज्ञानिक बताते हैं कि बच्चों से मोबाइल छीनने पर चिड़चिड़ापन, जिद्दीपन, आक्रामक और हिंसक व्यवहार, और अकेले रहने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। मोबाइल को अत्याधिक समय तक देखने के कारण बच्चों के मस्तिष्क का विकास धीमा हो रहा है और वास्तविक दुनिया से संवाद करने की क्षमता प्रभावित हो रही है। देर रात तक मोबाइल चलाने से अनिद्रा की समस्या पैदा हो रही है, जो मानसिक स्वास्थ्य को सीधे प्रभावित करती है। बताते हैं कि बच्चों के मोबाइल देखने के लिए प्रतिदिन का समय निर्धारित कर दें। परीक्षा के दौरान भी बच्चों को कुछ खेलने के लिए मैदान पर जरूर भेजें। माता-पिता बच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करें।

कोरोना काल में वर्ष 2021 में ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बच्चों को मोबाइल खरीद कर दिया था। जबसे बच्चे मोबाइल की गिरफ्त में आ गए हैं। मोबाइल नहीं देखने की बात कहने पर वह सामान पटकने लगते हैं। – शबाना

मोबाइल ने बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना दिया है। परीक्षा करीब आती जा रही है लेकिन, बच्चे मोबाइल का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। कोरोना काल से बच्चे मोबाइल की गिरफ्त में हैं। – जुल्फिकार

इम्तेहान नजदीक आ गए हैं लेकिन, बच्चे मोबाइल देखना बंद नहीं कर रहे हैं। आज के बच्चों को इम्तेहान की कोई फिक्र नहीं है वे बस मोबाइल पर ही लगे रहते हैं। वे किसी की बात नहीं मान रहे हैं। – राकिब

घरवालों ने हाथ में मोबाइल लेना बंद कर दिया है। लेकिन बच्चे मोबाइल की लत में इतना डूब चुके हैं कि खाना खाते समय भी मोबाइल देखते रहते हैं। इस दिशा में सरकार को कोई सख्त कदम उठाने की जरूरत है। –चिरंजीत प्रजापति

### अस्पताल पहुंच रहे पीड़ित बच्चे

जिला अस्पताल के डॉक्टर बताते हैं कि इन दिनों मोबाइल सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ी है। अभिभावक ऐसे बच्चों को घर में समझाकर थक चुके हैं तो अब वह अस्पताल की ओर रूख कर रहे हैं। अस्पताल में मनोचिकित्सक बच्चों को प्यार और खेल के साथ मोबाइल से दूर रहने का महत्व बता रहे हैं।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह से फरार हुए पांच किशोर, दो अमरोहा में पकड़े

## दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, तीन होमगार्ड और कांस्टेबल के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**




- शनिवार रात लगभग तीन बजे संप्रेक्षण गृह की छत से कूदकर भागे थे पांचों बाल अपचारी

**अमृत विचार :** राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) से पांच किशोर छत से कूदकर फरार हो गए। जानकारी मिलने के बाद संप्रेक्षण गृह के कर्मचारी घटना की सूचना अधिकारियों को देने के बजाय स्वयं बाल अपचारियों को तलाशने में जुटे रहे। पुलिस को सूचना देने के बाद हुई तलाश में दो किशोरों को पकड़ लिया गया, जबकि तीन की तलाश जारी है। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने पांच बाल अपचारियों के साथ संप्रेक्षण गृह के दो कर्मियों के साथ तीन होमगार्ड और एक पुलिस कांस्टेबल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। बाकी तीनों बाल अपचारियों की तलाश की जा रही है।

राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी की ओर से थाना सिविल लाइंस में दी गई तहरीर के अनुसार शनिवार रात लगभग दो बजकर 55 मिनट पर आदर्श कालोनी स्थित संप्रेक्षण गृह से पांच बाल अपचारी छत से कूदकर फरार हो गए। इसके बाद आस पास इन सभी की तलाश करने के साथ ही डायल 112 पर भी सूचना दे दी गई।

प्रभारी अधीक्षक के रात में सभी किशोर अपने-अपने कमरे से सोए हुए थे। रात में पांच बाल अपचारी पहले भागने की पहले से बनाई साजिश के अनुसार दरवाजे का ताला तोड़कर छत पर पहुंचे और वहां से संप्रेक्षण गृह की पिछली दीवार की ओर जाकर बाहर की ओर कूदकर फरार हो गए। इस दौरान संप्रेक्षण गृह में दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमित और रोहित, होमगार्ड केशव कुमार, महेश पाल सिंह, आदेश कुमार के अलावा कांस्टेबल रविंद्र कुमार तैनात थे। इन सभी ने अपनी जिम्मेदारी और ड्यूटी में लापरवाही बरती। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कार्रवाई के दौरान सिविल लाइन पुलिस ने दो फरार किशोरों को अमरोहा जिले के मंडी धनौरा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

### दो उत्तराखंड और एक मुरादाबाद का निवासी

सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि फरार हुए शेष तीन किशोरों के साथ ही कांस्टेबल, तीन होमगार्ड व दोनों चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। फरार किशोरों में से एक मुरादाबाद का निवासी है, जबकि दो उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के बताए जा रहे हैं, जो पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही शेष किशोरों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# विदेश में नौकरी के नाम पर 1.27 लाख ठगे

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 1.27 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ढाई महीने काम कराने के बाद कंपनी द्वारा युवक को वापस भेज दिया गया, जबकि आरोपी ने रुपये लौटाने से इंकार करते हुए धमकी भी दी।

नगर के मोहल्ला वार्ड 19 निवासी जहीर आलम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि करीब पांच माह पूर्व रतूपुरा निवासी एक व्यक्ति उनके संपर्क में आया था। उसने स्वयं को विदेश भेजने का काम करने वाला बताते हुए सऊदी अरब में अच्छे वेतन पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने जहीर आलम को कारपेंटर के पद पर सऊदी भेजने की बात कही और इसके लिए कुल खर्च 1.27 लाख रुपये बताया।

पीड़ित के अनुसार उसने आरोपी के खाते में 1.05 लाख रुपये जमा कराए, जबकि शेष 22 हजार रुपये नगद दिए। करीब तीन माह पूर्व आरोपी ने उसे सऊदी अरब भेज दिया, लेकिन वहां कंपनी ने उससे ढाई महीने काम लेने के बाद एग्रीमेंट समाप्त होने का हवाला देकर वापस भारत भेज दिया।

स्वदेश लौटने के बाद जब जहीर आलम ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने न केवल रकम लौटाने से मना कर दिया, बल्कि उसे धमकाने भी लगा। पीड़ित ने पुलिस से मामले में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगे 8 लाख, गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा , अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भायपुर निवासी बलवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय लाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अभियुक्त ने उसे नौकरी लगवाने का झांसा देकर उससे करीब 8 लाख रुपये ले लिए। इसके पश्चात अभियुक्त ने स्वयं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, फर्जी हस्ताक्षर एवं फर्जी मोहर लगाकर एक फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर पीड़ित को सौंप दिया। जब पीड़ित को ठगी का आभास हुआ और उसने अपने रुपये वापस मांगे, तो अभियुक्त ने उसे व पुत्र को गंदी गालियां दीं व जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू की। 9 फरवरी को अभियुक्त दीपक सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम अस्लेमपुर, को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, उपनिरीक्षक किरन्त पंवार एवं हेड कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

### कम ब्याज पर लोन के बहाने किसान से 32 हजार ठगे

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव नरखड़ी निवासी किसान अकील अहमद के पास कुछ दिन पहले किसी व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को लाल वाला बाग स्थित बैंक का प्रतिनिधि बताया। उसने किसान को कम ब्याज दर पर दस लाख रुपये का लोन दिलाने का प्रलोभन दिया। किसान उसकी बातों में आ गया और लोन लेने के लिए तैयार हो गया। बाद में ऋण की फाइल तैयार कराने, प्रोसेसिंग फीस और इंश्योरेंस के नाम पर किसान से 32 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी लोन की राशि किसान के खाते में नहीं आई और ठग का मोबाइल फोन बंद आने लगा, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। बाद में किसान भोट थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस पर थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी ने बताया प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं आया है। फिर भी मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस अधिकारियों पर एफआईआर के आदेश को चुनौती की याचिका पर सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराज**

- संभल हिंसा मामला: सीजेएम ने दिया था एफआईआर का आदेश

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार और एएसपी अनुज चौधरी की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की, जिनमें संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा नवंबर, 2024 की हिंसा के संबंध में एएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ के समक्ष हुई। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने पिछले महीने घायल युवक के पिता यामीन की अर्जी पर पारित किया गया था।

उक्त आदेश पारित होने के लगभग एक सप्ताह बाद संबंधित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का तबादला सुल्तानपुर कर दिया गया। अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने राज्य की ओर से बताया कि मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 175 के तहत निर्धारित अनिवार्य प्रक्रिया का पालन नहीं किया और कानून की सीमाओं का उल्लंघन किया।

उन्होंने कहा कि धारा 175(4) लोक सेवकों को उनके आधिकारिक कर्तव्यों से संबंधित मामलों में तुच्छ या उत्पीड़न आपराधिक कार्यवाही से बचाने के लिए दो-चरणीय प्रक्रिया अनिवार्य है, जैसे- वरिष्ठ अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करना, घटना की परिस्थितियों के संबंध में संबंधित लोक सेवक के कथनों पर विचार करना। महाधिवक्ता ने यह भी बताया कि इस मामले में वरिष्ठ अधिकारी से रिपोर्ट तो मंगाई गई, लेकिन उस पर विचार नहीं किया गया और आदेश में उसका उल्लेख तक नहीं है।

राज्य ने यह भी तर्क दिया कि शिकायतकर्ता ने अपने आवेदन में प्रारंभिक स्तर पर थाने में शिकायत करने का उल्लेख नहीं किया, जबकि यह विधि के तहत अपेक्षित शर्त है, साथ ही पुलिस रिपोर्ट में यह उल्लेख था कि घटना के संबंध में पहले से मामला दर्ज कर जांच की जा रही है, लेकिन उसे भी नज़रअंदाज़ कर दिया गया।

राज्य की ओर से यह भी रेखांकित किया गया कि बीएनएसएस की धारा 175(3) के तहत मजिस्ट्रेट को यह अधिकार है कि यदि आरोप प्रथमदृष्टया निराधार, असंगत या अत्यंत असंभावित हों तो आवेदन खारिज कर सकते हैं। समता भाव के कारण मामले की सुनवाई अगले दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### जंतर-मंतर धरने पर रामपुर से नहीं पहुंचे सपाई

**रामपुर, अमृत विचार:** आजम खां को इंसाफ दिलाने के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना चल रहा है। हैरानी है कि रामपुर के सपाई जंतर मंतर के धरने से नदारद रहे। इस पर सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर ने कहा कि दिल्ली जाने के लिए उन्हें पूर्व मंत्री का कोई संदेश नहीं मिला है। संदेश मिलते ही रवाना हो जाएंगे।

पूर्व मंत्री बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ रामपुर जिला जेल में दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे हैं। मोहम्मद आजम खां और उनके परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया था। फिलहाल रामपुर से आजम के चाहने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए नहीं गए हैं। दिल्ली जंतर-मंतर पर हो रहे धरना प्रदर्शन के सम्बंध में सपा के शहर अध्यक्ष आसिम राजा ने बताया कि देश भर से लोग शामिल होने के लिए पहुंचे थे। सभी ने एकस्वर में कहा कि आजम को इंसाफ मिले।

# साहूकार के बेटे से मारपीट, उसी पर दर्ज करा दिया छेड़छाड़ का केस

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



अस्पताल में भर्ती घायल रचित मेहरोत्रा।

- मैनाठेर के नूरपुर में पैसे लेने गया था पीड़ित, आरोपी मुनीम गाड़ी में डालकर ले आया घर

**अमृत विचार :** सोमवार को सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साहूकार के बेटे को उसका मुनीम अपने परिवार की महिलाओं व परिजनों के साथ मारपीट करते हुए दिख रहा है। अपहरण की नियत से गाड़ी में डालकर गोविंद नगर स्थित घर ले आया। यहां भी मारपीट कर दबंगई दिखाते हुए कटघर थाने लाकर पीड़ित के खिलाफ बहन के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर उसे थाने से जाने दिया। अब पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद कटघर पुलिस सवालो के घेरे में है।

आशियाना निवासी साहूकार दीपक मेहरोत्रा के पुत्र रचित मेहरोत्रा के अनुसार मैनाठेर के नूरपूर गांव में नौकर अनिल के साथ पैसे मांगने गए थे। आरोप है कि 20 वर्ष पुराने मुनीम सोनू उर्फ ज्ञानेंद्र शर्मा ने परिवार की महिलाओं और अन्य परिजनों के साथ मिलकर उन दोनों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं गाड़ी में डालकर घर लाकर पीटा जिसमें रचित की ऊंगली कट गईं। सिर में भी धारदार हथियार से हमला किया किया। घटना के बाद आरोपी पीड़ित रचित को गंभीर हालत में कटघर थाने लाए और उसपर ही बहन से छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज करा दिया। हालांकि पुलिस ने ही घायल रचित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि कटघर पुलिस ने यह कहकर टाल दिया कि मामला मैनाठेर थाना क्षेत्र का है और वहीं रिपोर्ट दर्ज कराएं। परिजनों ने बताया कि आरोपी मुनीम ने पहले भी रचित पर जानलेवा हमला किया था। रचित के बेटे के अपहरण करने की भी धमकी का वीडियो भी वायरल हो रहा है। अब पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद कटघर पुलिस सवालो के घेरे में है।

> मैनाठेर में रचित मेहारोत्रा के खिलाफ छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज है। उससे मारपीट मैनाठेर कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरपुर में हुई थी जिसका मुकदमा मैनाठेर में दर्ज कराया जाएगा। – **विनोद कुमार** प्रभारी निरीक्षक कटघर कोतवाली

### अमेरिका के साथ कृषि डील के खिलाफ संघर्ष का ऐलान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** देश का अन्नदाता एक बार फिर निर्णायक लड़ाई की दहलीज पर खड़ा है। सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की जा रही कृषि डील कोई साधारण व्यापारिक समझौता नहीं, बल्कि किसानी के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की साजिश है। सोमवार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत डॉ नौ सिंह ढिल्लो ने जारी बयान में यह बात कही।

उन्होंने अमेरिका से कृषि डील को किसानों के हित की अनदेखी बताया। कहा कि जब सात समंदर पार से भारी सब्सिडी वाला विदेशी अनाज बाजारों में उतारा जाएगा, तब किसान फसल कौड़ियों के भाव बेचने को मजबूर हो जाएंगे। हम अपने खेतों को विदेशी कॉरपोरेट कंपनियों की चरागाह नहीं बनने देंगे। कहा कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक सरकार इस किसान-विरोधी समझौते को रद्द नहीं करती और एमएसपी की गारंटी सुनिश्चित नहीं करती है।

**बेहतर परिणाम की उम्मीद** | सकारात्मक माहौल, भावनात्मक सहयोग और विश्वास से बढ़ेगा विद्यार्थियों का आत्मविश्वास

# माता-पिता की भूमिका बनेगी बच्चों की सफलता की नींव

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- बोर्ड परीक्षा में आठ दिन शेष, विद्यार्थियों की तैयारियां अंतिम चरण में


**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा में आठ दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की तैयारी अपने अंतिम चरण में है और इस समय माता-पिता की भूमिका एक मजबूत आधार स्तंभ की तरह सामने आती है। विशेषज्ञों और शिक्षकों का मानना है कि परीक्षा की सफलता केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि घर का माहौल, भावनात्मक समर्थन और माता-पिता का संतुलित व्यवहार उतना ही महत्वपूर्ण होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि दबाव नहीं, सहयोग से बेहतर परिणाम आते हैं।

परीक्षा के दिनों में कई बच्चे तनाव, घबराहट और आत्म-संदेह से गुजरते हैं। ऐसे समय में माता-पिता का सकारात्मक रवैया बच्चों के लिए संबल बनता है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर अतिरिक्त दबाव न डालें, बल्कि उन्हें शांत मन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें।


पढ़ाई के साथ-साथ छोटे-छोटे ब्रेक, पसंदीदा संगीत या थोड़ी बातचीत भी मानसिक ताजगी देती है। सक्रिय सहयोग के तहत माता-पिता बच्चों की अध्ययन दिनचर्या को व्यवस्थित करने में मदद कर सकते हैं, लेकिन खुद पर ज्यादा हावी हुए बिना। खुला संवाद, भरोसा और प्रोत्साहन ही इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पिछले शैक्षिक सत्र के सफल परिणाम भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि सही मार्गदर्शन और पारिवारिक सहयोग से उत्कृष्ट सफलता संभव है। 2024-25 शैक्षिक सत्र में छात्रा दीपांशी ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां और जिले में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि छात्र नितिन ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया।

### दबाव नहीं, सहयोग से आते हैं बेहतर परिणाम


माता-पिता के लिए जरूरी है कि घर में सकारात्मक और शांत वातावरण बने। पढ़ाई के समय अनावश्यक शोर, टीवी या मोबाइल का सीमित उपयोग बच्चों की एकाग्रता को बेहतर बनाता है। भावनात्मक समर्थन बेहद जरूरी है। बच्चों की बातें धैर्य से सुनना, उनकी चिंताओं को समझना और उन्हें आश्वस्त करना कि वे अकेले नहीं हैं, तनाव को काफी कम कर देता है। सेहत का ध्यान रखना भी माता-पिता की अहम जिम्मेदारी है।



माता-पिता का विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत रहा। उन्होंने कभी मुझ पर अनावश्यक दबाव नहीं डाला। परीक्षा के दौरान घर का शांत माहौल बहुत मददगार रहा। घबराहट हुई तो हौसला बढ़ाया। मेहनत पर भरोसा करना सिखाया। पढ़ाई के साथ सेहत का भी पूरा ध्यान रखा गया। असफलता का डर महसूस नहीं होने दिया। उनके सहयोग से ही आत्मविश्वास के साथ पढ़ पाई। सफलता में माता-पिता की भूमिका अहम है। – दीपांशी, छात्रा



परीक्षा के दौरान माता-पिता ने समय प्रबंधन में काफी मदद की। तनाव के समय उन्होंने हमेशा सकारात्मक सोच दी। कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि परिणाम ही सब कुछ है। नियमित दिनचर्या बनाए रखने में उनका सहयोग मिला। पढ़ाई के साथ आराम का संतुलन सिखाया गया। उनके भरोसे से आत्मविश्वास बढ़ा। घर का शांत वातावरण पढ़ाई में सहायक रहा। मेरी सफलता के पीछे परिवार का बड़ा योगदान है। – नितिन, छात्र



परीक्षा में माता-पिता की भूमिका बेहद निर्णायक होती है। सकारात्मक माहौल बच्चों की क्षमता को निखारता है। दबाव नहीं, सहयोग से बेहतर परिणाम आते हैं। माता-पिता का विश्वास बच्चों को मजबूत बनाता है। स्वस्थ दिनचर्या से पढ़ाई का असर बढ़ता है। संवाद की कमी तनाव बढ़ा सकती है। परिणाम से पहले प्रयास पर ध्यान जरूरी है। परिवार और शिक्षक मिलकर ही सफलता सुनिश्चित करते हैं। – एसके नाथन, शिक्षक



बोर्ड परीक्षा जीवन का अहम पड़ाव होती है। माता-पिता का संतुलित व्यवहार बहुत मायने रखता है। तुलना से बच्चों में तनाव बढ़ता है। सहयोग से उनकी छुपी प्रतिभा सामने आती है। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर दें। धैर्य सबसे जरूरी है। सकारात्मक सोच परिणाम को बेहतर बनाती है। हर बच्चे की क्षमता अलग होती है। सही मार्गदर्शन से हर छात्र सफल हो सकता है। – रमेश, शिक्षक

# ट्रेन के टॉयलेट में मिला पंजाब के व्यक्ति का शव

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- जीआरपी रामपुर ने शव को मोर्चरी भेजा

**अमृत विचार :** रामपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर पंजाब मेल ट्रेन के टॉयलेट में सोमवार को एक व्यक्ति का अचेत अवस्था में मिला। ट्रेन के स्टेशन पर रुकते ही जीआरपी को सूचना दी गई। व्यक्ति को टॉयलेट से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की जेब से मिले कागजातों के आधार पर पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी। जीआरपी थाना प्रभारी ईश्वर चंद ने बताया कि मृतक की पहचान नारायण झा (56) के रूप में हुई है। वो छत्तीसगढ़ से चंडीगढ़ जा रहा था, तभी ट्रेन के टॉयलेट में उनका निधन हो गया। सूचना मिलने पर मृतक के बेटे रोशन कुमार रामपुर पहुंचे। परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और मौत को स्वाभाविक बताते हुए पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। वह गुनानंद झा के पुत्र और पंजाब के मोहाली जिले के बोलाटाना थाना क्षेत्र के आनंद विहार निवासी थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मौत स्वाभाविक है और इसमें किसी तरह का संदेह नहीं है। पुलिस ने परिजनों की लिखित सहमति और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव बिना पोस्टमार्टम के उनके सुपुर्द कर दिया। इसके बाद परिजन शव को पंजाब ले गए। बेटे रोशन कुमार ने जिला अस्पताल में बताया कि पिता की मौत स्वाभाविक हुई है, इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे।

## न्यूज ब्रीफ

### माता सीता का आदर्श जीवन अनुकरणीय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिला आर्य समाज स्टेशन रोड पर माता सीता की जयंती के रूप में सीताष्टमी का पर्व मनाया गया। आचार्य पूनम शास्त्री ने शन्नो गुप्ता व मीरा सोती की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ कराया। प्रीता आर्य और गायत्री आर्य ने माता सीता के आदर्शों से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवियत्री डॉ. प्रेमवती उपाध्यक्ष रहीं। आर्य समाज के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि माता सीता एक महान विद्वान राजा की पुत्री थीं। जिनके दरबार में महान ऋषि याज्ञवल्क्य और महान विदुषी गार्गी के शब्दों पर शास्त्रार्थ होते थे। ऋषि व्यास ने भी अपने पुत्र शुक्राचार्य को उनकी शंका समाधान के लिए पाताल लोक से राजा जनक के दरबार में भेजा था। ऐसे महान विद्वान राजा जनक की पुत्री माता सीता के आदर्श जीवन का हर पल अनुकरणीय है। आज की बहनों को माता सीता का आदर्श जीवन अपनाने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमवती उपाध्यक्ष, आशा जैमिनी ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान प्रभा नारंग, पूनम कत्याल, कमलेश गोयल, रक्षा गोयल, ऊषा गुप्ता, नीरु, ज्योति, वसुधा रस्तोगी, चंद्रकांता, बीना अग्रवाल, आशा गुप्ता, संगीता मित्रा, यशोदा आर्य, मथुरा प्रसाद आर्य, प्रज्ञाशु आर्य, वीरेंद्र आर्य, आदि मौजूद रहे।

### सफाई कर्मियों के वेतन से कटौती बंद हो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निकाय सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन से मनमाना कटौती बंद करने सहित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मंडलायुक्त को दिया। सोमवार को मंडलायुक्त को दिए ज्ञापन में कहा गया कि आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के वेतन से दिसंबर और जनवरी में 250 और 200 रुपये प्रति कर्मचारी कंपनी द्वारा काटा गया है। यह भी नहीं बताया गया कि यह कटौती किस मद में की गई है। अन्य बैंक खातों में वेतन न दी जाए। नमस्ते योजना में दी जा रही ट्रेनिंग सीवर पर्याप्त नहीं है। क्योंकि सीवर का कार्य जानलेवा है। पूरी ट्रेनिंग के बाद ही सीवर संबंधी कार्य कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रेम बाबू वाल्मीकि, सुनील लश्करी, धर्मेंद्र मुल्तानी, रजनीश, नंदू, कुक्कू चौधरी, रुपेश, गौरव, विशाल, रवि द्रविड़, प्रशांत, हरिओम वाल्मीकि, दीपू सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### पंचायत भवन में हिंदू सम्मेलन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर में 10 फरवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन दोपहर 2 बजे से पंचायत भवन में होगा। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी स्वरूपानंद यति महाराज (सिद्धपीठ हथियाराम मठ), श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा की उपस्थिति रहेगी। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृज मोहन होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि प्रमोद जोशी, महानगर सह कार्यवाह रहेंगे।

### एआई व ईएसजी लक्ष्यों पर व्याख्यान आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा व्यावसायिक सततता एवं ईएसजी लक्ष्यों की प्राप्ति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। सोमवार को इस कार्यक्रम में आई एस टी डी मुरादाबाद चैप्टर तथा टीएमयू-एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ई डी सी) का सहयोग रहा। शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक सत्र में आईआईएम अमृतसर के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार बैरवा ने सहभागिता की।

# फिर बिगड़ा मौसम, सुबह धूप के बाद छाए बादल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सप्ताह के अंत तक बूंदाबांदी व छिटपुट बारिश के आसार

**अमृत विचार :** मौसम हर दिन बदल रहा है। धूप तो कभी कोहरा और बादल छा रहा है। तापमान में असंतुलन के चलते लोग बीमार भी हो रहे हैं। इन दिनों सरकारी अस्पताल के अलावा निजी क्लीनिकों में भी वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, सांस फूलने से पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इलाज के साथ ही सावधानी बरतने की सलाह भी दे रहे हैं।

सोमवार को सुबह कोहरा रहा, फिर धूप निकला और नौ बजे के करीब अचानक बादलों ने सूर्यदेव को ढक लिया। हवा चलने से गलन और ठंड बढ़ गई। पूरे दिन कभी बादल तो कभी बादलों की ओट से सूर्यदेव दर्शन देते रहे। इससे ठंड से लोग ठिठुरते भी रहे। मौसम विभाग के अनुसार अभी महाशिवरात्रि तक ठंड यूं ही रहेगी। सुबह कोहरा तो दिन में धूप भी निकल सकती है। कभी बादलों के चलते छिटपुट या हल्की बारिश भी हो सकती है। आर्द्रता बढ़ने से वातावरण में नमी बरकरार रहेगी। दिन और रात के तापमान में अधिक अंतर होने से भी लोग बीमार पड़ रहे हैं। सोमवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 11 डिग्री सेल्सियस रहा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल ने बताया कि इन दिनों मौसम में लगातार बदलाव व तापमान में असंतुलन से बच्चे और बड़े बीमार पड़ रहे हैं।

### निर्यातकों ने जताई बेहतरी की उम्मीद, हजारों कारीगरों, यूनिट मालिकों तक पहुंचेगा लाभ

# पेनल्टी टैरिफ रिफंड का निर्णय निर्यातकों के लिए उम्मीद भरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रिफंड 27 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 के बीच निर्यात किए गए माल पर होगा लागू

**अमृत विचार :** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिका द्वारा 25% पेनल्टी टैरिफ वापस करने के फैसले ने निर्यातकों, विशेषकर मुरादाबाद के पीतल व हस्तशिल्प उद्योग को बड़ी राहत दी है। यह रिफंड 27 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 के बीच निर्यात किए गए माल पर लागू होगा। इस निर्णय से अनुमानित 40,000 करोड़ की राहत भारतीय व्यापार जगत को मिलने की संभावना है, जिसका सीधा लाभ मुरादाबाद के हजारों कारीगरों, यूनिट मालिकों और निर्यातकों तक पहुंचेगा। यह कदम न केवल व्यापार को गति देगा, बल्कि कारीगरों की आजीविका को भी मजबूत करेगा। उम्मीद है कि आने वाले महीनों में उद्योगों में आत्मनिर्भरता आएगी।



निर्णय मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग के लिए ऐतिहासिक राहत है। पेनल्टी टैरिफ रिफंड व टैरिफ में कमी से निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कई गुना बढ़ेगी। इससे निर्यात में वृद्धि के साथ हजारों कारीगर परिवारों की आय भी मजबूत होगी। मुरादाबाद का उद्योग वैश्विक बाजार में और अधिक प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करेगा। **– नवेद उर रहमान**, अध्यक्ष, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए)



इससे स्थानीय उत्पादों के निर्यातकों को काफी राहत मिलेगी। आयरन, स्टील और एल्यूमीनियम आदि पर यदि स्पष्टता हो जाए तो जिले का उद्योग काफी आगे बढ़ेगा। जैसे वुड टिंबर लिखा है लेकिन हम आइटम बेचते हैं इस पर हम बच जाएंगे। लेकिन अन्य उत्पादों पर स्पष्टता आने के बाद इंडस्ट्री काफी मजबूत होगी। इसके लिए सरकार का आभार जताते हैं। **– अंशुल अग्रवाल**, वाइस प्रेसीडेंट, मेरठ संभाग, लघु उद्योग भारती



अमेरिका द्वारा पेनल्टी टैरिफ रिफंड होने से बायर्स से अटकी बातचीत फिर से शुरू हो गई है। इससे मुरादाबाद सहित भारत के निर्यात को ऊंचाई मिलेगी। आगामी फेयर में इसका सकारात्मक रिस्पांस देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में स्थानीय निर्यातकों व कारोबार से जुड़े लोगों को काफी आसानी हो जाएगी, निर्यात भी बढ़ेगा। **– विशाल अग्रवाल**, नेशनल चेयरमैन यस

### कैसे मिलेगा लाभ

- अमेरिकी आयातकों को मिलने वाला रिफंड भारतीय निर्यातकों के साथ साझा किया जाएगा।
- जिले के धातु-हस्तशिल्प, होम डेकोर, किचनवेयर और गिफ्टिंग उत्पादों की अमेरिकी मांग में वृद्धि की उम्मीद।
- टैरिफ 50% से घटकर 18% होने से मुरादाबाद के उत्पाद अब अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उपलब्ध होंगे।
- निर्यातकों की नकदी प्रवाह में सुधार होगा, जिससे उत्पादन और रोजगार दोनों बढ़ेंगे।
- कारीगरों को अधिक ऑर्डर और बेहतर भुगतान मिलने की संभावना–

# गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करें निर्माण

### डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में 50 लाख रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते डीएम अनुज सिंह व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कार्यदायीं संस्थाओं को निर्देश दिया कि जिले में जो भी निर्माण परियोजनाएं चल रही हैं उन पर आने-जाने का रास्ता होना सुनिश्चित करें। साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान रखकर निर्धारित समय में कार्य पूरा कर हैंडओवर कराएं।

कार्यदायीं संस्था यूपीसीएनडीएस द्वारा राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा के सुदृढ़ीकरण में प्रगति धीमी होने पर नाराजगी जताई। समय से काम पूरा कराने का निर्देश दिया। राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा ग्राम पंचायत रतनपुर कलां में स्टेडियम ओपन जिम निर्माण व बिलारी में गन्ना किसान संस्थान का कार्य समय से पूरा कराने को कहा। सीएनडीएस द्वारा मूंढापांडे में आईटीआई निर्माण व फर्नीचर उपकरण और बिलारी में प्रशासनिक भवन, कन्वेंशन सेंटर एवं मैरिज हॉल निर्माण तथा नगर पंचायत महमूदपुर माफी में पंचायत घर में पुस्तकालय शूट सेंटर समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। राज्य सेतु निगम द्वारा पंडित नगला बाईपास पर रेलवे क्रॉसिंग ऊपरीगामी सेतु के निर्माण की भौतिक प्रगति 73.88 प्रतिशत होने पर नाराजगी जताई।

बैठक में जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, परियोजना अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोनिवि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी और अन्य विभागों के अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### बा स्कूल में छात्रावास भवन निर्माण की प्रगति लक्ष्य अनुरूप न मिलने पर जताई नाराजगी

ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप न होने पर नाराजगी जताकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उ.प्र. जल निगम ग्रामीण द्वारा रुस्तमनगर सहसपुर में सोलर पैनल एवं मिट्टी भराव का कार्य कैंपस में शेष रहने और राजकीय निर्माण निगम को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

## एनएसएस शिविर का तीसरा दिन नशा मुक्ति को समर्पित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विशेष शिविर के तीसरा दिन नशा मुक्ति के रूप में मनाया गया। शुरुआत मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बागड़पुर हरि प्रकाश आर्य ने की। मुख्य अतिथि ने फैली विभिन्न कुरीतियों में से नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला और नशा मुक्ति के लिए आवश्यक उपायों और जन जागरूकता के प्रयासों की जानकारी दी।

स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत मनोहरपुर में लोगों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने के लिए जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी योगेन्द्र सिंह, विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश, प्रधानाचार्य कपिल देव, सोनू कुमार, नीलू कुमार, ग्राम प्रधान प्रेम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे।

जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में एनएसएस शिविर का तीसरा दिन योग एवं संस्कृति को समर्पित रहा।

# निलंबन के बाद सचिव व वीडीओ विधायक से मिले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना में फर्जीवाड़े के चलते किए गए हैं निलंबित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह प्रोत्साहन योजना में फर्जीवाड़े के चलते निलंबित ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी निलंबन के बाद लामबंदी कर रहे हैं। निलंबित सचिव और ग्राम विकास अधिकारी कार्रवाई के बाद कुंदरकी विधायक से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। वहां ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे से मिले और कार्रवाई को गलत बताया। कहा कि उन्होंने किसी अपात्र का फार्म सत्यापन नहीं किया है।

समारोह में 35 जोड़ों के अपात्र पाए जाने पर डीएम ने निलंबन करते हुए विभागीय कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा है। गड़बड़ी के आरोप में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धनेंद्र सिंह, मोहन सिंह रावत, शादाब अली, इंतजार हुसैन, रजत पुष्कर और रवि कुमार को निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार तथा पहले से मुख्यालय से संबद्ध एडीओ समाज कल्याण प्रशांत सिंह का वेतन रोका गया है। दोनों के विरुद्ध विभागीय जांच होगी। हालांकि ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम विकास अधिकारी खुद को बेकसूर बता रहे हैं। इसको लेकर वह सोमवार को विधायक रामवीर सिंह से मिलने मूंढापांडे स्थित उनके कार्यालय पहुंचे लेकिन विधानसभा सत्र के चलते विधायक नहीं मिले, कार्यालय में मौजूद मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख नवदीप से मिलकर बात रखी। कहा उपहार सामग्री अधिकृत कंपनी ने समय से नहीं दिया और कार्यक्रम स्थल पर नौ दिसंबर को संबंधित ब्लॉक पर सामग्री बांटने की घोषणा करने के बाद भी कंपनी द्वारा सामग्री ब्लॉक पर नहीं पहुंचाई गई। इसके साथ ग्राम सचिवों और ग्राम विकास अधिकारी अपात्र मिले, फार्मों की दोबारा खुद जांच करने की मांग की है। कार्रवाई को गलत बताते हुए इसे रोकने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# क्लाउड प्रौद्योगिकी से वैश्विक उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



क्लाउड में उड़ान पर सेमिनार में बोलते प्रीतीश आनंद।

- टीएमयू में क्लाउड में उड़ान पर सेमिनार आयोजित

**अमृत विचार :** टीएमयू के सीसीएसआईटी में क्लाउड में उड़ानः क्लाउड टेक्नोलॉजी स्वर्णिम करियर पथ विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता संयुक्त अरब अमीरात के सूडो कंसल्टेंट्स कंपनी के क्लाउड एक्सपर्ट प्रीतीश आनंद रहे। उन्होंने क्लाउड संगणना की मूल अवधारणाओं, विभिन्न प्रकारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगोंस सार्वजनिक, निजी और संकर क्लाउड सरीखे मॉडलों की जानकारी दी। उन्होंने नेटफ्लिक्स, स्विगी, जमैटो जैसी कंपनियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समझाया कि किस प्रकार ये संस्थान क्लाउड प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सेवाओं को अधिक सुरक्षित, तीव्र एवं विश्वसनीय बना रहे हैं।

इससे पहले मुख्य वक्ता प्रीतीश आनंद, सीसीएसआईटी के प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, सीसीएसआईटी के एडिशनल एचओडी एवं सेमिनार कोऑर्डिनेटर डॉ. रूपल गुप्ता आदि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सेमिनार का आरंभ किया। क्लाउड एक्सपर्ट प्रीतीश आनंद ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में क्लाउड प्रौद्योगिकी सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन समेत कई क्षेत्रों में परिवर्तन ला रही है। प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने क्लाउड प्रौद्योगिकी, वेबसाइट तैनाती, प्रमाणन, रोजगार अवसरों एवं तकनीकी नवाचार से संबंधित प्रश्न पूछे।

## सड़क सुरक्षा व जीरो फैटेलिटी पर शिविर आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत चिवार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाइयों द्वारा सोमवार को सड़क सुरक्षा एवं जीरो फैटेलिटी विषय पर तृतीय एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को राहवीर व कैशलेस उपचार योजना की जानकारी दी।

प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी हैं। यातायात नियमों की अनदेखी और थोड़ी सी लापरवाही के कारण अनेक बहुमूल्य जीवन असमय समाप्त हो जाते हैं। मुख्य अनुशासिका प्रो. किरण साहू ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें शारफा ने प्रथम, अतूफा ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो. सुधा सिंह एवं डॉ. प्रीति पांडे रहीं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता अग्रवाल ने किया।

# हर-घर जल की हकीकत: तीन साल बाद भी जलापूर्ति नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



साहू नगला में टंकी के लिए खुदा पड़ा बोरिंग का गड्ढा। ● अमृत विचार



गोट गांव में निर्माणाधीन टंकी।

- गोट में 281.78 लाख की लागत से 2023 में हुआ था निर्माण

**अमृत विचार :** हर घर जल-जल जीवन मिशन, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे) व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की योजना जिले में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रही है। तीन वर्षों में कई गांवों में टंकी का निर्माण अधूरा है या निर्माण के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है।

योजना के अंतर्गत जिले की 647 ग्राम पंचायतों में 2024 तक 440 ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण पूरा किया जाना था, लेकिन कई स्थानों पर आज तक जमीन उपलब्ध नहीं हुई, कहीं केवल बोरिंग कर छोड़ दिया गया, तो कई गांवों में टंकियों के बनने के बाद भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई।

सदर ब्लॉक के गोट गांव में 6 जनवरी 2023 को टंकी का निर्माण शुरू हुआ था। उस समय इससे लाभान्वित होने वाली आबादी 7,990 थी, जो अब बढ़कर लगभग 10,000 हो चुकी है। करीब 281.78 लाख रुपये की लागत से बनी यह पानी की टंकी निर्धारित समय से दो वर्ष बाद भी चालू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन जगह-जगह से फट चुकी है। खुदाई से सड़कें भी खराब हो गई हैं, लेकिन अब तक एक बूंद पानी नसीब नहीं हुई। ग्राम पंचायत सचिव सुशील यादव ने बताया कि टंकी निर्माण के दौरान हुई खोदाई से गांव की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जबकि जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं हो पाई है। पंचायत सचिव अभिरूप टंडन ने बताया कि चक बेगमपुर और ठीकरी गांवों में पानी की टंकी होने के बावजूद कुछ घंटों के लिए भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाती। पंचायत सचिव महेंद्र सिंह ने बताया कि लदावली गांव में पानी की टंकी के लिए चिन्हित भूमि पर केवल बोरिंग का गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है।

### पांच प्रतिशत भी टंकियां चालू नहीं

एडीओ पंचायत इरफान मलिक ने बताया कि हर घर जल योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत आती है, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को की थी। इसका उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। यह योजना राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम का पुनर्गठन है, जिसमें जल संरक्षण और जल प्रबंधन भी शामिल है। उन्होंने स्वीकार किया कि जिले में पांच प्रतिशत पानी की टंकियां भी पूरी तरह से चालू नहीं हुई हैं।

**निगम के किराए में रार** | अप्रैल से 434 की जगह 400 रुपये प्रति स्क्वायर वर्ग मीटर प्रति महीना लिया जाएगा

# किराया घटाने के प्रस्ताव पर भी व्यापारी एकमत नहीं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कैंप कार्यालय पर व्यापारियों के साथ वार्ता करते महापौर विनोद अग्रवाल।

- अधिकांश व्यापारियों ने रियायतों का स्वागत किया, कुछ ने मानने से किया इनकार

**अमृत विचार :** नगर निगम के 488 दुकानों पर बढ़े किराए की रॉर समाप्त करने के लिए दूसरे दिन सोमवार को भी व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने निगम की दुकानों के किराएदार व्यापारियों के साथ पीलीकोठी स्थित महापौर के शिविर कार्यालय पर बैठक हुई। बाद में कुछ व्यापारी नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से भी मिले। उनके द्वारा किराए की दरों को किराए की दरों को 434 की जगह राउंड फीगर कर 400 रुपये प्रति स्क्वायर वर्ग मीटर प्रति महीना लेने की सहमति पर कुछ व्यापारियों ने रजामंदी जताई।

व्यापारियों ने पहले महापौर विनोद अग्रवाल व अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त निशा मिश्रा के साथ पीलीकोठी स्थित महापौर के शिविर कार्यालय में वार्ता की। इसमें महापौर ने छूट 18 प्रतिशत और करने की बात कही। वहीं वीरेंद्र अरोड़ा, पार्षद देशरत्न कत्याल व कई अन्य व्यापारियों ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से उनके शिविर कार्यालय में मुलाकात की। व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने पहले निगम द्वारा तय किए किराए 434 रुपये प्रति स्कवायर वर्गमीटर प्रति महीना की जगह अप्रैल 2025 से राउंड फीगर में 400 रुपये प्रति स्कवायर वर्गमीटर प्रति महीना करने का भरोसा दिया। इसके बाद व्यापारियों की ओर से अपना विरोध समाप्त करते हुए दुकानों को खोलने की सर्वसम्मति से निर्णय लिया। हालांकि कुछ पदाधिकारियों व व्यापारियों ने इसे भी मानने से इनकार कर दिया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के महामंत्री नितिन राज ने कहा कि यह मान्य नहीं है।

नगर आयुक्त ने बताया कि बैठक में पहले महापौर ने और उसके बाद उन्होंने रियायत देने की बात कही। किराए की दरों को भी 400 रुपये प्रति स्क्वायर वर्गमीटर प्रति महीने करने का निर्णय लिया। जिसके बाद व्यापारियों ने इस पर सहमति व्यक्त की।

पार्षद देशरत्न कत्याल ने कहा कि आम सहमति से जो समझौता हुआ वह व्यापारियों को मान्य है। अधिकांश व्यापारियों ने दुकानें शाम को खोल दी गईं।

## कुष्ठ रोग: विद्यार्थी दे सकते हैं जागरुकता में महत्वपूर्ण योगदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्पर्श कुछ जागरुकता अभियान के क्रम में सोमवार को आईएफटीएम विवि के फार्मेसी संकाय द्वारा कुष्ठ निवारण विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा ने कुष्ठ रोग जागरुकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को स्पर्श कुष्ठ रोग जागरुकता अभियान के रूप में मनाया जाता है। भारत को कुष्ठ रोग से मुक्त करने में विद्यार्थी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत का रोग नहीं है यह सूक्ष्म जीवाणुओं के कारण होता है। विद्यार्थियों के प्रश्नों का जवाब भी उन्होंने दिया। बताया कि शरीर पर चेहरे पर भाए के ऊपर सूजन, कान पर गांठ, हाथ पैर में सूखापन दिखने पर जांच कराएं।

# कलश यात्रा निकालकर मनाया श्री राम दरबार का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



शोभायात्रा का आरंभ करतीं अल्पना रितेश गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

- श्री मनोकामना हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन के बाद हुआ भंडारा

**अमृत विचार :** श्री मनोकामना हनुमान मंदिर इंपीरियल तिराहा में सोमवार को धूमधाम से श्री राम दरबार का स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर परिसर को सजा कर भजन कीर्तन किया गया। गुलजारी मल धर्मशाला जीएमडी रोड से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसका आरंभ अल्पना रितेश गुप्ता ने किया। अंत में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए और पूरे रास्ते जय श्रीराम का जयघोष होता रहा। महिलाएं सिर पर कलश लेकर भगवान श्री राम के भजन कीर्तन और ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य करते चलती रहीं। भगवान राम दरबार एवं मां लक्ष्मी के रूप में सजे बच्चों ने मन मोह लिया। दुकानदारों ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समापन इंपीरियल स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में हुआ। इसके बाद मंदिर में महिला मंडल द्वारा भव्य कीर्तन किया गया। अंत में भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, वेदबाला गुप्ता रहीं। विशेष सहयोग व संचालन वार्ड 47 के पार्षद डॉ. गौरव श्रीवास्तव और दीप्ति श्रीवास्तव ने किया। आयोजन में पंडित ओमप्रकाश, मुकेश यादव, अनिल ढल, महेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश सागर, जय प्रकाश, ललित चंद्रा, प्रसून माथुर, बब्बू सैनी, कौशल सिंह, वंश, राहुल आदि ने सहयोग किया।

इस दौरान सलोनी, बकुल, मनी, दिव्या, निर्पेंद्र कुमार के अलावा शिव मंदिर सागर सराय की महिला मंडल व सागर सराय क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### कांठ में आज दो बजे तक बाधित रहेगी विद्युत

**कांठ, अमृत विचार :** उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज कांठ स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर पावर ट्रांसफार्मरों के मध्य फायरवॉल निर्माण का कार्य किया जाएगा। कार्य के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान उपकेंद्र से जुड़े सभी 11 केवी पोषकों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी, जिससे उपकेंद्र से पोषित सभी उपभोक्ताओं एवं किसान बंधुओं को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

### शिव सेवा समिति लगाएगी सेवा शिविर

**कांठ, अमृत विचार :** शिव सेवा समिति द्वारा कांवड़ियों की सेवा एवं सहायता के लिए 10 से 14 फरवरी तक जूनियर हाईस्कूल कांठ के ग्राउंड में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 15 को महाशिवरात्रि का महापर्व नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए कांवड़िया गंगाजल लेकर गुजरते हैं। यहां जलपान भोजन के साथ–साथ रात्रि विश्राम और दवाइयां का भी प्रबंध किया जाता है ताकि किसी कांवरिया श्रद्धालु को कोई परेशानी न उठानी पड़े। शिविर के संचालन में सुबोध चौधरी आलोक वर्मा पुष्पराज विश्नोई देवेंद्र कुमार आदि सहित आयोजन करता तैयारी में लग गए हैं।

### दो पक्षों में विवाद, एक युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा करीम निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह का गांव की ही पूनम पत्नी विजयपाल से शिकायत देने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जितेंद्र गुस्से में आ गया और विजयपाल से झगड़ने लगा। इससे गांव में माहौल खराब होने की संभावना बन गई। हालात को देखते हुए पुलिस ने जितेंद्र सिंह को शांतिभंग की आशंका में हिरासत में लेकर एसडीएम कोर्ट भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई तेजपाल सिंह और कांस्टेबल गोपाल शामिल रहे।

### चोरी के मामले में दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना छजलैट के ग्राम रमपुरा निवासी सुधीर कुमार पुत्र विक्रम सिंह 1 फरवरी को घर से कहीं गए हुए थे। उस समय करीब 10 :00 बजे उनके घर में चोरी हो गई। चोर घर में रखे 6000 नकद, सोने–चांदी के आभूषण, अंगूठी, पाजेब, चुरा कर ले गए। इस संबंध में सुधीर कुमार ने नितिन एवं उनकी पत्नी दीक्षा ग्राम खानपुर के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

### छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**कांठ, अमृत विचार :** सोमवार को राजकीय महाविद्यालय कांठ में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरुकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर नजाकत हुसैन के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रविन्द्र कुमार सरोनिया, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. कामरान आलम खान, डॉ. संदीप कुमार गुप्ता तथा डॉ. नौमी प्रिया ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक राजकुमार उपस्थित रहे।

# थाने में बैठक से लौट रहे चौकीदार की हादसे में मौत

## ईंट भट्टे के पास तेज रफ्तार वाहन ने मारी साइकिल को टक्कर

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम थाने में आयोजित मासिक बैठक में शामिल होकर घर लौट रहे चौकीदार को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया। गंभीर हालत में मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।


मृतक साबिर।

गांव हाथीपुर चित्तू निवासी साबिर (60) पुत्र बत्तू शाह गांव के चौकीदार थे। रविवार को वह कुंदरकी थाने में आयोजित मासिक बैठक में शामिल होने गए थे। बैठक समाप्त होने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही देर शाम वह कुंदरकी बाईपास स्थित एक ईंट भट्ठे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल सीएचसी कुंदरकी ले जाया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर किया, जहां से उन्हें मेरठ भेज दिया गया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही साबिर ने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। मृतक अपने पीछे चार पुत्र जाकिर, नासिर, नाजिम और शाकिर व एक बेटी को बिलखता छोड़ गए हैं। घर में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकार अशोक कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


रोती बिलखतीं परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### ईंट भट्ठे पर चल रहे वाहन से हादसे का आरोप

बड़े बेटे जाकिर ने बताया कि हादसा ईंट भट्ठे पर चल रहे वाहन से हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सोमवार सुबह भट्ठा मालिक उनके घर पहुंचा और कानूनी कार्रवाई न करने की गुहार लगाने लगा। परिजनों ने फिलहाल किसी भी तरह की कार्रवाई से इनकार किया है।

### डंपर की चपेट में आए व्यवसायी की जान गई

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक व्यापारी की रविवार देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाईवे पर जाम लग गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर मिलक निवासी व मूल रूप से जनपद शाहजहांपुर के हरदब चौकी क्षेत्र निवासी कपिल कुमार सक्सेना (40) पत्नी संगीता सक्सेना, दो बेटियों माही व डोली के साथ उत्तराखंड के काशीपुर के समीप हिम्मतपुर में किराए के मकान में रहते थे। उन्होंने भोजपुर में भांजे आंसू सक्सेना की देखरेख में सोलर पैनल व तराजू बिक्री का व्यवसाय शुरू किया था। रविवार की शाम करीब चार माह बाद कपिल परिवार से मिलने जा रहे थे। रात करीब 9 :30 बजे जब वह काशीपुर के हिम्मतपुर क्षेत्र में केवीएस फैक्ट्री के सामने पहुंचे, तो बच्चों के लिए सड़क किनारे खड़े ठेले से मोमोज खरीदने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर उन्हें कुचलते हुए निकल गया। हादसे में कपिल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव शाहजहांपुर ले गए हैं।

### बंधक बनाकर नकदी छीनी, कोर्ट के आदेश पर चार के खिलाफ केस

**भगतपुर, अमृत विचारः** उत्तराखंड के ग्राम फसियापुरा निवासी व्यक्ति ने चार लोगों पर बंधक बनाकर नकदी छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर थाना भगतपुर में चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

जगजीत सिंह निवासी फसियापुरा के अनुसार उसने भूमि का इकरारनामा शराफत हुसैन, अशरफ अली निवासी खजुरिया (रामपुर) तथा फईम निवासी सिविल लाइन (बिजनौर) के साथ किया था। चार दिसंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे आरोपियों ने उसे फोन कर भगतपुर क्षेत्र के नेपा फैक्ट्री के पास बुलाया। वहां आरोपी एक अन्य व्यक्ति के साथ कार से पहुंचे और रुपये देने के बहाने उसे कार की पिछली सीट पर बैठा लिया। रकम लौटाने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी व उसे जंगल की ओर ले गए। रास्ते में उसकी जेब में रखी नकदी निकाल ली। सुनसान स्थान पर उसे पेड़ से बांध दिया गया और घर से दो लाख रुपये मंगाने को कहा गया। मना करने पर उसे पीटा गया। डर के कारण उसने घर से एक लाख रुपये मंगवाकर आरोपियों को दे दिए।

## खेती को बचाना है तो संगठन को मजबूत करना होगा


बैठक में उपस्थित भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, कांठ

● ब्लॉक छजलैट में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक सोमवार को ब्लॉक छजलैट में आयोजित की गई। जानकारी दी गई कि दिनांक 21 फरवरी को राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सैदपुर गांव में 12:00 बजे एक महासभा को संबोधित करेंगे। यह स्थान बिजनौर, अमरोहा एवं मुरादाबाद जिलों की सीमा पर स्थित है।

कार्यकर्ताओं से निवेदन किया गया कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। वक्ताओं ने कहा कि यदि खेती को बचाना है तो संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक में भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह चौधरी, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल उर्फ अंगद चौधरी, तहसील अध्यक्ष दर्शन बिश्नोई, ब्लॉक उपाध्यक्ष नेपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हरदीप बिश्नोई, ऋषभ चौधरी, वरुण चौधरी, नागेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार उर्फ गोलू, तहसील प्रभारी सियाराम बिश्नोई, नगर अध्यक्ष कांठ अरविंद बिश्नोई उर्फ जोनी, तहसील उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, परविंदर सिंह बंटी ढाका, पीयूष चौधरी, सतवीर सिंह मान, राम अवतार सिंह, रामपाल सिंह, जिला सचिव रामकला सहित कई लोग उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अनिल उर्फ अंगद चौधरी के नेतृत्व में किया गया। पंचायत की अध्यक्षता जवर सिंह भगत ने व संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह ने किया।

## बजट ऐतिहासिक, हर वर्ग का होगा विकास

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● व्यापारी संवाद कार्यक्रम में बोले दिनेश शारदा अग्रवाल

**अमृत विचार :** भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश शारदा अग्रवाल ने सोमवार को तिकोनिया पर आयोजित व्यापारी–संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। कहा कि वर्ष 2026-27 का बजट ऐतिहासिक है, जो युवाओं, कुटीर व लघु उद्योगों, एसएमई, किसानों, व्यापारियों, गरीबों और आम जनता को राहत देने वाला है। उन्होंने कहा कि इस बजट में स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश पर विशेष जोर दिया गया है तथा यह बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा व्यापारियों के सम्मान और संरक्षण की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम है।

वर्तमान में 18 करोड़ से अधिक लोग मुद्रा योजना का लाभ उठा रहे हैं। पूर्व सरकारों के समय जहां लगभग दो हजार स्टार्टअप थे, वहीं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इनकी संख्या बढ़कर दो लाख तक पहुंच गई है।



व्यापारियों को संबोधित करते भाजपा के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश शारदा अग्रवाल।

### सपा के दौर में होती थी अवैध वसूली, अपहरण

उन्होंने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उस दौर में व्यापारियों के साथ अवैध वसूली, अपहरण और अभद्र व्यवहार की घटनाएं आम थीं, जबकि वर्तमान में व्यापारी सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रहा है। भाजपा सरकार ने 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना को बढ़ावा दिया, प्रदेश को तीन एम्स मिले, विद्युत व्यवस्था में सुधार हुआ और व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया। प्रदेश अब दंगा, कर्फ्यू, अपराधी और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है ऑपरेशन सिंदूर में उपयोग की गई ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण भी प्रदेश में किया जा रहा है।

## प्राचार्य के माफी मांगने के बाद माना सिख समाज

संवाददाता, कांठ

● छात्र को कृपाण के साथ कॉलेज में प्रवेश करने से रोकने का मामला

**अमृत विचार :** डीएसएम डिग्री कॉलेज में छात्र को कृपाण के साथ प्रवेश नहीं करने देने पर कई जनपदों का एक प्रतिनिधि मंडल मंडलायुक्त एवं गुरु जंभेश्वर विवि के कुलपति से मिलकर प्रोफेसर एवं प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। सोमवार को गुरुद्वारे में प्रिंसिपल द्वारा सिख समाज के समक्ष माफी मांगने से दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

डीएसएम डिग्री कॉलेज में अमृत धारी सिख छात्र जपन सिंह पुत्र अमरीक सिंह को 27 जनवरी को कृपाण उतार कर परीक्षा दिलाई गई थी। 4 फरवरी को प्रो. डॉ. सौरभ जिंदल ने यह कहते हुए छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया था कि प्राचार्य साहब ने कृपाण के साथ परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी है। इसके बाद सिख समाज ने अधिकारियों से प्रोफेसर एवं प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी।

सोमवार को स्थानीय गुरुद्वारा कमेटी, मुरादाबाद गुरुद्वारे के प्रधान सरदार जसप्रीत सिंह एवं बाबा दीप सिंह गतका दल अमरोहा के नेतृत्व में सिख समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त एवं गुरु जंभेश्वर विवि के कुलपति सचिन माहेश्वरी से मिला और प्रकरण से अवगत कराया। कुलपति ने प्राचार्य को तलब कर दोनों पक्षों से पूछताछ की। प्रतिनिधि मंडल ने लैब इंचार्ज हरिओम सिंह एवं डॉ शिवराम पर लगाए गए आरोप निराधार बताया।

इसके उपरांत सिख समाज गुरुद्वारा कांठ में एकत्रित हुआ। जहां कॉलेज के प्रबंधक कुंवर सुरेंद्र सिंह एवं सिख समाज के समक्ष प्राचार्य डॉ. सोमपाल सिंह ने लिखित एवं मौखिक माफी मांगी। गुरुद्वारे के प्रधान ने बताया कि छात्र की परीक्षा दोबारा कराने के साथ लैब इंचार्ज हरिओम सिंह एवं प्रोफेसर शिवराम को निर्दोष करार दिया गया है।

इस मौके पर गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, सरदार अमरजीत सिंह उर्फ प्रिंस, हनी गांधी, भूपेंद्र सिंह उर्फ रम्मी गांधी, ताजेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, सिमरन सिंह, नवलजीत सिंह, हरप्रीत सिंह आदि सिख समाज के सम्मानित लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।


गुरुद्वारा कांठ में क्षमा मांगते प्रिंसिपल। ● अमृत विचार

## ईंटभट्ठा एसोसिएशन ने लगाया वसूली का आरोप, सौंपा ज्ञापन


एसडीएम विनय सिंह को ज्ञापन सौंपते ईंट भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** ईंट भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारी सोमवार को तहसील पहुंचे। कुछ लोगों पर वसूली का आरोप लगाते हुए एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा।

ईंट भट्ठा कारोबारियों ने शिकायत देकर कहा कि वह खनन शुल्क रॉयल्टी जमा कर अनुज्ञा पत्र पर जमीन की गाटा संख्या डलवाकर कच्ची ईंट बनाने के लिए मिट्टी खुदाई का कार्य व परिवहन करते हैं। उनके साथी मो. आरिफ शिवा ब्रिक फील्ड ने फतेहपुर नत्था के किसान हरिकिशन पुत्र हरज्ञान के गाटा संख्या 377 से मिट्टी खरीद कर मिट्टी खुदाई का कार्य प्रारंभ किया। जिस पर खालिद, अब्दुल वारिस निवासी मो. इब्राहिमपुर व साथी ईंट भट्टे पर जाने वाली मिट्टी को रोककर दबंगई दिखाते हैं। मिट्टी खुदाई के दौरान पैसा वसूल करते हैं। कहा कि ऐसी स्थिति में वह संचालन नहीं कर पाएंगे। इस दौरान एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अब्दुल वाजिद, संदीप चौधरी, मोहम्मद आरिफ, नसीम अहमद, शाहिद हुसैन, अर्जुन सिरोही, मोहम्मद फारूक आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भारतीय किसान संघ ने मांगों को लेकर तहसील पर दिया धरना, एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने मांगों को लेकर तहसील पर धरना प्रदर्शन किया बाद में डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को सौंपा। सोमवार को कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क में इकट्ठा हुए और उसके बाद तहसील परिसर में सांकेतिक धरना देकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि चंदौरा सहित कई अन्य गांवों में किसानों के 16 टूयूवेल समेत लाखों रुपये का सामान चोरी हुआ, लेकिन अभी तक खुलासा नहीं हो पाया। मोहम्मद इब्राहीमपुर में श्मसान घाट पर जाने का रास्ता नही है। प्रांत प्रचार प्रमुख तेजभान सिंह राघव ने किसानों की अनेक समस्याएं उठाईं। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने जांच का आश्वासन दिया। इस दौरान अमन सक्सेना, ऋषिपाल सिंह हेमचंद सिंह, पवन कोहली, राम अवतार सिंह, सर्वेश शर्मा, मनोहर सिंह, सतनाम सिंह, मुलायम सिंह, राजबहादुर, राजेश राघव, कमल प्रजापति, हरज्ञान सिंह, वीरपाल सिंह, ओमवीर सिंह, बृजपाल सिंह, डम्बर सिंह, राजपाल सिंह यादव, विजयपाल सिंह आदि बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन देते प्रांत प्रचार प्रमुख तेजभान सिंह व अन्य पदाधिकारी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### सूचना

पूर्व में मैंने अपनी पुत्री का नाम पंखुड़ी गुप्ता रखा था, अब मैंने पुत्री का नाम पंखुड़ी गुप्ता के स्थान पर प्रज्ञा गुप्ता रख दिया है। भविष्य में मेरी पुत्री को प्रज्ञा गुप्ता पुत्री कविता गुप्ता एवं रितेश कुमार, निवासी दीनदयाल नगर फेस 1-BS 17/18 मुरादाबाद के नाम से जाना पहचाना जाए।

### सूचना

पहले मेरा नाम IFTEKHAR ALI था जो कि अब बदलकर IFTIKHAR ALI S/o INTEZAR HUSAIN R/o LAJPAT NAGAR MORADABAD कर लिया है। भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## कार्यालय नगर पंचायत उझारी-अमरोहा

पत्रांक : 229/न.पं.उ./2026 दिनांक : 09.02.2026

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से समस्त शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी में राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत उझारी में निर्माण कार्यो हेतु ई–निविदायें दिनांक 09.02.2026 को सायं 06 बजे से दिनांक 20.02.2026 को दोपहर 12 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 20.02.2026 को ही अपरान्ह 03:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदाओं के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज दिनांक 20.02.2026 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उझारी में निहित है, तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | meemo/npu/2026 |
| Publish date and Time | 09.02.2026 06:00 PM |
| Last date and time for submission of E-bids | 20.02.2026 12:00 PM |
| Date and time of opening on On line Technical E-Bids | 20.02.2026 03:00 PM |
| Date and time of opening of On line Technical E-Bids | Will be intimated after Technical E-Bid evaluation |
| Place of opening of E-Bids | E.O. Office Nagar Panchayat Ujhari (Amroha) |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उझारी, अमरोहा
अध्यक्ष, नगर पंचायत उझारी, अमरोहा

### आज गंगाजल लेने जाएंगे कांवड़ बेड़े

**कांठ, अमृत विचारः** नगर के प्रमुख कांवड़ बेड़ों ने हरिद्वार प्रस्थान की तैयारी पूर्ण कर ली है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा निकालकर मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा।

नगर के प्रमुख श्री तिलकधारी कांवड़ बेड़ा, शिव शक्ति कांवर बेड़ा, भंगड़ी कांवर बेड़ा, विश्नोई कांवड़ बेड़ा, त्रिशूलधारी, बम बटक, त्रिनेत्र, शिव डमरु कांवर बेड़ा और श्री संत शिरोमणि गुरु रविदास कांवर बेड़ा आदि ने हरिद्वार से गंगाजल भरकर लाने के लिए आज 10 को नगर से हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से 12 को पदयात्रा शुरू करेंगे। 15 को सभी संयुक्त रुप से विशाल शोभायात्रा निकाल कर अपने-अपने मंदिरों में देर शाम भगवान शिव का पूजन कर जलाभिषेक करेंगे।


## न्यूज डायरी



### गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्राओं ने बनाएं स्वादिष्ट व्यंजन

**कांठ, अमृत विचार :** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को गृह विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में एवीएम इंटर कॉलेज बरेली से आईं परीक्षक कुमारी प्रियंका ने मूल्यांकन किया। परीक्षक द्वारा छात्राओं से गृह विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजन बनाएं। प्रधानाचार्या डॉ. अंजना शर्मा ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसी क्रम में प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया, जिससे छात्राओं को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और सकारात्मक सोच अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव मिले। आयोजन में गृह विज्ञान शिक्षिकाएं नीरज यादव, सीमा सहित समस्त शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा।

### नाला निर्माण बना मुसीबत, नगर पालिका के सामने लगा जाम



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका के सामने चल रहा नाला निर्माण कार्य इन दिनों आमजन के लिए भारी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति के चलते लोगों को गंदे पानी व जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसे लेकर पूर्व सभासद राजेंद्र पांडेय ने नगर पालिका प्रशासन से कार्य में तेजी लाने की मांग की है। पूर्व सभासद का आरोप है कि लगभग एक सप्ताह से नाला निर्माण कार्य जारी है, लेकिन कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। इसके चलते नगर पालिका से लेकर कोतवाली गेट तक तथा सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मार्ग पर दूषित जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गंदा पानी सड़क पर फैला होने से नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जलभराव व खुदाई के कारण अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके कारोबार पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। पूर्व सभासद राजेंद्र पांडेय एवं स्थानीय दुकानदारों ने कार्य जल्द पूरा कराने व पालिका से निर्माण स्थल पर वैकल्पिक मार्ग या जल निकासी की अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की

### मरम्मत के दो दिन बाद ही उखड़ी वीर अब्दुल हमीद सड़क



**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत के नोटिस के बाद ठेकेदार द्वारा शनिवार को कराई गई वीर अब्दुल हमीद मार्ग की मरम्मत महज दो दिन में ही उखड़ गई है। 2012 से 2017 के कार्यकाल में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष के समय इस सड़क का निर्माण कराया गया था। भारी डंपरों और किसानों के बड़े वाहनों के आवागमन के कारण सड़क काफी समय से जर्जर अवस्था में थी। छात्र–छात्राएं व राहगीर कई बार चोटिल हो चुके हैं, जबकि इसी मार्ग से तहसील के अधिकारियों का भी रोजाना आना–जाना रहता है। शनिवार को ठेकेदार द्वारा टूटी सड़क की मरम्मत कराई गई थी लेकिन बजरी डालकर किया गया कार्य दो दिन में ही उखड़ गया। सड़क पर फैली बजरी के कारण दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इससे पहले सड़क पर गड्ढे ही बेहतर थे। उन्होंने सड़क की दोबारा मरम्मत कराने की मांग की है। मांग करने वालों में नगर निवासी धर्मवीर सिंह, राजवीर सिंह, राजीव कुमार, अनिल कुमार, इंद्रजीत सिंह, देवेंद्र, राकेश, बॉबी, जितेंद्र सहित अन्य लोग शामिल हैं।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव



HOUSE OF HIMALAYAS

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता : हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।**

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP
ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

न्यूज ब्रीफ

## बैंक के बाहर से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बहांपुर गंगापुर निवासी वीरेंद्र कुमार ने तहरीर देकर बताया कि 7 फरवरी को वह निजी काम से कस्बे में आए थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर बाइक एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा के पास खड़ी की थी। जब काम निपटाकर वापस लौटे, तो उन्हें अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## चेकिंग के दौरान किया पांच वाहनों का चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले में अवैध उप-खनिज खनन, ओवरलोडिंग एवं अनधिकृत परिवहन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर रविवार रात जिले की सभी तहसीलों के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थलों पर कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित कर रात 8 बजे से प्रात: 7 बजे तक सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 1648 वाहनों की गहन जांच की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 5 के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

# मदरसा बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए 520 परीक्षार्थी, 109 अनुपस्थित

### प्रथम पाली में 89 और द्वितीय पाली में 20 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे, मजबूत रही सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सोमवार को दो परीक्षा केंद्रों पर हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा से 109 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 629 के सापेक्ष 520 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रथम पाली 89 जबकि, दूसरी पाली में 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर उड़ाका दलों ने छापामारी की। श्री हरि इंटर कॉलेज और जवाहर इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

श्री हरि इंटर कालेज में हुई पहली पाली की परीक्षा में 217 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 162 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 55 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 249 ने पंजीकरण कराया था। परीद्वज्ञा में 215 परीक्षार्थी शामिल हुए और 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में 466 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 377 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 89 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

दूसरी पाली की परीक्षा में श्री हरि इंटर कालेज में 89 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 73 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 74 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 70 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, अभिषेक कुमार और जाकिर अली ने पहुंचकर निरीक्षण किया।



श्री हरि इंटर कालेज परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण करते अधिकारी।



परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

> मदरसा बोर्ड परीक्षा दो केंद्रों पर शांतिपूर्वक संचालित हुई। मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष सोमवार को 520 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं।
> – **गौरव खड़ायत,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

## समस्याओं को लेकर मिलक एसडीएम को ज्ञापन दिया

**रामपुर, अमृत विचार:** भाकियू अराजनैतिक की पंचायत सोमवार को डाक बंगला मिलक में हुई। पंचायत के बाद जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी मिलक को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की समस्याओं पर जिले के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। लगातार खतौनी में नाम व अंश भाग को लेकर चल रही समस्याओं से किसान लगातार परेशान हैं। उपभोक्ताओं का बिजली का बिल लगातार बढ़ा-चढ़ाकर निकाला जा रहा है। जिसको लेकर किसान साथियों को विभिन्न समस्याएं आ रही है। इसी के साथ भारत सरकार की पहल जल जीवन मिशन योजना में लापरवाही हो रही है। इस मिशन के तहत ग्रामीण सड़कों खोद को दिया गया है, जिससे जनजीवन परेशान है। धान खरीद में धांधली बाजी की पूर्णतया जांच होनी चाहिए। इस मौके पर फूल सिंह गंगवार, महेश बाबू गंगवार, सुनील मौर्य, विजयपाल कैशप, कृष्णपाल, रामपाल पटेल, राजकुमार मौर्य, चौधरी राजपाल, रामदास, सहित अधिक संख्या में किसान मौजूद रहे।

## बिना तरबियत के दीन मुकम्मल नहीं होता



स्वार में दस्तार बंदी के बाद बैठे हाफिज। ● अमृत विचार

संवाददाता स्वार

**अमृत विचार:** नगर पंचायत नरपत नगर दूंदावाला स्थित मदरसा दारुल उलूम साबरिया मखदूम ए मिल्लत में सालाना उर्स ए जियाई आमानी व मखदूम ए मिल्लत कॉन्फ्रेंस अकीदत के साथ आयोजित की गई। इस अवसर पर जश्ने दस्तार ए हिफ्ज़ का भव्य कार्यक्रम भी हुआ। इसमें बड़ी संख्या में उलमा, सूफी संत, हुफ्फाज और अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कार्यक्रम में खुसूसी आमद सूफी प्रोफेसर फारूख मियां सरकार की रही। उन्होंने कहा कि मदरसे दीन के किले हैं, यहीं से दीन के सिपाही तैयार होते हैं जो दीन और दुनिया दोनों की खिदमत करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना तरबियत के दीन मुकम्मल नहीं होता। मशहूर शायर मोहम्मद शरिक फारूकी ने हुजूर की शान में नात पेश की। वहीं मौलाना आरफीन अजहरी दिल्लर्र हाफिज मोहम्मद आतिफ साबरी, हाफिज जाने आलम साबरी, हाफिज दिलशाद साबरी, हाफिज मोहम्मद अजीर साबरी, हाफिज मोहम्मद हसन साबरी और हाफिज जिया उल मुस्तफा साबरी सहित कई हुफ्फाज की विचार रखे। अंत में मोहतमिम कारी आमिल नसीम साबरी ने सभी का शुक्रिया अदा कर मुल्क की सलामती के लिए दुआ कराई।

# समय से पहले चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त उप्र द्वारा जिले के ग्रामों में चकबंदी कराने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत वर्तमान में कुल 27 गांव चकबंदी प्रक्रियाधीन हैं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में इन ग्रामों में से तहसील टांडा परगना, टांडा के ग्राम दर्शनपुर में 24 माह में तथा तहसील व परगना बिलासपुर के ग्राम सरवरनगर में 25 माह में चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई हैं।

चकबंदी नियमों के अनुसार किसी ग्राम की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 60 माह की अवधि निर्धारित है। जिलाधिकारी द्वारा समय से पूर्व प्रशंसनीय कार्य करने के लिए खेमकरन लाल, शंकर लाल सहायक चकबंदी अधिकारी, विनोद शर्मा, उर्वादत्त भट्ट चकबंदी व राहुल पाठक राजेश कुमार दिवाकर चकबन्दी लेखपालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय कुमार ने बताया कि चकबंदी टीम के अथक प्रयासों से इस कार्य में ग्रामीणों का सहयोग लेते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की गई है। जिसके लिए कृषकों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्य में कृषकों का सहयोग अत्यधिक सराहनीय रहा तथा इस ग्रामों में कार्यरत चकबंदी स्टाफ की भूमिका प्रशंसनीय रही तथा उन्होंने सभी कार्मिकों को विशेष प्रविष्टि प्रदान की गई। डीएम ने लेखपालों व चकबंदी अधिकारियों की सराहना की।



चकबंदी लेखपाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीएम। ● अमृत विचार

- डीएम ने चकबंदी अधिकारी व लेखपालों को किया सम्मानित
- इस कार्य के लिए सराहनीय रहा कृषकों का सहयोग

# लिंक रोड पर भूमि नियमों में बदलाव की मांग की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अधिवक्ताओं ने नियम 11 में बदलाव की मांग की

**अमृत विचार:** शहर में सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर अधिकारियों ने मंथन शुरू कर दिया है। सुझाव और आपत्तियों के बाद जिला प्रशासन रामपुर में नई मूल्यांकन सूची जारी करेगा। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने नगर से सटे और लिंक रोड पर आने वाले भूखंडों को लेकर नियम में बदलाव की मांग की है।

अधिवक्ताओं ने नियम 11 को खत्म कर पूर्व की भांति नियम लागू करने की मांग की है। अधिवक्ता राजकुमार ने बताया कि सामान्य निर्देश 11 में नगरीय क्षेत्र के आधीन आने वाले ग्रामों में लिंक रोड या आबादी के निकट स्थित भूमि का मूल्यांकन 1000 मीटर तक अकृषिक दर से किया जाता है। जिससे कि गरीब जनता व गरीब किसानों को भूमि खरीदने के लिए वास्तविक मूल्य से कई गुना ज्यादा का स्टांप शुल्क व रसीद देय होता है। जिससे कि लोग भूमि कय या विक्रय नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण जनता में रोष व्याप्त है एवं जनता परेशान है। इस नियम 11 को पूर्व की भांति किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने कई नियमों के बदलाव की मांग की है। लोग चाहकर भी अपनी क्षमता से ज्यादा स्टांप व सरकारी देय शुल्क ना देय के कारण भूमि क्रय या विक्रय नहीं कर पा रहे हैं। अधिवक्ताओं ने नियमों में बदलाव की मांग की है। इस दौरान एडवोकेट राजकुमार सक्सेना, एडवोकेट मो. आमिर, शावेज अली, विख्यात सक्सेना आदि रहे।

# वित्तीय साक्षरता जागरुकता रथ रवाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित बैंकिंग के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं क्रिसिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 9 से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह शुरू हुआ। इसको लेकर जागरूकता रथ का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र और अग्रणी जिला प्रबंधक शिवांग जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीडीओ ने कहा कि वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता आज समय की आवश्यकता बन चुकी है। केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम है। अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुरूप, नाबार्ड के सहयोग से क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों की चयनित ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को केवाईसी प्रक्रिया, बैंकिंग सेवायें, साइबर धोखाधड़ी से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में सहायक लीड बैंक जिला प्रबंधक विजय शंकर ने भी विभिन्न सेवाओं एवं उत्पादों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र सैदनगर के सेंटर मैनेजर अनस अकील, वित्तीय साक्षरता केंद्र मिलक की सेंटर मैनेजर रानी, ब्लॉक चमरौआ की फील्ड कोऑर्डिनेटर नीतू, ब्लॉक मिलक के फील्ड कोऑर्डिनेटर गुड्डू बाबू सागर, मिलक के डीईओ उज्ज्वल सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



जागरूकता रथ का शुभारंभ करते सीडीओ गुलाब चंद्र और एलडीएम शिवांग जोशी।

- केवाईसी सुरक्षित बैंकिंग के लिए महत्वपूर्ण : सीडीओ

# साइबर अपराध रोकने के लिए तकनीकी जारुकता जरूरी



पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ बैठे एसपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर

- पुलिस लाइन में एसपी ने कंप्यूटर आपरेटर्स के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने सोमवार को पुलिस लाइन में जिले के सभी थानों के कंप्यूटर आपरेटर्स के साथ बैठक कर साइबर अपराध पर बैठक की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिनकी रोकथाम के लिए तकनीकी रूप से सजग रहना बेहद जरूरी है। सफल विवेचना के लिए तकनीकी ज्ञान और सतत प्रशिक्षण भी जरूरी है। इसलिए 9 फरवरी से 13 फरवरी तक इंट्रोड्यूसिंग टू साइबर सिक्योरिटी नेटवर्किंग एंड इंट्रोडक्शन टू एआई विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। सभी थानों के कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल होंगे।

## बिलासपुर में निकाली बालाजी महाराज की निशान यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार:** धनौरा धाम स्थित बालाजी मंदिर के15वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में धूमधाम से निशान यात्रा निकाली गई।

सोमवार को रामपुर रोड पर राजस्थान मार्बल परिसर स्थित द्वारिकाधीश मंदिर पर धनौरा धाम के महंत अशोक यादव महाराज के नेतृत्व में श्रद्धालु एकत्रित हुए। जहां से उनके नेतृत्व में निशान यात्रा निकाली गई। जोकि विभिन्न मार्गो से होते हुए गांव धनौरा फार्म स्थित मंदिर परिसर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सुसज्जित वाहन पर बालाजी महाराज की प्रतिमा विराजमान किया गया। महंत अशोक यादव ने बताया कि मंगलवार सवेरे सात बजे बाबा का चांदी के चोले से श्रृंगार तथा दस बजे से हनुमत यज्ञ होगा।

# गमगीन माहौल में प्रमोद जौहरी का किया अंतिम संस्कार

संवाददाता बिलासपुर

- विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार:** सोमवार को गमगीन माहौल में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी का अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर विभिन्न संगठनों द्वारा शोक सभाएं आयोजित की गईं।

शनिवार की रात पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान उनके पुत्र अभिषेक जौहरी, भाई संतोष कुमार जौहरी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, भाजपा, नेता रवि यादव, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, सूर्यप्रकाश पाल, सुजात खां, मोहन लोधी, पूर्व पालिकाध्यक्ष मोहम्मद हसन खां, तेजेन्द्र सिंह विर्क आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर बार व लायर्स एसोसिएशन के अलावा व्यापार मंडल, तुरैहा मछुआ समाज आदि संगठनों द्वारा शोक सभाएं की गईं। जिसमें उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना राजू कांठ, महासचिव राकेश शर्मा, अमरीक सिंह चौहान, दीपांकर बैरागी, व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल, सुदर्शन मदान, हाफिज ताहिर, कमल कुमार तुरैहा आदि मौजूद रहे।

## सींगनखेड़ा में मंदिर की जमीन से पेड़ काटने का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार:** थाना अजीमनगर के ग्राम सींगनखेड़ा मझरा हशमत गज स्थित शिवाजी महाराज मंदिर की जमीन से आम के पेड़ काटने का आरोप है। गांव निवासी शांति प्रसाद ने बताया कि उसकी जमीन पर 35 पेड़ आम के फलदार पेड़ लगे थे। जिनसे लगभग मंदिर को प्रतिवर्ष 1-2 लाख रुपये की आमदनी होती थी। 7 फरवरी को गांव के ही ग्राम आलिया गंज के ठेकेदार और अन्य लोगों ने मिलकर वन कर्मियों की मिलीभगत से चोरी से काट लिए। उन्होंने बताया कि वन विभाग के अधिकारी पेड़ काटने की जानकारी दी। लेकिन अधिकारी द्वारा उन्हें चुप रहने की बात कहकर फोन काट दिया। गांव वालों ने चौकी थाने पर भी सूचना दी, पुलिस आई लेकिन बिना कार्रवाई के लौट गई।

## अभ्यास के बाद चर्चा करने से कमजोर विद्यार्थी भी होगा सशक्त

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में अंग्रेजी के प्रवक्ता शावेज लतीफ ने अभ्यर्थियों को अग्रेंजी विषय में सुझाव साझा किए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू हो रही हैं। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी विषय को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पढ़े और समझें, नियमित रूप व गहनता से किया गया अभ्यास और अभ्यास उपरांत की गई चर्चा कमजोर विद्यार्थी को भी सशक्त उत्तर लिखने मे मदद करेगी। ऐसे में अभ्यास के साथ-साथ अंग्रेजी व तमाम अन्य विषयों के विभिन्न टॉपिक्स के अभ्यास के साथ साथ सभी विद्यार्थी अभ्यास किए हुए टॉपिक्स को साथियों के चर्चा करें। ये चर्चा सभी तरह के दुविधाओं को स्पष्ट कर देगी और विद्यार्थी और बेहतर ढंग व साफ-साफ ढंग से टॉपिक को समझ पाएंगे। बेहद सुगमता के साथ पर्चा हल कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि सारा फोकस अभ्यास पर होना चाहिए, सभी उत्तरों को विस्तृत रूप मे पढ़े, समझें और चर्चा करें, जब अभ्यास पूर्ण हो जाए, तो उत्तरों के ऊपर मनन करें व उनको अलग ढंग से समझने का प्रयास करें।



शावेज लतीफ, प्रवक्ता अंग्रेजी।

आयोजन

### प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2 .0 के तहत हुआ बाल उत्सव कार्यक्रम

# मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- विभिन्न विद्यालयों से 30-30 बच्चे प्रतियोगिता में हुए शामिल

**अमृत विचार :** किला स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में सोमवार को बाल उत्सव-प्रगति स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 के तहत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक बालिका शिक्षा जानिसार अख्तर ने की तथा मुख्यातिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी रहीं।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता मेरे बदलाव की कहानी तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं प्रतिभाग दिखाई। दोनों प्रतियोगिताओं के लिए जिले के विभिन्न विद्यालयों से 30-30 बालक-बालिकाओं का चयन कर उन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई। शिक्षकों ने बताया कि जिला स्तर पर चयनित सभी छात्र-छात्राएं अब मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी, जिससे उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को और व्यापक मंच मिलेगा। मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैना मिलक की छात्रा प्रयांशी प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय नानकार की सलोनी द्वितीय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्वार की सायना तृतीय स्थान पर रहीं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मिलक की प्रियंका चतुर्थ स्थान व उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्याणपु के देव कुमार पंचम स्थान पर रहे। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल की मेजबा प्रथम स्थान, पीएम श्री मूंडियाखेड़ा की प्रियांशी द्वितीय, कंपोजिट विद्यालय नानकार की पलक तृतीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर की संजना चतुर्थ स्थान व उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या पटवाई की रिंकी पंचम स्थान पर रही। सभी विजेता छात्र-छात्राओं को जानिसार अख्तर द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों के मार्गदर्शक शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता प्रभारी दीपक पुंडीर की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता प्रभारी कंपोजिट विद्यालय गौसमपुर शाहबाद की शिक्षिका पुष्पा, कंपोजिट विद्यालय नानकार, मिलक की शिक्षिका रूमाना हसीब, पीएमश्री मूंडियाखेड़ा, चमरौआ की रीना, कंपोजिट विद्यालय छिद्दा वाला, स्वार के मनोज कुमार निमेष रहे। मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता प्रभारी सोनी भारती, पीएमश्री विशारत नगर, बिलासपुर, अनुजा सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर कंपोजिट नगर क्षेत्र, प्रभाकर गौतम, उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगरिया, मिलक व वर्षा गर्ग कंपोजिट विद्यालय सरकथल स्वार रहीं। मंच का संचालन सीमा गौहर उच्च प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर, सैदनगर और शबीना मंसूरी शिक्षिका कंपोजिट विद्यालय दर्शनपुर, सैदनगर ने किया। मीडिया कोऑर्डिनेटर सैयद आफाक हुसैन रहे।



प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

# जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं समस्याएं


कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- डीएम ने कुछ लोगों को दिए आयुष्मान कार्ड

**अमृत विचार:** जनता दर्शन में आए जरूरतमंदों को आवास देने और बच्चों को सरकारी सुविधा के साथ स्कूल में प्रवेश कराया जाएगा। सोमवार को जनता दर्शन के दौरान तहसील मिलक के पैगम्बरपुर गांव निवासी कक्षा-5 में अध्ययनरत दिव्यांग आर्यन ने बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार से है। उसकी माता का स्वास्थ्य खराब रहता है तथा पिता का देहांत हो चुका है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या को बाल सेवा योजना के तहत आर्यन को लाभान्वित करने तथा दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी कराने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान ज्वालानगर निवासी प्रीति के बच्चों रौनक एवं दक्ष, तहसील स्वार निवासी मदन पाल को भी बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रीति को काशीराम आवास उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसी क्रम में पनवड़िया निवासी कक्षा-6 में छात्र मयंक, जो कम दृष्टिहीनता से ग्रसित है। उसको स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान सैदनगर निवासी नन्हे एवं उनकी पत्नी मायावती, जो पूर्व जनसुनवाई में स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिले थे। जिनको जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान कार्ड प्रदान दिया गया।

तहसील सदर निवासी रेटगंज मझरा हीरालाल को वृद्धा पेंशन स्वीकृत कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने हीरालाल को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने बताया कि बाल सेवा योजना के तहत 2500 रुपये प्रतिमाह तथा स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता पात्र लाभार्थियों को दी जाती है।



जनता दर्शन में परिवार को आयुष्मान कार्ड देते डीएम। ● अमृत विचार

## एसपी ने स्वार कोतवाली का निरीक्षण किया

**स्वार, अमृत विचारः** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मालखाना, हवालात, त्यौहार रजिस्टर, साइबर कार्यालय तथा महिला डेस्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की जांच करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल प्रदीप मलिक को साफ सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा साइबर अपराधों के प्रभावी नियंत्रण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण से पहले पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर में बच्चों के मनोरंजन एवं मानसिक विकास के उद्देश्य से बनाए गए किड्स प्ले किलकारी का उद्घाटन किया। इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे पुलिस परिसर में आने वाले बच्चों को सकारात्मक वातावरण मिलेगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, एसडीएम अमन देओल, सीओ अतुल कुमार पांडे, क्राइम इंस्पेक्टर जयपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# आरोपिता की गिरफ्तारी के बाद भी हत्या की वजह नहीं जान सकी पुलिस

### शनिवार को हुई थी रफत शाहीन की हत्या, आरोपी महिला को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता टांडा

**अमृत विचार :** कस्बे में दो दिन पूर्व हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने भले ही महिला को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया हो, लेकिन अब तक हत्या की सही वजह का पता नहीं कर सकी है। पुलिस लूट पाट की गुत्थी भी अब तक सुलझा नहीं सकी है।

शनिवार दोपहर में नगर के मौहल्ला नज्जूपुरा निवासी हाजी रफी की 65 वर्षीय पत्नी रफत शाहीन की दिन दहाड़े गला घोंट कर हत्या कर दी गई थी। रविवार शाम में मामले में मृतका के भतीजे मोहम्मद हारिस ने बात करते हुए बताया था कि घटना के बाद से उसके मकान में रखे 15 तौला सोना और करीब 6.5 लाख रुपये गायब हैं। उसने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लूट जो हुई उसको रिपोर्ट में नहीं लिखा गया, आगे कहा कि हमने पुलिस को घटना से संबंधित मात्र सूचना दी थी तहरीर नहीं दी थी, घटना से संबंधित मामले को उच्च अधिकारियों के सामने रखने की बात कही है। दूसरी और कोतवाली पुलिस मामले की कई एंगल से जांच कर रही है, पुलिस द्वारा परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ कर रही है, कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पड़ोसी महिला से भी पूछताछ की उससे भी जानकारी जुटाई, इसके अलावा मृतका के पति हाजी रफी से भी सोमवार को मौहल्ला नज्जूपुरा में पूछताछ की गई, परिवार में से मृतका के भतीजे मोहम्मद हारिस से भी बात करने की कोशिश की गई, रविवार शाम छुट्टी से वापस लोटे कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौके का मुआयना किया और इस दौरान आसपास के लोगों से भी बात की, विवेचक एसआई रविंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया गया है, आरोपी महिला को हिरासत में लेकर न्यायलय भेज दिया गया है और मामले की गहनता से जाँच की जा रही है, जाँच के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


मृतका के भतीजे से बात करते विधायक पुत्र उमेर अंसारी व इंस्पेक्टर कोतवाली।

**परिजनों से मिले विधायक के बेटे**

स्वार-टांडा विधायक के बेटे उमेर अंसारी ने परिवारजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। परिजनों ने विधायक पुत्र से मामले से संबंधित मांग रखी। उन्होंने शिकायत करते हुए कहा पुलिस उनकी कोई बात नहीं सुन रही इसपर विधायक पुत्र ने आश्वासन दिया कि आपके साथ जो हुआ उसी पर कार्रवाई कराई जाएगी।

"मामले में फॉरेंसिक टीम भी अपना काम गंभीरता से कर रही है। लूटपाट की बात को लेकर अभी संशय है, पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। अगर लूट हुई है तो सामान बरामद किया जाएगा। इसमें पुलिस निष्पक्षता से जांच कर रही है। पीड़ित के साथ पुलिस की पूरी सहानुभूति है। मामले में कार्रवाई जारी है।

– **कीर्तिनिधि आनंद**, सीओ टांडा

# लखनऊ की टीम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को परखा


जिला अस्पताल में डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण करने के बाद खड़ी लखनऊ की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **स्वास्थ्य विभाग लखनऊ से जिला अस्पताल पहुंची दो सदस्यीय टीम**

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग लखनऊ से आई दो सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को परखा। टीम ने ओपीडी में चिकित्सकों के पास स्टेथोस्कोप, वेट मशीन, हाइट मशीन देखी। इसके अलावा टीम जिला अस्पताल के ड्रग्स हाउस में पहुंची और दवाओं की बाबत जानकारी ली। ड्रग्स हाउस में 334 के सापेक्ष 309 दवाएं मिलीं। इसके बाद टीम डायलिसिस में पहुंची और मरीजों से इलाज की बाबत जानकारी ली।

दो सदस्यीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर रामपुर आई थी। टीम ने जिले की सीएचसी और पीएचसी का निरीक्षण किया इसके बाद जिला अस्पताल पहुंची और ओपीडी में पहुंचकर जांच पड़ताल की। टीम ने चिकित्सक कक्षों में पहुंचकर देखा कि चिकित्सा ड्रेस कोड में हैं या नहीं इसके अलावा उनके गले में स्टेथोस्कोप पड़ा है या नहीं। टीम के सदस्यों ने इमरजेंसी में ऑक्सीजन, रक्तचाप नापने की मशीन को देखा। इसके बाद टीम के सदस्य डायलिसिस कक्ष में पहुंचे और मरीजों के हो रहे डायलिसिस को देखा। टीम के सदस्यों ने मरीजों से इलाज के बारे में जानकारी ली। हापुड़ से टीम में डॉ. सतीश कुमार और डॉ. प्रवीण आए थे। टीम के साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना, जिला अस्पताल मैनेजर अनुज भारद्वाज, हरीश धोनी, डॉ. प्रजोत सिंह आदि मौजूद रहे।

# नौ सेक्टरों में बांटे गए जिले के 74 परीक्षा केंद्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **माफिया पर नकेल कसने को एलआईयू से ली जाएगी मदद**
- **भ्रमण पर रहेंगे 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, करेंगे निगरानी**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा 74 परीक्षा केंद्रों पर होगी। परीक्षा केंद्रों को 9 सेक्टरों में बांटा गया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे।

परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों को नहीं बजने देंगे। नकल माफिया पर अंकुश लगाने के लिए एलआईयू से भी मदद ली जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के अधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट भ्रमण करते रहेंगे। परीक्षा शुरू होने के एक सप्ताह पूर्व से ही परीक्षा अवधि तक सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस बात की जांच नियमित रूप से की जाएगी कि परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्रों को लीक करने के प्रयास तो नहीं किए जा रहे हैं। इस तरह के प्रयास को रोकने के लिए सुरक्षात्मक कदम उठाया जाए। परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाए। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी की रिकार्डिंग और राउटर डिवाइस के क्रियाशील होने की जांच भी की जाए। कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बाहर से कराई जाने वाली नकल की रोकथाम के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट उत्तरदायी होंगे। विभागीय अधिकारियों ने परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

## सैफनी में झोलाछापों के दो क्लीनिक सील

**सैफनी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पोर्टल पर झोलाछापों के खिलाफ की गई शिकायत के बाद सोमवार को नगर में स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी और उनकी टीम ने छापामार कार्रवाई कर मानकों के विपरीत चल रहे दो अवैध अस्पतालों को सील कर दिया।

एसीएमओ डॉ. देवेश चौधरी द्वारा जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद उनकी टीम ने सोमवार को सैफनी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने नगर के छितौनी रोड पर झोलाछाप आलम के हड्डी वाले क्लीनिक को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान उन्होंने क्षेत्र के खरसौल गांव में अवैध रूप से संचालित झोलाछाप इंतजार के क्लीनिक को भी सील कर दिया। नोडल अधिकारी ने कहा बिना पंजीकरण और अयोग्य चिकित्सकों के संचालन पर किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में में खलबली मची हुई है।

# उस बेवफा पर कोई भी इल्जाम नहीं है....

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **अखिल भारतीय काव्यधारा के तत्वाधान में हुआ कवि सम्मेलन**

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय काव्यधारा के तत्वावधान में रविवार रात आनंद कॉन्वेंट स्कूल ज्वाला नगर में कवि सम्मेलन हुआ। पुष्पा गंगवार पूनम ने कहा हम जुर्मे मोहब्बत की सजा काट रहे हैं- उस बेवफा पर कोई भी इल्जाम नहीं है। इस अवसर पर छह काव्य संग्रहों का विमोचन हुआ।

जितेन्द्र कमल आनंद, शिव कुमार ''चंदन'', डॉ. महेश मधुकर, डॉ. गीता मिश्रा ''गीत'' और शशि त्यागी ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवि जितेंद्र कमल आनंद ने कहा कि नव चक्रों की बात हम, करते मूलाधार- मणिपुर के ऊपर ''कमल'', स्वाधिष्ठानाधार। राम किशोर वर्मा ने कहा- सोने की चिड़िया था भारत, वीरों की न कमी थी भाई- लाख हमारे वहां एक था, कहो गुलामी फिर क्यों आई। नीलम रानी सक्सेना ने सुनाया- चांदनी रात में, अर्चना आपकी- चाहती हूं करूं, वंदना आपकी। राजीव प्रखर, डॉ. अशफाक जैदी, प्रीति अग्रवाल, पूनम दीक्षित, शिव कुमार शर्मा ''चंदन'', अमित रामपुरी, हर्ष अमरोही, राजबाला धैर्य, रवि प्रकाश, सचिन सिंह, उदय प्रकाश सक्सेना, रश्मि चौधरी 'दीक्षा' आकर्ष सफर अमरोही, रजनी सिंह ने भी अपनी रचनाओं से सभी का मन मोह लिया। जितेंद्र कमल आनंद के दो काव्य संकलन और नीलम रानी सक्सेना के चार काव्य संकलन का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया।

रचनाकारों को शब्द शिल्पी सम्मान' तथा काव्य शिल्पी सम्मान'' से सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में पीयूष प्रकाश सक्सेना, परमानंद प्रकाश सक्सेना, सुभाष चन्द्र वर्मा, पुष्पा देवी, सात्विक चौधरी, दीप कमल जौहरी, अमन, नमन सक्सेना आदि उपस्थित रहे। जितेंद्र कमल आनंद ने आभार जताया। संचालन महासचिव राम किशोर वर्मा ने किया।


कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करते कवि। ● अमृत विचार

# प्रधान पुत्रों समेत पांच पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता सैफनी

- **पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो का चालान किया, कोर्ट ने भेजा जेल**

**अमृत विचार :** बलुपुरा के प्रधान पुत्रों समेत पांच लोगों पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नामजद आरोपियों में से पुलिस ने दो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। अन्य की तलाश जारी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार की शाम वह एक व्यक्ति के साथ दवा लेकर आ रही थी। किशनपुर गांव के पास रात 8.30 बजे जब वह नहर के पास पहुंची, तभी वहां पर मौजूद बलूपुरा गांव के प्रधान के पुत्र रन सिंह और बबलू उनके परिवार के सुरेश पुत्र बाबूराम और दो अज्ञात लोगों ने उन पर लाठी डंडे और तमंचे से हमला कर दिया। तमंचे के बल पर खेत में ले गए। आरोप है कि सभी आरोपियों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वारदात से पीड़िता घायल हो गई है। पुलिस ने की गई शिकायत के आधार पर तीन नामजद और दो अज्ञात समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी रनसिंह पुत्र करन सिंह और सुरेश पुत्र बाबूराम का चालान कर दिया है, जहां कोर्ट ने से उन्हें जेल भेज दिया गया है।




पुलिस हिरासत में दुष्कर्म के आरोपी रन सिंह और सुरेश। ● अमृत विचार

# तेंदुआ के चोटिल शावक की मौत

संवाददाता स्वार

**अमृत विचारः** गांव गद्दीनगली हुसैन गंज के जंगल में शिकारियों द्वारा लगाए गए तार के शिकंजे में फंसे गंभीर रुप से घायल तेंदुए के शावक को वन विभाग की टीम रविवार को रेस्क्यू कर सलारपुर वन चौकी ले गई थी। उपचार के दौरन शावक की मौत हो गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। शावक की उम्र करीब ढाई से तीन वर्ष बताई जा रही है।

रविवार को गद्दीनंगली के प्रधान बाबू खां जंगल की और जा रहै थे कि इस दौरान जंगल की झाडियों से दर्दनाक गुर्राहट की आवाज आई तो वह सहम गए और वापस आये। प्रधान बाद में ग्रामीणों पहुंचे तो उन्होंने तेंदुआ के शावक को फंदे मे फसा हुआ बुरी तरह घायल देखा और वन विभाग को सूचना दी। शावक कई दिन से शिकंजे में फसे होने के कारण लगातार निकलने का प्रयत्न कर रहा था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिस पर वन रेंजर विजय कुमार गौतम शावक को पकड़ने के लिए जाल और पिंजरा लेकर पहुंच गए थे। वन विभाग की टीम शिकारी द्वारा लगाये गए तार के शिकंजे को काटकर में फसे घायल शावक को रेस्क्यू कर सलारपुर वन चौकी ले गई थी। पशु चिकित्सक डा. तारा चंद उपचार किया जा रहा था।चिकित्सकों के अनुसार, रीढ़ की हड्डी में गंभीर घायल होने के कारण शावक की हालत नाजुक बनी थी। सोमवार दोपहर उपचार के दौरान शावक ने दम तोड़ दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शावक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।


तेंदुआ का शावक।

## प्लाट के विवाद में युवक पर फावड़े से हमला

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गांव बहापुर गंगापुर निवासी पृथ्वी सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

जिसमें कहा कि वह अपने भाई दिनेश कुमार कस्बा राजपुर फाटक के पास अपने प्लाट पर खड़ा था। तभी सिंह कालोनी निवासी मीना उसके पुत्र सोनू और पति पूरनलाल वहां पहुंचे और प्लॉट मापने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने दिनेश को जातिसूचक शब्दों अपमानित करते हुए फावड़े से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

**तैयारी** | **प्रश्न में जितना पूछा जाए उतना ही कॉपी में उत्तर लिखें परीक्षार्थी**

# टाइम मैनेजमेंट पर विशेष फोकस करें परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं टॉप करने या अच्छे नंबरों से पास होने के लिए टाइम मैनेजमेंट पर फोकस करें। प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़ें। प्रश्न में जितना पूछा जाएं कॉपी में उतना ही उत्तर लिखें। एक ही प्रश्न का उत्तर लिखने में पूरी ऊर्जा नहीं लगा दें। स्टडी करने के लिए अपने कमरे में स्टडी चार्ट पेपर को चस्पा कर लें और उसके मुताबिक परीक्षा की तैयारी करें।

यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों से ज्यादा उनके मां-बाप चिंतित है कि उनका बच्चा अच्छे नंबरों से पास हो जाए ताकि, उसका बेहतर भविष्य बन सके और उनका लाडला यूपी की टॉप टेन में शामिल होकर रामपुर का नाम रोशन करे। विशेषज्ञों बताया कि परीक्षा शुरू होने में मात्र एक सप्ताह का समय शेष है। ऐसे में परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं के लिए समय प्रबंधन पर विशेष तौर पर फोकस करें। इसके लिए अब एक चार्ट पेपर अपने स्टडी रूम में लगा लें, जिसके अनुसार वह अपनी तैयारी करें। इसमें हिंदी, इंग्लिश, मैथ, साइंस, कॉमर्स, आर्ट सहित सभी विषयों के लिए अलग-अलग घंटे निर्धारित करें, ताकि प्रत्येक विषय की अच्छे से तैयारी कर पाएं। यदि समय प्रबंधन के माध्यम से तैयारी करेंगे, तो निश्चित तौर पर सफलता मिलेगी। इसके साथ ही कुछ समय ध्यान और योग पर भी लगाएं।


यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए समय निर्धारण करें। घर पर पढ़ाई के लिए भोर में और रात को 11 बजे तक अवश्य पढ़ें। छह या सात घंटे की नींद ले और मौका मिले तो व्यायाम या योग कर दिमागी बोझ को कम कर सकते हैं।

– **डॉ. शालू कौशल**, प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज


परीक्षा कक्ष में प्रश्न पत्र को पढ़ने के बाद जो प्रश्न भली भांति आते हैं पहले उनको हल करें। एक प्रश्न पर कितना समय लगाना है यह पहले तय कर लें। अंतिम प्रश्न को पेपर खत्म होने से पांच मिनट पहले पूरा कर लें।

– **बबीता सक्सेना**, नेहरू गर्ल्स इंटर कॉलेज


परीक्षा की तैयारी के समय भयमुक्त होकर भावनात्मक एवं मानसिक सहयोग की महती आवश्यकता होती है। इसके लिए वे योग- ध्यान आदि गतिविधियों को आत्मसात कर अध्ययन करें। ऐसा करने से परीक्षा में निश्चय ही अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

– **डॉ. अरविंद गौतम**, प्रधानाचार्य राजकीय हामिद इंटर कॉलेज


बोर्ड परीक्षा के लिए तय समय सीमा में रिवीजन करने का समय आ गया है। छात्र-छात्राओं को घर पर रहकर प्रश्नों के उत्तर घड़ी देखकर लिखने का अभ्यास करना चाहिए। इससे उन्हें परीक्षा कक्ष में लिखते समय काफी राहत मिलेगी।

– **चंद्रशेखर**, प्रधानाचार्य राजकीय बॉकर इंटर कालेज


# कार्यालय नगर पंचायत उझारी-अमरोहा

पत्रांक : 230/न.पं.उ./2025-26 दिनांक : 09.02.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से समस्त शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उझारी में राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों से प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत उझारी में निर्माण कार्यो हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक 09.02.2026 से दिनांक 20.02.2026 को दोपहर 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 20.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उझारी में निहित है, शेष शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | अर्नेस्ट मनी (02 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर पंचायत उझारी में वार्ड संख्या 04 में शाबिर के मकान से इस्माईल असलम के मकान से अनवार के मकान व सम्भल रोड से आस मौहम्मद व युसुफ के मकान तक सी.सी. रोड रैम्प एवं चैनल एवम् आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 477000.00 | 9540.00 | 480+86 = 566.00 | 30 दिन |
| 02. | नगर पंचायत उझारी के वार्ड संख्या 3 सम्भल रोड से सब्बन के मकान तक सी.सी. रोड व आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 192000.00 | 3840.00 | 195+35 = 230.00 | 30 दिन |
| 03. | नगर पंचायत उझारी वार्ड संख्या 11 में सैफियो वाले कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीवाल का रंगाई पुताई व गेट लगाने का कार्य। | 120000.00 | 2400.00 | 120+21 = 141.00 | 30 दिन |
| 04. | वार्ड नं. 05, अब्दुल्ला मस्जिद के पास सी.सी. मरम्मत का कार्य। | 96000.00 | 1920.00 | 120+21 = 113.00 | 30 दिन |
| 05. | वार्ड नं. 01 में सिकन्दर के सामने पुलिया हा. जाजिद, हा. राशिद हा. फाजिल हा. जुनुल व निजामुद्दीन वकील के सामने डिप स्लैब का निर्माण कार्य। | 188000.00 | 3760.00 | 190+34 = 224.00 | 30 दिन |
| 06. | वार्ड सं. 2 में तरारा रोड पर अबरार बुग्गी वाले व नसीम के मकान के समीप सी.सी. दीवार नाली निर्माण। | 95000.00 | 1900.00 | 95+17 = 112.00 | 30 दिन |
| 07. | वार्ड नं. 6 में इस्लाम के मकान से अ. सलाम के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 254000.00 | 5080.00 | 255+46 = 301.00 | 30 दिन |
| 08. | वार्ड नं. 7 में कंदूरियो वाले कब्रिस्तान के समीप दीवार व इ.ला. टाईल्स नाली आदि का कार्य। | 87000.00 | 1740.00 | 90+16 = 106.00 | 30 दिन |
| 09. | अनिल के मकान से रामवीर तक कूचा निर्माण रिसालत से मुर्सरत तक नाली रोड कूचा सी.सी. रोड मरम्मत कार्य। | 339000.00 | 6780.00 | 340+61 = 401.00 | 30 दिन |
| 10. | नगर पंचायत उझारी के वार्ड सं. 05 में कामिल के मकान से समीप व खलील अब्बासी महबूब तकसीर नौशाद अनीस सलमानी सराफत की दुकान के सामने आर.सी.सी. पुलिया स्लैब व नाली मरम्मत का कार्य। | 88000.00 | 1760.00 | 90+61 = 106.00 | 30 दिन |
| 11. | नगर पंचायत उझारी वार्ड सं. 6, 8, 5 में मरहूम हनीफ के सामने व सगीर प्यारेलाल महेन्द्र जहीर कुरैशी सवेज अली व सुलेमान के सामने स्लैब एवं सी.सी. मरम्मत का कार्य। | 158000.00 | 3160.00 | 160+28 = 188.00 | 30 दिन |
| 12. | नगर पंचायत उझारी के वार्ड संख्या 5 में अय्यूब के मकान से सरकारी अस्पताल के कोने तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण का कार्य। | 452000.00 | 9040.00 | 455+81 = 536.00 | 30 दिन |
| 13. | नगर पंचायत उझारी के वार्ड संख्या 8 में धर्मवीर सिंह के मकान से जितेन्द्र सिंह व बिस्मिल्लाह मस्जिद से इमरान के मकान तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण का कार्य। | 286000.00 | 5720.00 | 2900+52 = 342.00 | 30 दिन |
| 14. | नगर पंचायत उझारी के वार्ड सं. 01 व 04 में नाली दीवार मरम्मत का कार्य। | 485000.00 | 9700.00 | 490+88 = 578.00 | 30 दिन |
| 15. | नगर पंचायत उझारी में पी.सी.सी. पोल लगाने का कार्य। | 497000.00 | 9940.00 | 500+90 = 590.00 | 30 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उझारी, अमरोहा**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उझारी, अमरोहा**

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप की टक्कर से ग्रामीण घायल

**चंदौसी/कुढफतेहगढ, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव भगतपुर पहली में सोमवार की सुबह ग्रामीण सत्यपाल को पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सत्यपाल घायल हो गया। ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर चालक को पकड़ लिया। पुलिस ने घायल सत्यपाल को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया जहां से उसे संभल रेफर कर दिया गया। बाद में संभल से चंदौसी लाकर एक निजी अस्पताल में परिजनों ने उपचार के लिए भर्ती कराया है। पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया और थाने ले आई।

### ड्यूटी जा रही सीएचओ डीसीएम की टक्कर से घायल

**संभल,अमृत विचार :** स्कूटी से ड्यूटी करने जा रही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। सीएचओ गंभीर रूप से घायल हो गईं। सीएचओ प्रियंका सिंह पुत्री करन सिंह, निवासी बुद्धि विहार मुरादाबाद ब्लॉक पंवासा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आरोग्य मंदिर पर ड्यूटी करने स्कूटी से जा रही थीं। हयातनगर में पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने पीछा कर डीसीएम को पकड़ लिया। घायल सीएचओ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने सीएचओ को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

### माता जानकी की जयंती मनायी

**चंदौसी,अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरुकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में माता जानकी की जयंती शिव शान्ति आदर्श जूनियर हाई स्कूल में मनाई गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि माता जानकी को लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। वह आदर्श स्त्री, पवित्रता की प्रतिमूर्ति हैं। माता जानकी जी का जन्म आज ही के दिन हुआ था। हल की नोक को सीत बोला जाता है इसलिए नाम सीता पड़ा और जनक की पुत्री होने के कारण जानकी कहा गया। अध्यक्षता राजेश कुमार ने की। ममता मौर्य, अलका सक्सेना, वाणी वार्ष्णेय, यशोदा, रेनू कुमारी, आरती, भावना, डिम्पल, भूमिका वार्ष्णेय, करिश्मा, प्रियंका, राधिका वार्ष्णेय, निधि, काजल, पूर्वी ने विचार व्यक्त किए।

# आयकर अधिकारी बन मांगी 24 लाख रिश्वत

## एलएलबी छात्र गिरफ्तार ,दो करोड़ का काला धन बता थमाया ग्रामीण को आयकर विभाग का फर्जी नोटिस

कार्यालय संवाददाता , संभल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई।

- कार्रवाई से बचाने के लिए मांग रहा था 24 लाख की रिश्वत
- पुलिस ने किया गिरफ्तार, छात्र के कारनामों की होगी जांच

**अमृत विचार :** संभल में एलएलबी के छात्र ने फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर ग्रामीण से 24 लाख रुपये की वसूली का प्रयास किया। युवक ने खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर ग्रामीण को दो करोड़ रुपये का काला धन होने का फर्जी नोटिस थमाया और फिर कार्रवाई से बचाने के नाम पर 24 लाख रुपये की घूस मांगी। शक होने पर ग्रामीण ने पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थाना नखासा क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर तगा से नखासा पुलिस ने सोमवार को मोहित उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार किया। मोहित ठिलूपुरा गांव का रहने वाला है। एलएलबी की पढ़ाई कर रहे मोहित ने रातों रात धनवान बनने के लिए ठगी का अनोखा तरीका अपनाया। वह गांव अख्तियारपुर तगा निवासी शीशपाल के पास आयकर अधिकारी बनकर पहुंचा और इनकम टैक्स का फर्जी नोटिस देते हुए बताया कि उनके पास करीब दो करोड़ रुपये का काला धन है। उसने इनकम टैक्स की कार्रवाई से बचाने का झांसा देकर ग्रामीण शीशपाल से 12 प्रतिशत के हिसाब से 24 लाख रुपये की मांग की।

वह शीशपाल पर पिछले 15 दिनों से 24 लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था। वह कभी फोन के जरिए धमकी देता था तो कभी घर पर पहुंचकर ग्रामीण को नोटिस दिखाकर डराता था। उसने शीशपाल को इस विषय पर बात करने के लिए एक बार बहजोई भी बुलाया था। शीशपाल ने इनकम टैक्स कार्यालय चलकर बात करने को कहा तो समय पूरा होने और कार्रवाई टलने का बहाना बनाकर टाल गया। फर्जी आयकर अधिकारी मोहित ने काले धन से मकान और संपत्ति बना लेने की बात कहकर शीशपाल पर दबाव बनाया।

रविवार को फिर नोटिस लेकर मोहित शीशपाल के घर हस्ताक्षर कराने पहुंचा तो परिजनों को शक हो गया। पूछताछ करने पर उसकी बातों में विरोधाभास सामने आया। इसके बाद शीशपाल ने नखासा थाने पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस की जांच में नोटिस फर्जी पाया गया, जिसके बाद पुलिस ने शीशपाल की तहरीर पर मामला दर्ज कर फर्जी आयकर अधिकारी एलएलबी छात्र मोहित को गिरफ्तार कर लिया। मोहित के पास से पुलिस ने आयकर अधिकारी का फर्जी परिचय पत्र, आयकर विभाग का फर्जी लेटर व नोटिस बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि ग्रामीण से ठगी के प्रयास में लगे मोहित उर्फ प्रिंस की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि मोहित अकेला ठगी का धंधा चला रहा था या उसके साथ अन्य लोग भी जुड़े हैं। इसके अलावा नोटिस कहां पर तैयार किया गया इसका भी पता लगाया जा रहा है।

### बेटे को हथकड़ी लगी देख बिलख पड़ी मां

**संभल, अमृत विचार :** परिवार के लोग अपने खर्चों में कटौती कर मोहित को एलएलबी की पढ़ाई करा रहे थे ताकि वह वकील बनकर अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उसने जो किया उसके बारे में परिवार ने कभी सोचा भी नहीं था। सोमवार को जब पुलिस मोहित को नखासा थाने से न्यायालय में पेश करने के लिए ले जा रही थी तब हथकड़ी में बेटे को देखकर उसकी मां बिलखने लगी। मोहित की मां पुलिस कर्मियों की मनुहार कर कहने लगी कि उसके बेटे को छोड़ दो, वह आगे से ऐसी गलती नहीं करेगा। थाना प्रभारी संजीव कुमार बालियान ने बताया कि मोहित को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। पीछे बैठा ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया।



मृतक दुर्वेश।

गांव उमरा निवासी दुर्वेश यादव (32 वर्ष) सोमवार दोपहर बाइक से गांव बैरपुर से गांव लौट रहे थे। दुर्वेश के साथ गांव के ही नत्थू सिंह भी थे। मेरठ-बदायूं मुख्य मार्ग पर थाना जुनावई थाना क्षेत्र में गुन्नौर की ओर से बदायूं जा रही एक रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दुर्वेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नत्थू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीछा करते हुए बदायूं के थाना जरीफनगर क्षेत्र में बस को पकड़ लिया। मृतक दुर्वेश यादव अपने पीछे पत्नी नीतू और पांच बेटियां और एक बेटा छोड़ गया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर नहीं दी गई है।

### दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत, पत्नी गंभीर घायल

**संभल/बहजोई, अमृत विचार :** थाना बहजोई क्षेत्र में सोमवार शाम तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने साइकिल से जा रहे पति-पत्नी को टक्कर मार दी। पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा संभल-बहजोई रोड पर भवन के निकट सोमवार शाम करीब छह बजे हुआ। गांव राजपुर निवासी 65 वर्षीय राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी अयोध्या देवी के साथ साइकिल से पंवासा की ओर जा रहे थे। पीछे से आई तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका बेटा अशोक कुमार मौके पर पहुंचा और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई ले गया जहां डॉक्टरों ने राजेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। अयोध्या देवी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेलकूद में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, बबराला



बबराला में विजेता बच्चों के साथ मौजूद अतिथि। • अमृत विचार

- गुन्नौर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की प्रतियोगिताएं आयोजित

**अमृत विचार :** गुन्नौर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को बाबूराम सिंह भाय सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी एमएल पटेल ने फीता काटकर किया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय फत्तेहपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल विजेता का खिताब अपने नाम किया। दौड़ प्रतियोगिताओं में 50 मीटर में अंकित, 100 मीटर में गौरेश, 200 मीटर में जगदीश तथा 400 मीटर में बॉबी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर तथा बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय फत्तेहपुर की टीम विजेता रही। खो-खो में बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरौरा काजी और बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय खलीलपुर ने बाजी मारी। लंबी कूद में बालिका वर्ग में शिवानी तथा बालक वर्ग में बॉबी अव्वल रहे। चक्का फेंक में बालक वर्ग में अरविंद और बालिका वर्ग में गुड्डो ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेंक में राजू तथा ऊंची कूद में शिवानी ने पहला स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी एमएल पटेल ने विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष यादव, विशेष कुमार, कालाराम यादव, रामरहीस, हिमांशु वार्ष्णेय, जयपाल सिंह, श्रीपाल सिंह, अवनि कुमार, अंशु शर्मा, पिंकी सिंह, रजनी कुमारी, संतोष कुमारी, मीनाक्षी, आरती आदि उपस्थित रहे।

# पशुशाला में आग से सात पशु झुलसे

**मनोटा,अमृत विचार:** विकासखंड असमोली के ग्राम पंचायत सतपुरा में रविवार की रात किसान की पशुशाला में आग लगने से सात पशु झुलस गए। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

ग्राम सतपुरा निवासी किसान रूपक त्यागी के पशु रात में पशुशाला में बंधे थे। देर रात अचानक पशुशाला से धुआं उठता देख रूपक त्यागी के होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने बाल्टियों और समरसेबल चलाकर पानी से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक पशुशाला में बंधे सात पशु झुलस चुके थे। पशुधन प्रसार अधिकारी निरपेंद्र शर्मा मौके पर पहुंचे और झुलसे पशुओं का उपचार शुरू कराया। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी चिंगारी से आग लगी होगी।

# दो अवैध पैथोलॉजी सील की गईं

कार्यालय संवाददाता,संभल



बाहर ऑटो सर्विस सेंटर का बोर्ड, अंदर पैथोलॉजी लैब। • अमृत विचार

- बबैना में ऑटो सर्विस सेंटर का बोर्ड लगाकर चलाई जा रही थी पैथोलॉजी लैब

**अमृत विचार :** नगर मजिस्ट्रेट संभल सुधीर कुमार ने अवैध रूप से संचालित दो लैब को सील कर दिया। यह कार्रवाई ग्राम बबैना और ऐचौड़ा कम्बोह में की गई।

नगर मजिस्ट्रेट ने सोमवार दोपहर को ग्राम बबैना अड्डे के पास शराफत अली मार्केट में स्थित नेशनल हेल्थ केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। लैब के लैटर पैड पर डॉ. वाहिद अली (डीएमएलटी, बीपीटी) और डॉ. इशाक हुसैन (डीएलएलटी) के नाम अंकित थे। मौके पर पैथोलॉजी से संबंधित उपकरण और कंप्यूटर भी मिला, जिस पर वाहिद अली निवासी अख्त्यारपुर चौबे, थाना हयातनगर कार्य करते पाए गए। लैब में इशाक भी मिले। लैब के बाहर ईशा ऑटो सर्विस सेंटर का बोर्ड लगा था, जिससे गुमराह करने की आशंका जताई गई। वाहिद अली ने स्वयं को लैब का संचालक बताया, लेकिन योग्यता और लैब संचालन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके चलते लैब सील कर दी।

इसके बाद नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम ऐचैड़ा कम्बोह में त्यागी मार्केट में पैथ केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। दुकान के बाहर लगे बोर्ड पर लैब टेक्नीशियन डॉ. मो. आमिल (बीएससी, एमएलटी) अंकित था। अंदर पैथ केयर पैथोलॉजी लैब, डॉ. खन्ना पैथकेयर प्रा. लि. और डॉ. लाल पैथलैब के लैटर पैड मिले, जिन पर रिपोर्ट और संबंधित डॉक्टरों के कंप्यूटरीकृत हस्ताक्षर दर्ज थे। हालांकि मौके पर कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं मिला। नगर मजिस्ट्रेट ने इस लैब को भी सील कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि दोनों पैथोलॉजी लैब तब तक बंद रहेंगी, जब तक उनके संचालक संचालन से संबंधित सभी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर देते।

# 'कल्कि संभल' फिल्म का विरोध

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई



अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- सपाइयों ने अपर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन-संभल में शूटिंग को इजाजत न देने की मांग

**अमृत विचार:** संभल में 1978 में हुए साम्प्रदायिक दंगे व 2024 की हिंसा पर आधारित कल्कि संभल फिल्म की संभल में शूटिंग को इजाजत न देने की मांग उठने लगी है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को सौंपा।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज ख़ां ने कहा कि अब्बा जान और भाईजान जैसे नामों को लेकर बनाई जा रही फिल्म में वर्ष 1978 से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख किया जा रहा है, जो संभल जैसे संवेदनशील जिले में अनावश्यक विवाद और उत्तेजना का कारण बन सकता है। नवंबर 2024 में मस्जिद विवाद के दौरान प्रशासन और आम जनता के सहयोग से बड़ी मुश्किल से शांति बहाल की गई थी और वर्तमान में जिले में अमन-चैन का माहौल है। ऐसे समय में विवादित विषयों पर आधारित फिल्म की शूटिंग से माहौल बिगड़ सकता है। संभल को रेलवे लाइन, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और किसानों की सुविधाओं की आवश्यकता है, न कि ऐसी फिल्मों की जो सामाजिक तनाव को बढ़ावा दें।

फिरोज ख़ां ने स्पष्ट किया कि वह किसी को धमकी नहीं दे रहे हैं, बल्कि प्रशासन से शांति बनाए रखने के उद्देश्य से अपील कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में दिलशाद, नबी, जबर सिंह, आरिफ़ ख़ां, मोनिस, सुहैल अली, रामरहीस, गौरव यादव, नफीस सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गवां नगर पंचायत कार्यालय में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** गंवा नगर पंचायत कार्यालय में रविवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अधिशासी अधिकारी के कार्यालय की फॉल सीलिंग जल गई, जबकि कुछ दस्तावेज को भी नुकसान पहुंचा।

सोमवार सुबह कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तो अंदर धुआं भरा था। नगर पंचायत अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर और ईओ श्वेतांक सारस्वत ने निरीक्षण किया। लिपिक अशोक कुमार ने बताया कि रात में किसी समय शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। आग से ईओ कक्ष की फॉल सीलिंग पूरी तरह जल गई है, हालांकि अन्य कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और क्षति का विस्तृत आकलन रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### लगन से पहले घर में लगी आग, दुल्हन का भाई झुलसा

**संभल,अमृत विचार :** संभल के मोहल्ला लाड़म सराय में फूल सिंह की बेटी कविता का लगन सोमवार की शाम जाना था। दोपहर दो बजे गैस सिलेंडर लीक हो गया। सिलेंडर से आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर दुल्हन का भाई उमेश और पड़ोसी युवक अरविंद झुलस गए। उमेश के चेहरा अधिक झुलसा है। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। गली में जा रही बिजली की लाइन भी जल गई, जिससे कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। नगर पालिका की टीम ने तारों को दुरुस्त कराया।

## न्यूज डायरी

### फर्जी फोन पे ऐप से भुगतान दिखा दुकानदार से ठगी का प्रयास

**संभल/असमोली,अमृत विचार :** फर्जी डिजिटल पेमेंट के जरिए दुकानदार से ठगी करने का प्रयास सामने आया है। दुकानदार की सतर्कता से मामला उजागर हो गया। ग्राम गुमसानी में फास्ट फूड की दुकान पर 6 फरवरी की रात पांच युवक पहुंचे। उन्होंने करीब 200 रुपये का सामान लिया और दुकान पर लगे भारत पे के क्यूआर कोड को स्कैन कर मोबाइल में फोन पे ऐप से भुगतान होने की स्क्रीन दिखा दी। स्क्रीन पर पेमेंट सफल होने का मैसेज दिखने पर भी दुकानदार के भाई को संदेह हुआ। खाते की जांच की तो भुगतान की राशि प्राप्त नहीं हुई। इसके बाद दुकान मालिक रितिक राजपूत ने युवकों के मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें दो फोन पे ऐप मिले। इनमें से एक ऐप फर्जी लगा, जिसके जरिए भुगतान सफल दिखाया जा रहा था। शक होते ही युवक भागने लगे। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। दुकानदार ने अन्य व्यापारियों से अपील की है कि वे केवल मोबाइल स्क्रीन पर भुगतान देखकर भरोसा न करें, बल्कि अपने खाते, साउंड बॉक्स या बैंक मैसेज से भुगतान की पुष्टि अवश्य कर लें, ताकि इस तरह की धोखाधड़ी से बचा जा सके।



### छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसपीईएल 3 .0 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पुलिस कार्यप्रणाली से रूबरू कराने हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बीट आरक्षी के साथ हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस कराया गया तथा महिला बीट, सीसीटीएनएस प्रणाली एवं मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए 3 .0 में आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं साइबर कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से सतर्क रहने और किसी भी साइबर अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आह्वान किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर, एसएसआई व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### युवक की हत्या का आरोप , शव सड़क पर रख लगाया जाम

**संभल, अमृत विचार :** युवक की मौत मामले में सोमवार को परिजनों ने हत्या का आरोप लगा शव संभल-गवां मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव कमालपुर सराय शाहपुर में रविवार को 20 वर्षीय अजय कुमार का शव घर में पंखे से लटका मिला था। सोमवार को परिजनों ने त्या का आरोप लगा सड़क पर शव रख जाम लगा दिया। मृतक के बड़े भाई संजीव कुमार ने बताया कि शनिवार रात गांव के ही मुनिपाल और एक किशोरी के पिता नेत्रपाल, उसके चाचा अभीताभ, ऋषिपाल और धर्मपाल अजय को बुलाकर ले गए थे। इसके बाद सुबह अजय का शव फंदे पर लटका मिला। दो महीने पहले पंचायत के बाद अजय चंडीगढ़ चला गया था और तय हुआ था कि लड़की की शादी होने तक गांव नहीं आएगा। उसके बेटे के जन्म और बहन की गोद भराई के चलते उसे बुलाया था। आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते अजय की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### 371 हज यात्रियों का टीकाकरण



**संभल, अमृत विचार :** मदरसा अजमल उल उलूम में हज यात्रियों के लिए टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले दिन 371 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। सीएमओ डा . तरुण पाठक ने शिविर का निरीक्षण किया। हज ट्रेनर कारी वसी अशरफ ने बताया कि पांच दिन हज की असली बुनियाद होते हैं। इन दिनों में लापरवाही की गई तो शेष दिनों का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाता। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने हाजियों को सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। डॉ . नीरज शर्मा के नेतृत्व में टीम ने टीके लगाए गए। चिकित्सा अधीक्षक सीएससी संभल डॉ . मनीष अरोड़ा ने मौसम और खानपान से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी। मदरसा कमेटी के सदर हाजी ज़फ़ीर अहमद और कोषाध्यक्ष सैयद अब्दुल क़दीर ने आभार व्यक्त किया। ज़िला हज ट्रेनर अब्दुल ख़ालिक,तक़ी अशरफ़ एडवोकेट, हाजी नदीम, मुहम्मद अहमद, उम्मे हबीबा,डॉ . इफ़्तेख़ार, क़ारी तन्ज़ीम अशरफ़ अजमली, मुफ़्ती आलम नूरी, मौलाना शमशाद मिस्बाही आदि ने जानकारियां दीं।

### एनकेबीएमजी महाविद्यालय में रासेयो शिविर

**चंदौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी महाविद्यालय चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं को योग कराया गया। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ शीतल,डॉ प्रियंका ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, संकल्प गीत, लक्ष्य गीत आदि को लिखवाया। डॉ. अलका ठाकुर द्वारा सभी स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किए जाने वाले विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। द्वितीय सत्र में डॉ रीता पूर्व नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा सभी स्वयंसेविकाओ को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास से अवगत कराया।

# पदोन्नति की फाइलें न मिलने पर एफआईआर के निर्देश

संवाददाता ,चंदौसी



चंदौसी तहसील का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। • अमृत विचार

- डीएम ने कोतवाली, नगर पालिका व तहसील कार्यालयों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सोमवार को चंदौसी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोतवाली, नगर पालिका परिषद, तहसील और विकासखंड बनियाखेड़ा में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी वार्ड, स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन और परिसर की साफ-सफाई देखी। कैंटीन को कवर कराने, शीतल जल प्याऊ की व्यवस्था दुरुस्त करने और पेड़ों के चारों ओर टाइल्स या पत्थर लगाकर सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए। पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती सैम बच्चों की माताओं से बातचीत की। इसके बाद कोतवाली चंदौसी का निरीक्षण कर भूमि विवाद, गुंडा एक्ट, थाना समाधान, मिशन शक्ति सहित नौ रजिस्टरों की जांच की। पुराने वाहनों की नीलामी, चौकीदारों के पदों को लेकर शासन को पत्र भेजने और प्रमुख कॉलेजों के आसपास एंटी रोमियो अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर पालिका कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने पदोन्नति से जुड़ी फाइलें न मिलने पर जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। उन्होंने नलकूपों की स्थिति, जीआईएस, आईएसओ सर्टिफिकेशन, सफाई कर्मचारियों के वेतन भुगतान और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए टीम गठित करने को कहा। सात दिन में वेतन न मिलने पर एफआईआर की चेतावनी दी गई। तहसील के नवनिर्मित द्वार के पास पोस्टर वॉल बनाने, पेड़ों के चारों ओर सौंदर्यीकरण का निर्देश दिया। विकासखंड बनियाखेड़ा मेंमुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत लाभार्थियों को पंपसेट व प्रमाण पत्र वितरित किए। सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, एसडीएम चंदौसी आशुतोष तिवारी, सीओ मनोज कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का लाइव प्रसारण

**हसनपुर, अमृत विचारः** सोमवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा-प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने हेतु "परीक्षा पे चर्चा 2026" के द्वितीय संस्करण का लाइव प्रसारण देखा।

विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव कम करने, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा लक्ष्य निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। लाइव प्रसारण में दिए गए संदेशों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे परीक्षा को भय नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखें और स्वस्थ दिनचर्या अपनाकर सफलता की ओर बढ़ें । प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाना भी है । कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा सम्बंधित अपने-अपने अनुभव साझा किए तथा शिक्षकों ने उन्हें व्यवहारिक सुझाव दिए ।

# लापरवाही पर अमीन के खिलाफ जांच के निर्देश

## कम कर संग्रहण और कार्यों में लापरवाही पर डीएम ने जताई कड़ी नाराजगी, व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता अमरोहा


ब्लॉक का निरीक्षण कर जानकारी लेतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार


थाने के निरीक्षण के दौरान निर्देश देतीं डीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** डीएम निधि गुप्ता ने वार्षिक निरीक्षण के तहत जोया ब्लॉक कार्यालय, थाना डिडौली एवं नगर पंचायत जोया का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय जोया के निरीक्षण के समय 15वें वित्त आयोग, टाइड और अनटाइड फंड द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्देश दिए कि ऐसे गांव जहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती हैं, उनको चिन्हित कर कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से समस्या का समाधान कराएं। कम कर संग्रहण और कार्यों में लापरवाही पर अमीन के खिलाफ जांच के निर्देश दिए।

सोमवार को थाना डिडौली निरीक्षण के दौरान डीएम निधि गुप्ता ने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल, अपराध रजिस्टर एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मिशन शक्ति केन्द्र के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने, साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति त्वरित कार्रवाई करने तथा संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान गांवों में जल समिति को सक्रिय कराने के निर्देश दिए। स्थापना रजिस्टर, भ्रमण

● **जोया ब्लॉक कार्यालय, नगर पंचायत, थाना डिडौली का डीएम ने किया निरीक्षण**

पंजिका और सर्विस बुक देखकर पूर्ण और अद्यतन रखने के निर्देश दिए। हैंडपंप के किए गए रिबोर और मरम्मत की जांच के निर्देश दिए। कार्यालय में विद्युत सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए।

नगर पंचायत कार्यालय के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने जन्म पंजीकरण रजिस्टर की जांच की तथा इसे व्यवस्थित रूप से रखने और निर्धारित समय-सीमा में पंजीकरण करने के निर्देश दिए। संपत्ति कर संग्रह की जानकारी लेते हुए पिछले और वर्तमान वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए बढ़ाने के निर्देश दिए। कम कर संग्रहण और कार्यों में लापरवाही पर अमीन का स्पष्टीकरण जारी करने के साथ अनुशासनिक जांच करने के निर्देश दिए।

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए यूजर चार्जेस की जानकारी ली तथा आय के अन्य स्रोत तलाशने के निर्देश दिए। 15वें वित्त आयोग की धनराशि के अवशेष को शीघ्र व्यय करने तथा पूरे नगर में स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# जल लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के जत्थे

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व के निकट आते ही शहर व देहात क्षेत्र में कांवड़ियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कांवड़ियों का रेला उमड़ने लगा है। शहर और देहात से कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार से कांवड़ लाने के लिए कूच करने लगे हैं। रोडवेज बस अड्डे से लेकर विभिन्न स्थानों पर कांवड़िए दिखाई दे रहे हैं।

शिवभक्त कंधे पर पुरानी कांवड़ लेकर हरिद्वार को जा रहे हैं। दो दिन बाद यहां से लौटने के सिलसिला शुरू होगा। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या देखते हुए रोडवेज प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं। उन्हें चिंता है, कि यदि शिवभक्तों की संख्या बढ़ी तो दिक्कत हो सकती है। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि 15 फरवरी को है। ऐसे में हरिद्वार से कांवड़ और गंगाजल लेने जाने वाले शिवभक्तों का चारों तरफ से भीड़ उमड़ने लगी है। धीरे-धीरे कारवां बढ़ता जा रहा है।

सोमवार को कांवड़ियों की संख्या अधिक देखी गई। क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं से कांवड़ियों का जत्था हरिद्वार को रवाना हुआ। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि कांवड़ियों को किसी भी परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

● **महाशिवरात्रि पर शिवालयों में करेंगे जलाभिषेक**

### रेलवे स्टेशन पर भी कांवड़ियों की भीड़

महाशिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही शिवभक्त कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार को निकल पड़े हैं। जिसके चलते शहर के रेलवे स्टेशन पर कांवड़ियों की भीड़ देखी जा रही है। कांवड़ियों की भीड़ से शहर के रेलवे स्टेशन से हरिद्वार को जाने वाली ट्रेनें फुल चल रही है। सोमवार को अमरोहा के गजरौला रेलवे स्टेशन पर काफी संख्या में कांवड़िए पहुंच गए। हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए ट्रेन में बैठ गए। कांवड़ियों के चलते रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ रही।

# हेल्थ लेबोरेट्री व ब्लड कलैक्शन सेंटर शुरू

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


फीता काटकर उद्घाटन करतीं डीएम निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** डीएम निधि गुप्ता ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में इण्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री एवं ब्लड कलैक्शन सेंटर का लोकार्पण किया। यहां अब हेपेटाईटिस बी एवं सी के वॉयरल लोड की जांच, टीबी, मलेरिया, फाईलेरिया, डेगू, चिकनगुनिया, यूरिन, थॉयराईड, विटामिन डी, बी12, सीबीसी, गुर्दे एवं लिवर की सभी जांचें मशीनों द्वारा की जाएंगी।

सोमवार को डीएम निधि गुप्ता, पालिकाध्यक्षा शशि जैन ने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अन्तर्गत नवनिर्मित इण्टीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेट्री का लोकार्पण किया। लैब में हेपेटाईटिस बी एवं सी के वॉयरल लोड की जांच, टीबी, मलेरिया, फाईलेरिया, डेगू, चिकनगुनिया, यूरिन, थॉयराईड, विटामिन डी, बी12, सीबीसी, गुर्दे एवं लिवर की सभी जांचें, लिपिड प्रोफाईल व अन्य हेमेटोलॉजीकल, पुरुष एवं महिलाओं की हार्मोनल जांच तथा बायोकैमेस्ट्री जॉचें मशीनों से की जाएगी।

● **डीएम ने जिला अस्पताल में किया लोकार्पण, मिलेंगी कई सुविधाएं**

डीएम ने बताया कि नवनिर्मित ब्लड कलैक्शन सेंटर में मरीजों का पंजीकरण कर ब्लड सैम्पल एकत्र कर आईपीएचएल लैब में जांच हेतु भेजा जायेगा। इसी सेंटर से मरीजों की जांच रिपोर्ट भी वितरित की जायेगीं। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ. योगेन्द्र सिंह, समाजसेवी हरि सिंह मौर्य, अनिल स्वरूप टंडन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अनिल कुमार भण्डारी, जनरल सर्जन, डॉ. विनय भार्गव, वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. प्रज्ञा प्रसाद, वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. प्रमोद कुमार, वरिष्ठ परामर्शदाता, डॉ. चरन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. शशांक बस्सी एवं डॉ. मौ. इकबाल, चिकित्साधिकारी आदि रहे।

# बाथरूम में लटका मिला मजदूर की पत्नी का शव

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव उसके घर के बाथरूम में फंदे से लटका मिला। घटना के समय उसका पति घर से बाहर था। जब वह घर आया तो उसके बच्चे बाहर खेल रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतका इंद्रकली।

अमरोहा नगर कोतवाली क्षेत्र के फ्रैंड्स कॉलोनी में अरविंद कुमार भैंसों का पालन करते हैं। करीब चार महीने पहले उन्होंने मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के वैभारी थाना क्षेत्र के आमदी गांव निवासी मोनू को पशुओं की देखभाल के लिए रखा था। मोनू अपनी पत्नी इंद्रकली और दो बच्चों के साथ पशुओं के घेर के पास बने एक छोटे से मकान में रहता था। रविवार की दोपहर मोनू किसी काम से बाहर गया था। घर पर इंद्रकली और दोनों बच्चे थे। दोपहर करीब दो बजे जब मोनू घर लौटा, तो उसे पत्नी दिखाई नहीं दी, जबकि बच्चे घर में खेल रहे थे। इंद्रकली का शव बाथरूम में फंदे से लटका देख मोनू के होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

● **मध्यप्रदेश का परिवार पशुओं की देखभाल करता था**

# गोकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

● **आरोपियों से पशु कटान करने वाले उपकरण समेत अन्य सामान बरामद, दोनों को जेल भेजा**

● **शनिवार की रात सड़क किनारे फेंके थे अवशेष, मांस एक मीट की दुकान पर बेचा था**

**अमृत विचारः** सड़क किनारे मिले गोवंशीय अवशेष के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कटान करने वाले उपकरण आदि सामान बरामद किया है। आरोपियों ने तीन दिन पहले गोकशी कर मांस अमरोहा की एक मीट की दुकान पर बेचा था।

घटना शनिवार की देर रात थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के अमरोहा-धनौरा मार्ग की है। यहां पर सड़क किनारे गोवंशीय अवशेष पड़े मिले थे। बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया था। सूचना पर सीओ अवधमान भदौरिया ने प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मौका मुआयना किया था। ये अवशेष लगभग 3-4 दिन पुराने प्रतीत हो रहे थे। महाशिरात्रि से पहले गांकशी से तनाव की आशंका से पुलिस-प्रशासन सतर्क था। इस संबंध में नौगावां सादात थाने में अज्ञात के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

एसपी अमित कुमार आनंद ने अनावरण के लिए एक टीम का गठन किया। टीम ने सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से सोमवार को दो आरोपी शौकीन पुत्र रफीक और अब्दुल रहीम उर्फ रहीश उर्फ ढबरा निवासी गांव सैदपुर इम्मा को नौगांवा तगा कमालपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से कटान में प्रयुक्त होने वाले दो छुरी, एक तकला (सुवां), एक दांव, एक रस्सी, एक लकड़ी का गुटखा और एक प्लास्टिक का कट्टा जैसे पशु के उपकरण बरामद किए है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपियो से पूछताछ में पता चला है कि ये लोग गोवंशीय पशुओं को पकड़कर उनका वध करते थे और फिर मांस बेचते थे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य में उनका एक साथी मोइन निवासी मोहल्ला पनबाड़ी, थाना अमरोहा भी शामिल है, जिसकी दुकान पर वे मांस बेचते थे। आरोपियों ने चार दिन पहले अमरोहा-धनौरा रोड क्षेत्र में इसी तरह की घटना को अंजाम दिया था और मांस को मोइन की दुकान पर बेचा था। ऐसी ही घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार आरोपी दुकानदार मोइन निवासी मोहल्ला पनबाड़ी थाना अमरोहा नगर को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हिंदू सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, सैदनगली



महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज।

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सैदनगली मंडल द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ. विशेष गुप्ता ने बताया कि संघ राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में समर्पित है। उन्होंने विशेष रूप से पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन शैली, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य) की अवधारणा पर जोर देते हुए समाज से जागरूक होने की अपील की। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद महाराज ने हिंदू समाज के उत्थान के लिए संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्यों को जीवन में उतारना चाहिए। एक समरस समाज के निर्माण से ही राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करेगा। खंड संघचालक डॉ. पुनीत गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता दिनेश टांक ने की। प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# बाईपास मार्ग पर हटवाया अतिक्रमण

संवाददाता, हसनपुर


अतिक्रमण हटाते नगर पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर में सोमवार को प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान नगर पालिका कर्मियों एवं व्यापारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। अधिकारियों के अनुसार आगे भी अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा।

नगर के बाईपास मार्ग, मेन बाजार, अंबेडकर पार्क एवं गजरौला मार्ग पर काफी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो रखा है, जिसके कारण नगर वासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पालिका प्रशासन द्वारा दो दिन से नगर में अतिक्रमण हटवाने की अपील भी की जा रही थी। महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भक्तों के आगमन को लेकर शासन के निर्देश पर सोमवार को उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। टीम द्वारा संभल बस स्टैंड चौराहे से हाता चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया अभियान के अंतर्गत अवैध रूप से लगाई गई टीनशेड एवं स्लैब हटवाई गई और इसी के साथ सड़क किनारे के फुटपाथ भी खाली करवाए गए। अतिक्रमण हटाओ अभियान के चलते व्यापारियों में हड़कंप का माहौल रहा।

● **नगर पालिका कर्मियों एवं व्यापारियों के बीच नोकझोंक**

इस दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण करने वालों से लगभग 8000 का जुर्माना भी वसूल किया। उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय द्वारा बताया गया कि अभियान शासन के आदेश पर चलाए जा रहा है और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार पंकज त्यागी, अधिशासी अधिकारी विजयपाल, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सहित राजस्व,पुलिस एवं पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

## न्यूज डायरी

### एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करने जा रहे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली का सोमवार को गांव शाहपुर कला में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। शौकत अली ने कहा कि आगामी चुनाव में पूरे प्रदेश में पार्टी उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने बिहार एवं महाराष्ट्र के चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह उत्तर प्रदेश के चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। कहा कि बजट में कपड़ा सस्ता करने की बात की जा रही है जबकि सूत पर सरकार ने टैक्स बढ़ा दिया है। स्वागत के दौरान प्रदेश महासचिव हाजी शहजाद खान, एससी-एसटी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष टीपी सिंह, छुन्नन अल्वी, शाजेब सलमानी, साजिद चौधरी, हाफिज आसिफ, मेहताब चौहान, समीम तुर्क, साजिद सैफी, मारूफ अंसारी,सादिक कादरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### परीक्षा देने गई कक्षा 9 की छात्रा के साथ दुष्कर्म

**अमरोहा , अमृत विचार :** डिडौली क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 9 की छात्रा 7 फरवरी को पेपर देने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने बेटी को काफी तलाश किया। 8 फरवरी को घर आई बेटी ने बताया कि गौतम उसे बहला फुसलाकर ले गया और उसे 4 घंटे तक ईख के खेत में रखा। उसके बाद उसका भाई जैकी उसे पाकबड़ा ले गया। वहां पानी के प्लांट पर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों भाइयों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बंदरों के डर से वृद्धा की छत से गिरकर मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के चक फेरी गांव निवासी 65 वर्षीय चमेली छत पर बैठी थीं। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड आ गया। बंदरों से बचने की कोशिश में चमेली का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से गिर गईं। परिजन अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### बिजली के खंभों पर लपेटी गई पॉलिथीन

**हसनपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव भक्तों और कांवड़ियों की सुरक्षा को रखते हुए विद्युत विभाग ने विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। सोमवार को तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवाला मंदिर के आसपास विद्युत पोलों पर पॉलिथीन लगाने का अभियान चलाया गया। एसडीओ मिथिलेश यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर और मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। बारिश या नमी के कारण लोहे के खंभों में करंट उतरने का खतरा बना रहता है। श्रद्धालुओं और कांवड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा या जान-माल का खतरा न हो, इसके लिए सुरक्षा कवच के तौर पर खंभों को पॉलिथीन से कवर किया जा रहा है। अवर अभियंता अजय कुमार ने देखरेख में कार्य संपन्न कराया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पर्व संपन्न होने तक विभाग की टीम अलर्ट मोड पर रहेगी।

### शादी का झांसा दे यौन शोषण, केस दर्ज

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र में एक महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा दे तीन वर्षों से शारीरिक शोषण करने ।मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता की एफआईआर के अनुसार, वह अपनी बीमार बहन की देखभाल के लिए उसके गांव आई थी। इसी दौरान गाँव का रहने वाला आरिफ पुत्र अमीन, जो पेशे से ड्राइवर है, उसने शादी का झांसा दिया और पिछले 3 वर्षों से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। उसे हाल ही में पता चला कि आरिफ का किसी अन्य से भी प्रेम संबंध चल रहा है। उसने इस बारे में आरिफ से पूछताछ की, तो आरोपी ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी आरिफ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**मंडी धनौरा , अमृत विचार :** रविवार रात तेज रफ्तार कैंटर ने पैदल जा रहे ग्रामीण को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मोहम्मदपुर पट्टी निवासी सूरवीर सिंह रविवार रात करीब 10 बजे किसी काम से घर से बाहर गए थे। इसी दौरान गिल हॉस्पिटल के पास सामने से आ रहे एक कैंटर के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एम्बुलेंस से शव को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया। सोमवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। मृतक के पुत्र भूपेंद्र सिंह ने बछरायूं थाने में अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहन नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# घूसखोर पंडत के निर्देशक का फूंका पुतला

संवाददाता, हसनपुर


पुतला फूंकते भाकियू बीआर अंबेडकर कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर ने घूसखोर पंडत फिल्म के निर्देशक का पुतला फूंककर विरोध जताया और फिल्म को रिलिज न होने देने की सरकार से मांग की। चेतावनी दी कि अगर फिल्म रिलीज की गई तो बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

सोमवार को नगर के रहरा अड्डे चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और घूसखोर पंडत फिल्म के डायरेक्टर नीरज पांडे का पुतला दहन किया।

डॉ. दिग्विजय सिंह ने कहा घूसखोर पंडत फिल्म में ब्राह्मण समाज को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा है जिसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने सरकार से फिल्म पर रोक लगाने की मांग की।

● **भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

चेतावनी दी है कि फिल्म रिलीज होती है तो यूनियन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगी। उन्होंने सरकार से मांग की जिस फिल्म के द्वारा किसी भी जाति-धर्म का अपमान होता हो ऐसी फिल्म पर रोक लगा देनी चाहिए।

पुतला दहन के दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी भी की। मयंक प्रधान, सोनू गुर्जर,अरविंद जाटव,कुलदीप भारती,सूरज पाल, जफर रजा,सुमित गुर्जर, अशोक पहलवान,रूम सिंह खड़गवंशी,यासीन अंसारी,आनंद गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# लेखपाल की बहाली की मांग एसडीएम को सौपा ज्ञापन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा हसनपुर ने समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। निलंबित लेखपाल की बहाली एवं कार्यभार कम करने सहित कई मुद्दों पर कार्रवाई करने की मांग की।

सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ हसनपुर के अध्यक्ष दीपक चौधरी के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय को एक ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि लेखपाल मृतपाल सिंह की बहाली की जाए, इसी के साथ लेखपाल के कार्यभार को कम करने की भी मांग की गई क्योंकि अन्य विभाग के कर्मचारी कोई भी सहयोग नहीं करते। लेखपालों ने तहसील परिसर में स्थित आवासीय भवनों के आवंटन का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन देने वालों में दिनेश सिंह, सतीश चंद्र, मुस्तकीम अली, मेहर सिंह राणा, पवन कुमार, केशव दत्त शर्मा, ललित कुमार, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।


एसडीएम हिमांशु उपाध्याय को ज्ञापन देते लेखपाल। ● अमृत विचार



अतीत चाहे दु:खद ही क्यों न हो, उसकी स्मृतियां मधुर होती हैं।
-मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार



## महत्वपूर्ण है मलेशिया

एशिया–प्रशांत की बदलती भू-राजनीति में मलेशिया भारत के लिए एक रणनीतिक धुरी बनता जा रहा है। हिंद महासागर से दक्षिण चीन सागर को जोड़ने वाले मलक्का जलडमरू मध्य के किनारे स्थित मलेशिया उस समुद्री मार्ग की निगरानी में अहम है, जिससे भारत के कुल समुद्री व्यापार का आधे से अधिक हिस्सा गुजरता है। ऐसे में कुआलालंपुर के साथ गहराता सहयोग केवल व्यापार नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और सामरिक संतुलन का प्रश्न भी है। ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए समझौते इस साझेदारी को संस्थागत आधार देते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर परियोजनाओं में सहयोग भारत की ऊर्जा विविधीकरण नीति को मजबूती देगा, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष, सस्ती दवाओं और नर्सिंग सेवाओं में तालमेल दोनों देशों के सामाजिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा सकता है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और समुद्री सहयोग से हिंद–प्रशांत में भारत की उपस्थिति सुदृढ़ होगी।

पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के बीच भारत का क्षेत्रीय सहयोग पर जोर स्वाभाविक है। 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' की नीति अब आर्थिक और सामरिक दोनों रूपों में परिपक्व हो रही है। मलेशिया, जो आसियान में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, इस प्रक्रिया का प्रवेश द्वार बन सकता है। 2016 में भारत–आसियान व्यापार 65 अरब डॉलर था, जो 2025 तक 123 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। नए समझौतों के बाद इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है, विशेषकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल क्षेत्र में। सेमीकंडक्टर उद्योग में मलेशिया के चार दशकों के अनुभव और मजबूत इकोसिस्टम का भारत को सीधा लाभ मिलेगा। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप निर्माण को बढ़ावा दे रहा है; ऐसे में संयुक्त निवेश, तकनीकी साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग से भारत आयात निर्भरता घटेगी। मलेशिया को भी विशाल भारतीय बाजार और उत्पादन आधार का लाभ मिलेगा, यह परस्पर पूरकता का उदाहरण है। डिजिटल क्षेत्र में मलेशिया–इंडिया डिजिटल काउंसिल, यूपीआई और पेननेट के जुड़ाव से व्यापार, पर्यटन तथा निवेश में सहजता आएगी। भारत की फिनटेक तकनीक को विस्तार मिलेगा। रुपये–रिंगिट में लेन-देन की व्यवस्था डॉलर निर्भरता घटा सकती है। मलक्का जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर में चीन–ताइवान–अमेरिका तनाव के कारण समुद्री मार्ग संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारत–मलेशिया समुद्री सहयोग का महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सीमा-पार कट्टरपंथ पर समन्वय का निर्णय भी सुरक्षा सहयोग को नया आयाम देता है। मलेशिया ने अतीत में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर संतुलित रुख अपनाया है, किंतु हाल के वर्षों में आतंकवाद विरोधी सहयोग में सक्रियता दिखाई है। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय रहते हैं, प्रवासी भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या, ऐसे में नया वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर केंद्र और छात्रवृत्ति सांस्कृतिक कूटनीति को गहराई देंगे। सोशल सिक्योरिटी समझौता, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई का विस्तार भारतीय कामगारों और पर्यटकों के लिए राहतकारी कदम होंगे।

### प्रसंगवश

## फरवरी का महीना खत से सोशल मीडिया तक

फरवरी का महीना आते ही प्यार की ऋतु का आगमन हो जाता है। इस बसंत महीने में नवयुवकों और नवयुवतियों के मन में अलग तरह की अनुभूति होने लगती है। यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। इस उम्र में ऐसा होना बिल्कुल स्वाभाविक है। अक्सर इस समय सही और गलत समझने की शक्ति पूरी तरह विकसित नहीं होती, क्योंकि मन अनियंत्रित-सा इधर-उधर अपने संग-साथी की तलाश में भटकता रहता है।

आज का प्यार पहले की तुलना में कम टिकाऊ दिखाई देता है। ज़रा-सी गलतफ़हमी या गुस्सा आ जाए, तो आज के युवाओं में सब्र करने की शक्ति कम पड़ जाती है। रिश्ते में मेहनत और समझदारी दिखाने के बजाय वे तुरंत निर्णय ले लेते हैं। रिश्ते को खत्म कर आगे बढ़ जाना और कुछ ही दिनों में नए रिश्ते की तलाश शुरू कर देना आम हो गया है। आज के दौर में प्रेम कई बार छणिक-भंगुर सा महसूस होने लगा है। युवा बिना ठहराव के रिश्ते बदल देते हैं और गहरी समझ-बूझ की जगह लिव-इन रिलेशनशिप ने ले ली है। स्थायित्व, त्याग और प्रतीक्षा जैसी भावनाएं अब पहले जैसी दिखाई नहीं देतीं।



धनीश शर्मा
लेखक

फ़रवरी का महीना आरंभ होते ही युवाओं में नई उमंगें तैरने लगती हैं। इस महीने का इंतज़ार पहले से ही शुरू हो जाता है। मन के अंदर दबे अहसासों को बयां करने की हिम्मत मिलती है— कुछ कामयाब होते हैं, तो कुछ नाकाम। नब्बे के दशक में युवा अपने दिल की बात ख़त के ज़रिये पहुंचाते थे। वो खत किसी वफ़ादार दोस्त के हाथों आदान–प्रदान होते थे और जवाब के इंतज़ार में महीनों गुज़र जाते थे। अगर जवाब मिल जाए तो खुशी, वरना फिर अगले साल फ़रवरी आने तक इंतज़ार सिर्फ़ इंतज़ार। उस दौर में प्यार धीमी रफ़्तार वाला था। भावनाएं गहरी थीं और धैर्य सबसे बड़ी ताकत थी।

पहले प्यार पर बनने वाली फ़िल्में—लैला–मजनू, हीर–रांझा, सोनी–माहिवाल—जो कभी प्रेम की मिसाल मानी जाती थीं, वक़्त के साथ जैसे कहीं गुम हो गई हैं। उन कहानियों में त्याग, तपस्या और लंबे इंतज़ार की गहरी परतें थीं। वहीं आज की पीढ़ी तेज़ रफ़्तार, त्वरित जवाब और बिना संघर्ष वाली प्रेम कहानियों की आदी हो चुकी है। पुराने प्रेम की वह आत्मा अब परदे पर भी कम ही दिखाई देती है।

साल 2000 आते-आते बहुत कुछ बदल चुका था। मोबाइल का जमाना शुरू हो गया था और युवा अब अपनी दिल की बात ख़त में नहीं, बल्कि टेक्स्ट मैसेज में लिखने लगे थे। फ़रवरी का सफ़र अब कागज़ के पन्नों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर सीमित हो गया था। जो इंतज़ार पहले महीनों का होता था, वह अब मिनटों और घंटों में सिमट गया। भावनाओं की गहराई जैसी-की-तैसी रही, लेकिन अभिव्यक्ति का माध्यम तेज़ और सरल हो गया।

धीरे-धीरे मोबाइल का स्वरूप और तकनीक दोनों विकसित हुए। जहां युवा सिर्फ़ टेक्स्ट भेजकर 'हां' या 'न' का इंतज़ार करते थे, वहीं 2010 आते-आते वीडियो कॉलिंग का दौर शुरू हो गया। अब चेहरे के हावभाव, मुस्कान, झिझक और शर्म भी स्क्रीन पर दिखाई देने लगे। रिश्तों में एक नई नज़दीकी और एक नया अंदाज़ जन्म लेने लगा। कुछ लोग इस बदलाव से खुश हुए, तो कुछ को लगा कि भावनाओं की गंभीरता अब कम होने लगी है।

साल दर साल वक़्त बदलता गया, लेकिन फ़रवरी का महत्व वही रहा—उत्सुकता, उमंग, उम्मीद और थोड़ी-सी घबराहट वाला महीना। अब 2026 तक आते-आते वीडियो कॉलिंग से लेकर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सऐप तक प्यार कई रंगों में बदल चुका है। अब स्टोरी, रील, स्टेटस और इमोज़ी भी प्रेम के संदेश बन गए हैं।

## वैश्विक व्यापार की धुरी बनता भारत





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

विश्व की कुल आबादी का करीब 17.7 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला भारत आज 1.47 अरब मानव संसाधन के साथ दुनिया का अग्रणी व सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। ये ऐसे युवा हैं, जिनके पास व्यापक विजन, दक्षता, उत्साह, अपने व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का जज्बा तो है ही, वैश्विक व्यापारिक समझ में भी किसी विकसित देश से कमतर नहीं हैं। भारत व यूरोपीय संघ के मध्य चाहें 'मदर आफ आल डील' को जमीन पर उतारना हो या संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सात फरवरी अर्थात शनिवार को हुआ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता... भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी 'साख व धाक' बना ली है।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं, वरन एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। उपभोक्ताओं का समंदर बन चुका भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं। उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप के दो बड़े देशों कनाडा व यूएसए के अलावा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के देशों अर्थात ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, मैक्सिको, क्यूबा व पैरागुए से भी भारत का आयात-निर्यात परवान चढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के देशों यानी फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, स्पेन व इटली से भी व्यापारिक लेन-देन सुदृढ़ हो चला है।

अफ्रीकी महाद्वीप के कुछ देशों के साथ हमारी व्यापारिक गतिविधियां सकारात्मक दिशा की ओर तो बढ़ ही रही हैं, एशिया-ओसियाना के देशों में भी हमने अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन व रूस के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार सतत आगे बढ़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड से भी आपसी व्यापार पटरी पर दौड़ रहा है।

विकसित, अर्द्धविकसित व विकासशील देशों की अनेकानेक वस्तुओं का आयात तो भारत कर ही रहा है, अपनी गुणवत्तापरक चीजों व आधारभूत संरचनाओं को उन्हें बड़े पैमाने पर निर्यात भी कर रहा है। उत्तम व्यापारिक समझ, मजबूत सेवा निर्यात व विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण आज भारत का भुगतान संतुलन सही दिशा में है। हमारे पास 11 महीनों से अधिक के आयात के बराबर का मुद्रा भंडार है, जो छह माह के आदर्श से बेहतर है। हम 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बन चुके हैं। यह हमारी बाह्य क्षेत्र को स्थिरता को दर्शा रहा है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व अन्य पूंजी प्रवाह में स्थिरता है, ये हमारी भुगतान संतुलन को मजबूत सहारा दे रहे हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले प्रमुख देशों में सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड व जापान अग्रणी हैं। सिंगापुर व मॉरीशस तो भारत के लिए शीर्ष निवेशक आज भी बने हुए हैं। अंतरदेशीय या द्विपक्षीय व्यापार पारस्परिक लाभ, समानता, निष्पक्षता व राज्य के आर्थिक विकास के साधन पर निर्भर होता है। वैश्विक व्यापार आपसी समझ व साख को खास तरजीह देता है। व्यापारिक समझौते साझा विकास पर आधारित होने चाहिए, न कि एक पक्ष द्वारा दूसरे के शोषण पर। विभिन्न देशों के साथ व्यापार करते समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना होगा।

दुनिया के बाजार में भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहिए, वह चाहे यूएसए या ईयू के साथ व्यापारिक रिश्ते ही क्यूं न हों। भारत-ईयू के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत वर्ष 2031 तक 51 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। शनिवार को यूएसए के साथ हुए अंतरिम व्यापारिक समझौते में भारतीय निर्यातकों, विशेष तौर पर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए करीब 30 हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलने की बात हो रही है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ अब 18 प्रतिशत रह जाने के बाद वहां निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं के उत्पादकों को भारी राहत मिलेगी।

भारत के कुल निर्यात में यूएसए का का हिस्सा 18 प्रतिशत, जबकि आयात में 6.22 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डालर तक पहुंच गया है। भारत-अमेरिका के मध्य हुए व्यापारिक समझौते से भारत में किसानों व उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत से यूएसए को निर्यात किए जाने वाले मसालों, फलों, सब्जियों के अलावा कृषि उत्पादों, रत्न-आभूषणों शुल्क रहित होंगे। भारत से करीब 13 अरब डालर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। दोनों देशों की डील में भारतीय किसानों की रक्षा के लिए गेहूं, चावल, चीनी व डेयरी उत्पादों को बाहर रखा गया है।

व्यापारिक समझौते से निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण के साथ रोजगार सृजन की दिशा को बल मिलेगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।

विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना व साख आधारित साझेदारी के कारण विकसित देशों की पसंद बन चुका है। वैश्विक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में भारत को बेहद चौकन्ना भी रहना होगा। कौटिल्य ने अपनी कृति 'अर्थशास्त्र' में लिखा है कि आपसी व्यापार में अत्यधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अवसरों की विश्वसनीयता की जांच करने पर जोर देते हुए यह भी लिखा है कि समान लोगों के बीच ही प्रेम या स्नेह (संबंध) फलते-फूलते हैं।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं वरन एक बड़ा बाजार भी है। भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं।

### आमने सामने



राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान एक निर्दोष दर्जी की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। राजस्थान में जो भी हिंसा और लिंचिंग जैसी घटनाएं हुईं, वे कांग्रेस के शासनकाल में ही फली–फूलीं।

-निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्तमंत्री

कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था, फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। 2022 से आज 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



## दुनिया से हर साल कहां गुम जाते हैं 80 लाख लोग



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं।

अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली।

असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं, जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इनकी गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है।

बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लापता लोगों के मामले सामने आते रहे हैं। हर साल पूरी दुनिया में 80 लाख लोग लापता होते हैं, अधिकतर के बारे में सुराग ही नहीं मिल पाता।

### सोशल फोरम

## "...अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"

छोटा कुर्ता, खुला पायजामा, पांव में कोल्हापुरी, यदा कदा मुंह में बीड़ी, लंबे बिखरे बाल। यह सब एक बाहरी व्यक्तित्व हैं। किंतु जब उनकी जुबां खुलती, "यह आकाशवाणी है, अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"...। खनकदार आवाज, उसमें अजब सा भारीपन, स्पष्ट उच्चारण, हर शब्द का असल असर। पांडेय साहब भारत के सबसे अधिक सुने जाने वाले समाचार वाचक थे।



ललित शर्मा
ब्लॉगर

21 मार्च 1948 से शुरू हुआ उनका समाचार वाचक का करियर 1983 तक चला। पेशे से रंगकर्मी, लेखक, उद्घोषक कानपुर में जन्मे पांडेय साहब देश की आवाज नाम से जाने जाते थे। मौलाना आजाद, लियाकत अली, लाल बहादुर शास्त्री, जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी के मृत्यु समाचार उन्होंने ही पढ़े। ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पांडेय साहब का दूरदर्शन में भी काफी दखल रहा।

इन्होंने राष्ट्र को भाषा क्या है, के विषय में बताया। सही उच्चारण, कॉमा, पूर्ण विराम, पॉज केवल लिखने के लिए नहीं बोलने में भी महत्वपूर्ण है, बताया। उन्होंने भाषा के लिए नए मानक तय किए।

कहा जाता है कि सुबह आठ बजे जब उनका बुलेटिन शुरू होता था, तो लोग अपनी घड़ियां मिलाते थे। उनकी पाबंदी और उच्चारण (Pronunciation) इतना सटीक था कि उसमें एक सेकंड या एक मात्रा की भी गलती की गुंजाइश नहीं होती थी।

वे इतने विश्वसनीय थे कि संजय गांधी के निधन (1980) के समय, देवकी नंदन पांडेय जी रिटायर हो चुके थे, लेकिन प्रशासन ने विशेष रूप से उन्हें घर से बुल्वाया, क्योंकि उनका मानना था कि इतनी बड़ी और दुखद खबर अगर पांडे जी की भारी आवाज़ में नहीं जाएगी, तो शायद लोगों को यकीन नहीं होगा। आज की तेज़-तर्रार मीडिया के दौर में, देवकी नंदन पांडे की वो 'ठहरी हुई' और 'दमदार' आवाज़ एक सुनहरी याद बनकर रह गई है।

आज के जमाने में समाचार वाचक का कोई खास महत्व नहीं है। समाचार वाचक, एक संदेश वाहक मात्र है। उसका अपना ओपिनियन उसके चेहरे पर नजर नहीं आना चाहिए, आवाज में झलकना नहीं चाहिए। इस युग में अब इसका कोई महत्व नहीं। न्यूज रीडर ही न्यूज बना रहा है, वही हैंडल कर रहा है। न भाषाई शुद्धता है और न ही व्यवहारिक आचरण। युवक आज यही सीख भी रहा है।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## नर्सरी से कॉलेज तक दाखिले की युद्धभूमि

आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है और यह साबित करने की ज़िम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है।

दाख़िले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियां लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूंढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है, जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60–65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविज़न जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95–96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है— "अब क्या होगा?" यह सवाल सिर्फ़ भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुंचाता है।

विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है- टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढांचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महंगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं, लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह* 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# महाशिवरात्रि

## देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व

हिन्दू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पावन पर्व भगवान शिवजी को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव के भक्त उनकी कृपा पाने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा आराधना करते हैं। इस दिन रात्रि पूजन भी किया जाता है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण चार पहर की पूजा होती है। मान्यता है कि चार पहर की पूजा करने से व्यक्ति जीवन के पापों से मुक्त हो जाता है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा संध्या काल से शुरू होकर अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। सामान्य गृहस्थ को महाशिवरात्रि के दिन शुभ और मनोकामना पूर्ति के लिए सुबह और संध्या काल में शिव की आराधना करनी चाहिए।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

### समग्रता के प्रतीक शिव

भगवान शिव का व्यक्तित्व एवं स्वरूप समग्रता का प्रतीक है यह उनके जीवन का वह दर्शन प्रदान करता है, जो मनुष्य को उसके व्यक्तित्व के उच्चतम शिखर तक ले जाता है। भगवान शिव का यह चरित्र मानवीय जीवन के उच्चतम आदर्शों की पराकाष्ठा है। महादेव गृहस्थ भी हैं और वीतरागी आदियोगी भी, उनका यह गुण संदेश देता है कि योग के मार्ग पर चलने के लिए ईश्वर की भक्ति के लिए संसार त्याग आवश्यक नहीं है। त्याग तो स्वयं की दुष्प्रवृत्तियों का, आसत्ति व अहंकार का करना चाहिए ताकि अंतःकरण को योग के अनुकूल बनाया जा सके। कैलाशवासी भगवान शिव एक ओर तो परम पवित्र हिमालय में तपस्या में लीन रहते हैं, तो दूसरी ओर भूतगणों के साथ श्मशान में निवास करते भी माने जाते हैं। इसका व्यावहारिक आशय यह है कि पवित्र और श्रेष्ठ के संपर्क में रहना श्रेयकर है, किंतु घृणित और पापी किसी को नहीं समझा जाना चाहिए। सब परमात्मा की ही संतान हैं एवं वे स्वयं सबको बराबर स्नेह करते हैं। शिव यहां सम्यक दृष्टि व मैत्री की शिक्षा देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका न तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे, लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

### शिव और शक्ति मिलन

महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य के लिए जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थे, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है। इसलिए महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों एवं भगवान शिव के उपासकों का एक मुख्य त्योहार है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान शिव की सेवा में दान-पुण्य करने व शिव उपासना से उपासक को मोक्ष मिलता है। शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा है कि एक बार पार्वतीजी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'महाशिवरात्रि' के व्रत का उपाय बताया। चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं। अतः ज्योतिष शास्त्रों में इसे परम शुभफलदायी कहा गया है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में आती है, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही महाशिवरात्रि कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य देव भी इस समय तक उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा गया है।

### पूजा से शांत होते हैं कुंडली के दोष



महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, मां के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ती है। सुहागिन महिलाओं को इसदिन मां पार्वती को श्रृंगार हेतु मेंहदी चढ़ानी चाहिए और पुरुषों को पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से स्नान कराकर बेलपत्र पर अष्टगंध, कुमकुम अथवा चंदन से राम-राम लिखकर 'ॐ नमः शिवाय करालं महाकाल कालं कृपालं ॐ नमः शिवाय' कहते हुए शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। साथ ही भांग, धतूरा और मंदार पुष्प तथा गंगाजल भी अर्पित हुए काल हरो हर, कष्ट हरो हर, दुःख हरो, दारिद्रय हरो, नमामि शंकर भजामि शंकर शंकर शंभो तव शरणं। मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए।

## समस्त सृष्टि के स्वामी शिव



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

देवों के देव महादेव, भूतभावन, व्योमकेष, जीवों का परम कल्याण करने वाले भगवान आषुतोश भोले भंडारी के परम उत्सव पर अपनी लेखनी को पवित्र करने का लेख संवरण नहीं कर पा रहा हूं। शिवरात्रि हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों मे से एक है। शिव ही समस्त सृष्टि के स्वामी हैं। भूतभावन भगवान शंकर ही इस चराचर जगत के समस्त प्राणियों (मनुश्य, पशु, पक्षी, देव, दानव) को इस धरा पर अस्तित्व प्रदान करते हैं। वे ही आदि हैं और वे ही अंत हैं। भूत का तात्पर्य केवल भूत-प्रेत आत्माओं से नहीं है, बल्कि भूत का मूल अर्थ, जो इस धरा पर उत्पन्न हुआ है, अर्थात पंचभूत से बना हर जीव भूत है। भावनः का तात्पर्य है-इनका पालन करने वाला एवं इनका कल्याण करने वाला।



बाबा विश्वनाथ के इस पर्व को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। शिव पुराण में महाशिवरात्रि का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के रुद्र संहिता (पार्वती खंड) में भगवान शिव के पार्वती से विवाह उत्सव का वर्णन मिलता है। बसंत पंचमी के बाद आने वाला यह पर्व प्रकृति के अत्यंत सुंदर मनभावन स्वरूप के समय मनाया जाता है। यहां शिव को चेतना एवं शक्ति को ऊर्जा (शक्ति) के योग का उत्सव भी माना जाता है। शिवरात्रि में आध्यात्मिक रूप यदि देखा जाए तो शिव का अर्थ है-कल्याण और रात्रि का अर्थ है विश्राम अथवा अंधकार। महाशिवरात्रि का यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर आत्मज्ञान के प्रकाश की और बढ़ने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

महाशिवरात्रि को मनाने के पीछे दूसरी पौराणिक गाथा का वर्णन समुद्र मंथन और विशपान से जुड़ा है। समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष समुद्र से निकला, तो उसे ग्रहण करने को सुर-असुरों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ, ऐसे समय में भगवान शिव ने इस हलाहल को पीकर अपना नाम नीलकंठ चरितार्थ किया। इसी उपकार के कारण भी आभार स्वरूप भक्त लोग इस व्रत को रखते हैं और शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। महाशिवरात्रि को उपवास रखने का नियम है, जिसका तात्पर्य है, हमें अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए। रात्रि जागरण करके हम अज्ञान से जागरण की शिक्षा प्राप्त करते हैं। बेल पत्र को शिवलिंग पर अर्पण करने का तात्पर्य त्रिगुणों पर विजय है।

## सोमनाथ और घटता-बढ़ता चंद्रमा

चंद्रमा बहुत सुंदर था। उसकी सुंदरता के चर्चे सर्वत्र होते थे। चंद्रमा की सुंदरता पर मोहित होकर दक्ष प्रजापति की सत्ताइस पुत्रियों ने उससे विवाह कर लिया था। कुछ दिन हंसी-खुशी में व्यतीत हुए फिर चन्द्रमा रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों से नाराज रहने लगा। एक दिन तो उसने हद ही कर दी। रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों को उसने महल से निकाल दिया। अपमानित दक्ष पुत्रियों ने मायके जाकर अपने पिता दक्ष प्रजापति से रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाई। दक्ष ने चन्द्रमा को बुलाकर समझाया पर चन्द्रमा नहीं माना। उसने दक्ष प्रजापति को उल्टे बहुत भला-बुरा कहा। इस पर दक्ष प्रजापति को गुस्सा आ गया। उन्होंने चन्द्रमा को शाप दे दिया- 'तुम्हें अपने रूप-सौंदर्य का बड़ा गर्व है, जा तुझे क्षय रोग हो जाएगा। तू- कांतिहीन हो जाएगा। दक्ष के शाप से छुटकारे के लिए चन्द्रमा ने भोले शंकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिव प्रसन्न हुए और चन्द्रमा से वर मांगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव को सारी घटना बताई और श्राप से मुक्त होने का वर मांगा। शिव बोले- वत्स, मैं दक्ष के श्राप को समाप्त तो नहीं करूंगा, पर उसे कम करके लगभग निष्प्रभावी कर दूंगा। अब महीने के पहले पन्द्रह दिन तुम दक्ष के श्राप से क्षय रोग से ग्रसित रहोगे, प्रतिदिन घटते रहोगे। पर शेष 15 दिन तुम दक्ष के श्राप से मुक्त होकर तुम कांतिवान होकर बढ़ते रहोगे। दक्ष के श्राप से तुम अमावस्या को क्षय रोग से पूर्णतः ग्रसित होगे, जबकि पूर्णिमा को पूर्ण रूप से मुक्त होकर तुम विश्व को मोहित करोगे। तुम्हारी 27 पत्नियों के नाम अब तुम्हारे साथ जुड़कर अमर हो जाएंगे। ये सभी नक्षत्र मंडल में होंगी।



तब से चन्द्रमा क्षय रोग से ग्रसित हो गया। दक्ष के श्राप के कारण वह प्रत्येक मास पहले पक्ष में पहले क्षय रोग के कारण धीरे-धीरे घटता रहता है और अमावस्या को लोप हो जाता है। इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। शिव के वरदान के कारण अमावस्या के बाद चन्द्रमा क्षय रोग से धीरे-धीरे मुक्त होता रहता है और पूर्णिमा को पूर्ण मुक्त हो जाता है। इसे शुक्ल पक्ष कहते हैं। पूर्णिमा के चांद की सुंदरता की तुलना सदियों से मनुष्यों द्वारा की जाती रही है। कहते हैं कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में जहां चन्द्रमा ने भगवान शिव की पूजा की थी, वहां उसने महादेव शिव का भव्य मंदिर बनवाया था, जो सोमनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी प्रभाष क्षेत्र (गुजरात) में सोमनाथ का मंदिर हैं, जहां लाखों लोग भगवान शिव के दर्शन को जाते हैं। यहां पर पिंड दान भी किया जाता है और महाशिवरात्रि, भादौ, कार्तिक तथा चैत्र के महीने में मेला भी लगता है।




शिवचरण चौहान
लेखक

बोधकथा

## विवेक और उदारता

विनीता संस्कारों की छाया में पली-बढ़ी एक सुलझी हुई बेटी थी। उसका स्वभाव उतना ही विनम्र था जितना उसका नाम। बड़ों का आदर, सेवा-भाव और अनुशासित जीवन उसकी दिनचर्या का हिस्सा थे। पढ़ाई के साथ-साथ वह दूसरों के काम आने को भी अपना कर्तव्य मानती थी। इसी सहजता और सरलता के कारण वह जहां जाती, लोगों के मन में जगह बना लेती। भाग्य ने उसे ऐसे परिवार की बहू बना दिया, जहां धन तो बहुत था, पर दान और करुणा का अभाव था। उस घर में संपत्ति को केवल भोगने और बढ़ाने की सोच थी, बांटने की नहीं। धर्म और पुण्य की बातें वहां केवल शब्द बनकर रह गई थीं। एक दिन घर के द्वार पर एक वृद्ध आया, कमज़ोर, भूखा और बेसहारा। विनीता ने उसे देखा और जो घर में उपलब्ध था, वही उसे दे दिया, सूखी, बासी रोटी। वृद्ध ने उसे हाथ में लेकर कहा- "बेटी, यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।" विनीता ने बिना किसी कटुता के उत्तर दिया- "बाबा, इस घर में ऐसा ही भोजन होता है।"

वहीं खड़े उसके श्वसुर यह सुनकर चौंक पड़े। वे बहू के व्यवहार से सदा प्रसन्न रहते थे। उन्होंने पूछा- "बेटी, तुम ऐसा क्यों कह रही हो?" विनीता ने शांत स्वर में कहा- "पिताजी, मैंने इस घर में यही देखा है कि जो धन पूर्व पुण्य से मिला है, उसे केवल संजोया और भोगा जाता है। दान, सेवा और धर्म का आचरण यहां दिखाई नहीं देता।" उसके शब्दों ने श्वसुर के मन को झकझोर दिया।



उन्हें पहली बार अपनी भूल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उसी क्षण उन्होंने बहू को उचित कार्य करने की अनुमति दी। विनीता ने तुरंत उस वृद्ध को सम्मानपूर्वक अच्छा भोजन कराया, उससे स्नेह से बातें कीं और उसके जीवन के बारे में जाना। उसे सच्चरित्र पाकर घर के पास ही रहने की व्यवस्था कर दी। कुछ समय बाद वृद्ध बीमार पड़ा। अल्प समय में ही, ईश्वर का स्मरण करते हुए, आत्मा की शुद्धता का चिंतन करते हुए, सबके प्रति क्षमाभाव रखकर वह शांतिपूर्वक इस संसार से विदा हो गया। उसका जीवन एक मौन संदेश छोड़ गया- धन की कमी मनुष्य को केवल परेशान करती है, पर धन की अधिकता यदि विवेक से रहित हो जाए, तो वही धन मनुष्य को अहंकार, विलास और निर्दयता की ओर ले जाकर उसके पतन का कारण बन जाता है।

पौराणिक कथा

## विधि का लेख



एक बार भगवान विष्णु गरुड़ पर आरूढ़ होकर कैलाश पर्वत पहुंचे। द्वार पर गरुड़ को छोड़कर वे स्वयं महादेव से मिलने भीतर चले गए। गरुड़ बाहर खड़े कैलाश की अलौकिक प्राकृतिक शोभा को निहार रहे थे। हिमशिखरों की दिव्यता, मंद समीर और दिव्य शांति उन्हें मंत्रमुग्ध कर रही थी। तभी उनकी दृष्टि एक अत्यंत सुंदर, नन्हीं-सी चिड़िया पर पड़ी। वह इतनी कोमल और आकर्षक थी कि गरुड़ का मन अनायास ही उसी में उलझ गया। उसी क्षण यमराज कैलाश पधारे। भीतर जाने से पहले उन्होंने उस चिड़िया को एक गहरी और आश्चर्यपूर्ण दृष्टि से देखा।

गरुड़ यह संकेत समझ गए। उन्हें आभास हो गया कि उस चिड़िया की मृत्यु निकट है और यमराज कैलाश से लौटते समय उसे अपने साथ ले जाएंगे। करुणा से भरकर गरुड़ का हृदय द्रवित हो उठा। वे इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरते हुए नहीं देख सके। उन्होंने उसे अपने पंजों में सहेजा और कैलाश से हजारों कोस दूर एक निर्जन वन में, एक ऊंची चट्टान पर सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद वे पुनः कैलाश लौट आए। जब यमराज बाहर आए, तो गरुड़ ने विनम्रतापूर्वक पूछा-"प्रभु, आपने उस छोटी-सी चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी दृष्टि से क्यों देखा था?"

यमराज बोले- "गरुड़, जब मैंने उस चिड़िया को देखा, तब मुझे ज्ञात हुआ कि कुछ ही क्षणों बाद वह यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा निगल ली जाएगी। मैं इसी बात पर विचार कर रहा था कि वह इतनी अल्प अवधि में इतनी दूर कैसे पहुंचेगी? पर अब वह यहां नहीं है, तो निश्चय ही उसका अंत हो चुका होगा।" यह सुनकर गरुड़ को सत्य का बोध हो गया। वे समझ गए कि मृत्यु को टाला नहीं जा सकता, चाहे कितनी ही चतुराई क्यों न कर ली जाए। इसीलिए परमात्मा कहते हैं-"तू करता वही है, जो तू चाहता है, पर होता वही है, जो मैं चाहता हूं। तू वही कर, जो मैं चाहता हूं- फिर होगा वही, जो तू चाहेगा।"

## आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान


भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो, तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। माता सीता का व्यक्तित्व स्त्री चेतना का वह स्वरूप प्रस्तुत करता है, जिसमें सौम्यता के साथ अडिग शक्ति का संतुलन दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
लेखिका

माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उसे ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाईं और धरती से जन्म लेने के कारण भूमिजा। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के पवित्र मिलन का प्रतीक बन गया।

माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग, सहनशीलता और आत्मबल की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को छोड़कर वनवास स्वीकार करना, अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठोर परीक्षाओं को सहन करना-इन सबके बावजूद उन्होंने अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी समझौता नहीं किया। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं थीं, बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक शक्ति भी थीं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति मौन सहनशीलता नहीं, बल्कि मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता है।



माता सीता को आदर्श पत्नी, पुत्री और स्त्री के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनकी भूमिका इन पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे जाती है। वे संबंधों में समर्पण के साथ आत्मसम्मान का संतुलन स्थापित करती हैं। उनका आचरण यह सिखाता है कि प्रेम में भी स्वाभिमान आवश्यक है और त्याग का अर्थ आत्मविस्मरण नहीं होता। यही कारण है कि माता सीता आज भी पारिवारिक जीवन, सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों की आधारशिला मानी जाती हैं।

भारतीय परंपरा में माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है-सुख, समृद्धि और स्थायित्व का प्रतीक। उनके व्यक्तित्व में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक समृद्धि का महत्व दिखाई देता है। यही संदेश आज के उपभोक्तावादी और भौतिकतावादी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्त्री को केवल सहनशील या त्यागमूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और सामाजिक शक्ति के केंद्र के रूप में देखने की दृष्टि माता सीता के जीवन से ही विकसित होती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, मानसिक तनाव और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं के बीच माता सीता का जीवन आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। वे सिखाती हैं कि धैर्य कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जब मन स्थिर होता है, तो निर्णय स्पष्ट होते हैं और रिश्तों में मधुरता स्वतः विकसित होती है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीण समाज से लेकर महानगरों तक, माता सीता का नाम पारिवारिक शांति और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है।

माता सीता की आराधना केवल बाह्य पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गुणों-संयम, करुणा, आत्मबल और सत्यनिष्ठा-को जीवन में उतारने का संकल्प है। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, चाहे वह परिवार हो, समाज हो या व्यक्तिगत संघर्ष, तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार उन्होंने अशोक वाटिका में रहते हुए भी अपने आत्मसम्मान और धैर्य को अडिग रखा, वह हर युग के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। आज के समय में, जब नारी सम्मान, मानसिक संतुलन और संवेदनशील रिश्तों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, माता सीता का जीवन हमें सच्ची शक्ति का अर्थ समझाता है-वह शक्ति जो भीतर से आती है और पूरे समाज को दिशा देती है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, मंगलवार, 10 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जेटवर्क को छोड़ फॉल्गर डिक्सन में हुए शामिल

नई दिल्ली। जेटवर्क के इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार प्रमुख जोश फॉल्गर ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है और वह प्रतिद्वंद्वी डिक्सन टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी में शामिल हो गए हैं। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ से पहले एक महीने में कंपनी के यह दूसरे शीर्ष अधिकारी का इस्तीफा है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को बताया कि फॉल्गर को पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में आईटी हार्डवेयर एवं नए प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, जो डिक्सन की स्वामित्व वाली/गैर-सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है।

### मारुति ने रेलवे से रिकॉर्ड 5.85 लाख वाहन भेजे

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने रेलवे से 2025 में 5.85 लाख से अधिक वाहनों को भेजा। यह 2024 की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि आपूर्ति में रेल परिवहन की उसकी हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है जो 2016 में 5.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 26 प्रतिशत हो गई है। इससे कार्बन उत्सर्जन, देश के तेल आयात में उल्लेखनीय कमी आई है और सड़क पर लगने वाला जाम भी कम हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने इसकी जानकारी दी।

### पर्पल इक्विटी वारंट से जुटाएगी 69 करोड़

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर्पल फाइनेंस ने 55 रुपये प्रति इक्विटी वारंट की दर से 1.26 करोड़ इक्विटी वारंट जारी कर 69.30 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। हालांकि यह नियामकीय मंजूरी के अधीन होगा। पर्पल फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संबंध में फैसला छह फरवरी को हुई निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। मौजूदा एवं नए दोनों निवेशकों ने निरंतर भागीदारी उसके कारोबारी मॉडल, प्रशासनिक ढांचे और दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति के प्रति बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। कंपनी विस्तार के समर्थन के लिए अपने पूंजी आधार को और मजबूत कर रही है।

# भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता

## भारत पर लगा शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश की तुलना में कम



- समझौते के अनुसार अमेरिका भारत पर लगाए जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने से घरेलू निर्यातकों को शुल्क के मोर्चे पर तत्काल निश्चितता और बेहतर समझ मिलेगी। अमेरिका इस पेश रूपरेखा के अनुसार भारत पर लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। इससे पहले वह रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा चुका है। भारत पर लगाया शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम है।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने कहा कि यह रूपरेखा हालिया शुल्क युक्तिकरण पर अत्यंत आवश्यक परिचालन स्पष्टता प्रदान करती है। रूपरेखा स्पष्ट रूप से पुष्टि करती है कि वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक व रबर, कार्बनिक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद तथा चयनित मशीनरी क्षेत्रों सहित कई प्रमुख भारतीय निर्यात क्षेत्रों पर 18 प्रतिशत की जवाबी शुल्क दर लागू होगी।

निर्यातकों के लिए यह रूपरेखा निश्चितता और बेहतर समझ प्रदान करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 प्रतिशत शुल्क भारत को बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी निर्यातकों की तुलना में सापेक्ष लाभ की स्थिति में रखता है। इन देशों पर अमेरिकी शुल्क अपेक्षाकृत अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार हिस्सेदारी में क्रमिक वृद्धि की उचित संभावना है। ऊर्जा, विमान एवं विमान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों सहित पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान की खरीद की भारत की घोषित मंशा को बुनियादी ढांचा विस्तार, विमानन वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप रणनीतिक आयात प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### गैर-शुल्क बाधाओं के हटने से बढ़ेगा मुक्त व्यापार

डेलॉयट इंडिया के साझेदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर ध्यान देने से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में यह समग्र रूप से एक अत्यंत सकारात्मक विकास है और इससे भारतीय निर्यातकों को तात्कालिक तथा दीर्घकालिक दोनों ही अवधि में लाभ होगा। फ्लोरेंस शू कंपनी के चेयरमैन एवं ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अकील पनारुना ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के जूता एवं चमड़ा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। पहले भारतीय जूता निर्यात पर अमेरिका में 50% तक शुल्क था जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता एवं दीर्घकालिक सोर्सिंग प्रभावित थी। नए समझौते से शुल्क युक्तिकरण, बाजार पहुंच की बहाली और भारतीय निर्माताओं को आत्मविश्वास के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। हम तमिलनाडु में अपने 2,500 करोड़ रुपये के संयुक्त उद्यम का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसमें हमारे ताइवानी साझेदार शामिल हैं जो दुनिया के दूसरे एथलेटिक फुटवियर उत्पादकों में से हैं। निर्माणाधीन इकाई के अप्रैल तक पूरे होने की उम्मीद है। भविष्य में भी निवेश की योजना है और परिवार संचालित चमड़ा कारोबार का विस्तार जारी रहेगा।

# 2026-27 में जीडीपी रहेगी 6.4% : मूडीज

- रेटिंग एजेंसी ने जी-20 देशों में तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4% रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में ये बात कही। मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार है। मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत रहेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4% रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों से सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है।

### 2025-26 में वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5% से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में 1.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूची बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13% रह सकती है जो 2025-26 में अब तक 10.6% रही है।




### पीएसबी का लाभ 18% बढ़कर 52,603 करोड़

- एसबीआई का 52,603 करोड़ के लाभ में 40% का योगदान

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52,603 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 18% की वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 44,473 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले लाभ में कुल मिलाकर 8,130 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई ने अकेले 52,603 करोड़ के कुल लाभ में 40% का योगदान दिया। स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा।

# भारत-अमेरिका समझौते से सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

- बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन



प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 734.28 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, सन फार्मा और एशियन पेंट्स में तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 और मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा।

# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

- मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जाने की उम्मीद, नियमों की संख्या 35% घटकर की 333, फॉर्म संख्या में 50% की कटौती

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गई है जबकि फॉर्म की संख्या में 50% से अधिक की कटौती की गई है। इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है।

आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

### नकद जमा में पैन के उल्लेख की लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

- सीबीडीसी को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर किया शामिल

नई दिल्ली। आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी व संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने की लेन-देन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है। मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने



# राहुल को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति

## लोकसभा : कांग्रेस सदस्यों के हंगामे से सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए की गई स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी का दावा- लोस अध्यक्ष ने अपनी बात रखने की अनुमति देने का किया वादा



- संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू बोले- कांग्रेस नेता की बात सही नहीं अध्यक्ष ने विषय बताने को कहा

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।

दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम पुकारा। थरूर ने उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगी। पीठासीन सभापति ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं तो वह बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले लोकसभा अध्यक्ष के पास कक्ष में कांग्रेस के विभिन्न सदस्य गए थे और बिरला ने हमें वादा किया था कि मुझे बजट पर चर्चा से पहले बोलने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब वह पीछे हट रहे हैं। पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि उनके पास किसी तरह का नोटिस नहीं है और वर्तमान स्थिति में वह केवल बजट पर बोलने की अनुमति दे सकती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में वह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पहले ही कहा था कि अगर सभी पक्ष मान जाएं तो सदन चलना चाहिए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने जब बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में कुछ बोलना चाहते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विषय बताएंगे, तब अनुमति दी जाएगी, इसलिए राहुल गांधी ने स्पीकर से वादा किया जाने की जो बात कही है वह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर देंगे तो अन्य दलों के नेताओं को भी मौका देंगे और सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पक्ष रखेंगे। हम सरकार की ओर से हमेशा तैयार हैं।

### बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है और इसके लिए सदन के सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाने की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों ने बताया कि सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी के तहत यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाने के मामले में भी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही लोकसभा में एक वैधानिक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विपक्ष प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर दो बजे तक करीब 20 सांसदों ने प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे तथा 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने के बाद इसे लोकसभा सचिवालय को सौंपा जाएगा।

### राहुल को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भी हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

लोकसभा में राहुल गांधी को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही दोपहर 12 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह मुद्दा उठाया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह दूसरे सदन में हुई घटनाओं पर चर्चा न करें। खरगे ने कहा कि वह संविधान से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं और संसद दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनी है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, सभापति ने लोकसभा से संबंधित इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और कहा कि खरगे द्वारा कही कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। सभापति ने प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ाई, लेकिन खरगे और अन्य विपक्षी नेता बोलने की मांग करते रहे।

# बजट : उच्च सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने

## बजट में पूंजीगत व्यय में कमी का दावा गलत : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

बजट में पूंजीगत व्यय कम करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा सांसद अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में बजट का कुल आकार 16.65 लाख करोड़ था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना को खारिज कर दिया कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम किया गया है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि बजट में साढ़े बारह लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय है, जो कांग्रेस नीत सरकार के समय दो से ढाई लाख करोड़ के बीच थी। केंद्र सरकार आगामी वित्त वर्ष में 17.72 करोड़ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च करने जा रही है जबकि 4.5 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। जीएसटी में सुधार से देशवासियों को एक लाख करोड़ का लाभ हुआ। एक तरफ खर्च बढ़ाना और दूसरी तरफ जीएसटी के माध्यम से लोगों को लाभ देना, उसके बावजूद यदि अगले साल के लिए 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा गया है तो वह वित्त मंत्री की इस बात के लिए अभिनंदन करना चाहते हैं कि किसी भी प्रकार से पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गयी। इससे पहले बजट 2026-27 पर उच्च सदन में चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने इस बात पर चिंता जतायी थी कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने को कुछ नहीं: चिदंबरम

राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने घटते पूंजीगत व्यय पर चिंता जताते हुए कहा कि आम बजट में इसे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया तथा यह एक ऐसा बजट है जिसे भुला दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में चिदंबरम ने बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है। 1,44,376 करोड़ के पूंजीगत व्यय में कमी की गयी हैं, जिसमें केंद्र के पूंजीगत व्यय में 25,335 करोड़ तथा राज्यों के पूंजीगत व्यय में 1,19,041 करोड़ रुपये की कमी हुई है।

### बजट वास्तविक स्थिति से बिल्कुल उलट है : विपक्ष

सरकार पर बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने तथा उसके अनुकूल काम न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के सदस्य ने सोमवार को राज्यसभा में दावा किया कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है। उच्च सदन में बजट 2026-27 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है, शायद इसीलिए इस बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहा जा रहा है। सपा की जया बच्चन ने कहा कि वह फिल्म उद्योग से आती हैं और यह उद्योग सबसे अधिक आयकर तथा जीएसटी देता है। बजट में इस उद्योग को राहत की उम्मीद थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले साल भी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट 46 हजार करोड़ रुपये रखा गया था, इस बार भी इतना ही है जबकि अन्य राज्यों के बजट में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि की गई है। आम आदमी पार्टी के डॉ अशोक मित्तल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और इस बजट में विरोधाभास हैं। बजट पर चर्चा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जी के वासन, बीजू जनता दल के निरंजन बिशी, अन्नाद्रमुक के एम धनपाल और मनोनीत सदस्य मीनाक्षी जैन ने भी हिस्सा लिया। चर्चा अधूरी रही।

# आतंकवाद के आरोपी रहमान की फरीदाबाद जेल में हत्या

फरीदाबाद(हरियाणा), एजेंसी

- जम्मू कश्मीर से आए कैदी की रहमान से नीमका जेल में हुई झड़प
- फैजाबाद के रहमान पर है अयोध्या विस्फोट की साजिश का आरोप

फरीदाबाद जिले की नीमका जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी अब्दुल रहमान की कारागार में झड़प के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर के इस जेल में स्थानांतरित किए गए किए कैदी अरुण चौधरी ने रहमान की हत्या कर दी। जेल में रविवार रात दो कैदियों के बीच विवाद होने के बाद यह घटना हुई।

जम्मू कश्मीर के चौधरी ने रहमान पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के मिल्कीपुर निवासी रहमान 2025 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ता और हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद के पास पाली गांव से पकड़ा था। रहमान के खिलाफ फरीदाबाद के डबुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। उसकी गिरफ्तारी के समय, अधिकारियों ने बताया था कि रहमान अयोध्या में विस्फोट को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। एसटीएफ ने बताया था कि उसके तार आईएसआई से जुड़े होने का संदेह है।

# वकील से मारपीट पर सीजेआई बोले- गुंडा राज अस्वीकार्य



- तीस हजारी अदालत में एडीजे की अदालत में आरोपी के वकील पर हमले का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि हम गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को एक जिला अदालत के कक्ष में मारपीट का आरोप लगाने वाले वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया। उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी? मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखें और मुझे भी इसकी सूचना दें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लें। कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर होगी।

### शराब घोटाला : चैतन्य बघेल की जमानत पर एक हफ्ते बाद सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के मामलों में मिली जमानत को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। चैतन्य, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने बताया कि चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद मामले के महत्वपूर्ण गवाहों में से एक सामने नहीं आ रहा है। ईडी ने संबंधित धन शोधन मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को अलग से चुनौती दी है।

### मेटा-व्हाट्सएप गोपनीयता नीति पर सुनवाई 23 तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं एनवी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: जेन जी आंदोलन के जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पिछले साल जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए गठित आयोग का कार्यकाल सोमवार को 25 दिनों के लिए और बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब जांच आयोग की समय सीमा बढ़ाई गई है। आयोग के प्रवक्ता एवं सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने कहा कि मंत्रिपरिषद की एक बैठक में समय सीमा 11 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोग का कार्यकाल बुधवार यानी 11 फरवरी को समाप्त हो रहा था। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था।

### ईशनिंदा : पाकिस्तान में पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की सजा रद्द

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने ईशनिंदा के मामले में एक पूर्व सैन्य अधिकारी को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को रद्द करते हुए सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। एक सत्र न्यायालय ने पिछले साल पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर रावलपिंडी शहर में पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कर्नल (सेवानिवृत्त) मुहम्मद आरिफ को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान नामक कट्टरपंथी इस्लामी संस्थान के एक कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। हाल ही में शहबाज शरीफ सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित किया है।

### टोरंटो में भारतीय कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार, शनिवार को दोपहर लगभग 3 :31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली।

# एप्स्टीन से संबंधों के खुलासे के बाद जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

ओस्लो, एजेंसी

- इस्तीफा देने के बाद भी जूल के खिलाफ जांच कराएगी सरकार

नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क गंभीर निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिए गए अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है, जब जूल के पति टेर्जे रोड-लार्सन इस संस्था के प्रमुख थे।

## तेल आयात: भारत के लाभ और हानि

कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति का परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इसमें एक तरफ अमेरिका अपनी तेल उत्पादन क्षमता के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, दूसरी तरफ ओपेक प्लस देशों की बाजार हिस्सेदारी कम हो रही है। भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक बदलावों की है, जिसमें वह रूस पर निर्भरता कम करते हुए अमेरिका और दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा के उपाय कर रहा है। तेल आयात का मुद्दा चूंकि सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भू रणनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए कई नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में अमेरिका रूस और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश भी बन चुका है। इसी के साथ उसने वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है जो अलग किस्म की चुनौती है।

# रूस बनाम अमेरिका



### बदलता वैश्विक परिदृश्य

- वर्तमान वैश्विक तेल बाजार में मांग से अधिक आपूर्ति होने की संभावना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2026 में वैश्विक तेल आपूर्ति मांग से लगभग 3 .85 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक हो सकती है।
- ओपेक प्लस की बाजार हिस्सेदारी 2016 में 53% थी जो 2025 और 2026 में गिरकर 46% होने का अनुमान है। यह रूस और वेनेजुएला जैसे देशों पर प्रतिबंधों और अमेरिका के बढ़ते उत्पादन के कारण है।

### दुनिया पर हावी अमेरिका

- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित कर रहा है।
- अमेरिका ने 2024 में 13 .2 मिलियन बीपीडी औसत उत्पादन किया, अब 13 .6 मिलियन उत्पादन का अनुमान।
- अमेरिका कोटा से बंधा नहीं है, 2015 से 2024 के बीच वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि का 90% अकेले पूरा किया है।
- ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है। भारत पर रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैरिफ उदाहरण।

### भारत के लिए बदलती स्थितियां

- अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद भारत ने रूसी तेल के आयात में कटौती शुरू कर 50% तक कम कर दिया है।
- भारत ने पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर मूल्य के ऊर्जा व तकनीकी उत्पाद खरीदने की योजना बनाई है।
- भारत अब नाइजीरिया, अंगोला और वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल आयात कर रहा है। इससे तेल आयात बिल बढ़ेगा।

### रूस से आयात न करने का असर

- अनुमान के अनुसार रूस से आयात बंद करने पर भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9 बिलियन से 11 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।
- अमेरिका या लैटिन अमेरिका से तेल मंगाना महंगा है। अमेरिकी खाड़ी तट से भारत तक तेल पहुंचने में 54 दिन लगते हैं, रूस से केवल 36 दिन।
- भारतीय रिफाइनरी रूस के मीडियम-सोर तेल को प्रोसेस करने के लिए अनुकूल हैं। अमेरिकी तेल के लिए सेटिंग्स बदलना महंगा पड़ेगा।

### रणनीतिक चुनौती

- रूस से तेल बंद करना भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए चुनौती माना जा सकता है। अमेरिका के दबाव में आने का संकेत दुनिया में जाने का खतरा।
- रूस भारत का पुराना रक्षा और कूटनीतिक साझेदार है। तेल आयात बंद करने से इन दोनों क्षेत्रों में तनाव पैदा हो सकता है।

### वैश्विक प्रभाव

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, रूसी तेल आयात बंद करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश

## दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील का निस्तारण करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार की ओर से दायर की गई कोई अपील हो तो उस पर भी सेंगर की याचिका के साथ हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 10 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया गया था। सीजेआई ने पीड़ित के वकील की ओर से मीडिया में बयान देने पर नाराजगी जताई। कहा, हम किसी अलग-थलग जगह पर नहीं बैठे हैं। हम जानते हैं कि बाहर 'मीडिया ट्रायल' चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह अदालत के बाहर किसी भी तरह की समानांतर सुनवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की भाई की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब तलब किया, जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में अंतरिम जमानत तीन महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया है। जयदीप सेंगर के वकील ने कहा कि अंतरिम जमानत की अवधि 11 फरवरी को समाप्त हो रही है और याचिकाकर्ता मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण जमानत बढ़ाने का अनुरोध करता है। जयदीप को एक निचली अदालत ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### वांगचुक की हिरासत की समीक्षा में अभी कोई प्रगति नहीं... केंद्र ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि सोनम वांगचुक की हालत बिल्कुल ठीक है और हिरासत में रहने के दौरान उन्हें एम्स जोधपुर से सर्वोत्तम उपचार मिल रहा है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को यह भी बताया कि वांगचुक की हिरासत की समीक्षा के संबंध में अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि पिछली बार भी यही दलील दी गई थी। उन्होंने कहा, समस्याएं हैं और इससे आप भी इन्कार नहीं कर रहे हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि समस्या है और इलाज चल रहा है। इस पर नटराज ने कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, जयपुर इलाज के लिए लद्दाख से बेहतर जगह है। इस पर न्यायमूर्ति वराले ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकते। पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें रासुका 1980 के तहत उनकी हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

## वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण और मजबूत करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की पहले से ही सीमित शक्तियों को कमजोर करने वाले कदमों को मंजूरी दी। दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के कार्यालय ने कहा कि ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनसे यहूदी बस्तियों के लिए फिलिस्तीनियों को जमीन छोड़ने के लिए मजबूर करना आसान हो जाएगा।

उसने एक बयान में कहा, हम फिलिस्तीनी राष्ट्र के विचार को खत्म करना जारी रखेंगे। निगरानी समूह ''पीस नाउ'' के शोधकर्ता योनातन मिजराची ने कहा कि इस फैसले को लागू करने के लिए ''वेस्ट बैंक'' के लिए इजराइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी की आवश्यकता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने एक बयान में इस फैसले को खतरनाक और बस्ती विस्तार एवं भूमि अधिग्रहण को वैध बनाने का इजराइल का खुला प्रयास करार दिया। उन्होंने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

# भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी



- मोदी ने कहा- विश्वास की साझा दृष्टि से जुड़े हैं भारत व सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सोमवार को इस द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। दोनों पक्षों ने सतत विकास, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिपत्र पर भी सहमति व्यक्त की।

हर्मिनी भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और सेशेल्स केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टि से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह पैकेज ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा, जो सामाजिक आवास, परिवहन सुविधा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत-सेशेल्स संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हमारे लोगों के बीच के संबंध हैं।

## हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को 20 वर्ष कारावास

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज एवं चीन के मुखर आलोचक जिमी लाई को सोमवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। लाई को चीन की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। यह इस कानून के तहत अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। इस कानून ने हांगकांग में असंतोष की आवाजों को लगभग पूरी तरह दबा दिया है।



- प्रेस की स्वतंत्रता का पतन, चीन के मुखर आलोचक रहे हैं लाई

लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेत के रूप में देखा गया है। उन पर ''एप्पल डेली'' के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर, हांगकांग या चीन के खिलाफ प्रतिबंध लगाने या उनके विरुद्ध अन्य शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का विदेशी ताकतों से आग्रह करने का आरोप लगाया गया है। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी। लाई को इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। लाई के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उनके सह-आरोपियों को छह साल तीन महीने से लेकर 10 साल कारावास तक की जेल की सजा मिली है।

सजा सुनाए जाने के समय लाई मुस्कुराए और समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस फैसले को चुनौती देंगे तो उनके वकील ने कहा कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। लाई को सजा सुनाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी।

## वेनेजुएला में जेल से रिहा होते ही मचाडो के करीबी सहयोगी पाब्लो का अपहरण

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जुआन पाब्लो गुआनिपा का जेल से रिहा होने के कुछ ही घंटों बाद अपहरण कर लिया गया है। सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रेरित लंबी हिरासत के बाद रविवार को कई विपक्षी सदस्य रिहा किए थे, जिनमें गुआनिपा भी शामिल थे।

मचाडो ने सोशल मीडिया पर बताया कि गुआनिपा का मध्यरात्रि राजधानी काराकस से अपहरण कर लिया गया। चार वाहनों में आए भारी हथियारबंद पुरुषों ने उन्हें हिंसक तरीके से अगवा कर लिया। विपक्षी नेताओं की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर उन सैकड़ों लोगों को रिहा करने का दबाव बढ़ रहा है जिनकी गिरफ्तारी महीनों या वर्षों पहले उनकी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी।

## ईरान में अब सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी हस्तियों को हिरासत में लेने का अभियान

**दुबई।** ईरानी सुरक्षा बलों ने देश में जारी सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों को हिरासत में लेने के लिए अभियान शुरू कर किया। सुरक्षा बलों के इस कदम से दमनकारी कार्रवाई और भी तेज हो गई है।

इससे पहले अधिकारियों ने हिंसा के जरिए देशव्यापी प्रदर्शनों को दबा दिया था। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर सात साल से अधिक जेल की एक और सजा सुनाई गई है। ईरान सरकार अशांति के खिलाफ बगावत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुप करा रही है क्योंकि ईरान, अमेरिका के साथ नई परमाणु वार्ता का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह देश पर हमला कर सकते हैं।

## नाइजीरिया में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की जान गई

**कानो।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

कानो के गवर्नर कार्यालय के बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया जिससे 30 लोगों की मौत हो गई। ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों को ले जा रहा था तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गवर्नर के प्रवक्ता के अनुसार गंभीर घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## थाईलैंड : अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का एलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव जीत लिए हैं।


चर्नविराकुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग की ओर से 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया। पीपुल्स पार्टी दूसरे और फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व, पीपल्स पार्टी के नेता नत्ताफोंग रुंगपान्यावुत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उनकी पार्टी नतीजों को स्वीकार करती है।

# बच्चों के यौन शोषण पर घिरा मेटा, अमेरिका में शुरू हुई सुनवाई

सांता फे, एजेंसी

- बच्चों के यौन शोषण के खतरों के बारे में भ्रामक जानकारी देने का है आरोप

मेटा के खिलाफ, सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण के खतरों और अपने प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भ्रामक जानकारी देने के आरोपों से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यू मैक्सिको में सोमवार से शुरू हो गई। यह बच्चों को होने वाले नुकसान को लेकर मेटा समेत प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर मुकदमों की शृंखला में पहली स्वतंत्र सुनवाई है।




सुनवाई के दौरान ऑनलाइन मौजूद आपत्तिजनक सामग्री और उसके प्रभावों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने वर्ष 2023 में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया है कि मेटा जानबूझकर बच्चों को यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के दोहरे खतरों के सामने उजागर करता है और इसका उद्देश्य मुनाफा कमाना है। मेटा ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष चुनिंदा सबूतों के जरिए सनसनीखेज दलीलें पेश कर रहा है। मेटा ने जांच को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि फर्जी खातों में बच्चों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर और जांच से जुड़ा डेटा नष्ट किया गया।

मेटा ने यह भी कहा कि वह लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसने कई सुरक्षा फीचर विकसित किए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग इस मुकदमे में गवाही देंगे या नहीं।


### यौन अपराधियों के अनुकूल माहौल बनाने का है आरोप

अभियोजन पक्ष का कहना है कि जांच के दौरान अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर बच्चों के रूप में फर्जी खाते बनाकर यह दर्ज किया कि किस तरह यौन प्रस्ताव भेजे गए और उन पर मेटा ने कैसी प्रतिक्रिया दी। मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का स्वामी है। अभियोजकों का आरोप है कि मेटा के एल्गोरिद्म और अकाउंट फीचर युवाओं को सोशल मीडिया की ओर आकर्षित करते हैं और बच्चों का यौन शोषण करने वाले अपराधियों के लिए अनुकूल माहौल बनाते हैं।

## आज का भविष्यफल
-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 07 .27 तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 07 .55 तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आप धर्म-कर्म में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। किन्तु कई बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शान्त रखें तथा अच्छी संगत में रहें। अचल संपत्ति के विवाद शांत होंगे। कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष** — आज आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी। व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए।

**मिथुन** — आज बच्चों के ऊपर आप क्रोधित हो सकते हैं। आज प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत अधिक अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** — आज मन में कुछ नया और प्रयोगवादी करने की इच्छा होगी। रुके हुये बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। अधिकारी आपके ऊपर कुछ अधिक निर्भर रहेंगे।

**कन्या** — आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनायें। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**तुला** — आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी जीवनशैली में परिवर्तन न करें। दिन का शुरुआती भाग आपके लिए अत्यन्त सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**धनु** — आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे उसका परिणाम आपको तुरंत प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर** — आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से आप संतुष्ट रहेंगे। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आज आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पायेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए। घर में आज अचानक मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**मीन** — आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। दोस्तों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |



अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा। वे एक विश्व स्तरीय टीम हैं।
–रिची बेरिंगटन, स्कॉटलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 10 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नामीबिया-नीदरलैंड्स | पूर्वाह्न 11 बजे |
| न्यूजीलैंड-यूएई | दोपहर 3 बजे |
| पाकिस्तान-अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अभ्यास सत्र के दौरान नीदरलैंड्स के माइकल लेविट। एजेंसी

### नीदरलैंड्स का मैच नामीबिया से आज

**नई दिल्ली/कोलंबो।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुकाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। मैच सुबह 11:00 बजे शुरू होगा।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

### मनु को 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रेंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

### सुधीर ने किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम ने कनाडा को दिया 214 रनों का विशाल लक्ष्य

## टी-20 विश्व कप : कप्तान एडेन मार्करम ने खेली आक्रामक अर्धशतकीय पारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कप्तान एडेन मार्करम ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए आक्रामक अर्धशतक लगाकर कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप डी के मैच में सोमवार को दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट पर 213 रन तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर माक्ररम ने दूसरे ओवर में डिलोन हेलाइगर को तीन चौके लगाए। मार्करम ने 32 गेंद में 59 रन बनाए। क्विंटोन डि कॉक ने 22 गेंद में 25 रन बनाए और साद बिन जफर को लगातार दो चौके जड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिये 6. 5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की और सभी गेंदबाजों को नसीहत दी।

दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका डिकॉक के रूप में लगा जो कनाडा के कप्तान और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज दिलप्रीत बाजवा का शिकार हुए। मार्करम ने बाजवा को चौका लगाकर सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं रियान रिकेलटन ने 21 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन बनाए। मार्करम को बायें हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने लांग आन पर हेलाइगर के हाथों लपकवाया। इसके बाद रिकेलटन भी पटेल की गेंद पर हर्ष ठाकेर को सीधा कैच देकर लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस चार गेंद तक ही टिक सके और इसी ओवर में मिड आफ पर निकोलस किर्टोन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। आखिर में अनुभवी डेविड मिलर ने 23 गेंद में नाबाद 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंद में 34 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर दिया। दोनों ने 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनाडा के अंश पटेल ने तीन विकेट चटकाए।




एक-दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर व ट्रिस्टन स्टब्स। एजेंसी

- डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स के बीच हुई 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी

### तेज गेंदबाज हर्षित राणा की सफल सर्जरी, चोट के कारण टी-20 वर्ल्ड कप से हुए थे बाहर

**बेंगलुरु।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फ़ैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फ़ोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फ़ैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फ़ोकस अब दो मिशन पर है – जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉज़िटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिंताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाज़ों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिंग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ़ हुई, जो तेज़ी से बिगड़ गई। वह सिर्फ़ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के ख़िलाफ़ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# भारत से मैच के लिए शरीफ से अनुमति लेंगे नकवी

**कराची, एजेंसी**

- त्रिकोणीय शृंखला की मांग आईसीसी ने खारिज की

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष की सलाह पर भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मुकाबले का बहिष्कार वापस लेने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध करेंगे। यह जानकारी पीसीबी के एक सूत्र ने दी। समझा जाता है कि नकवी ने भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली और बांग्लादेश समेत एक त्रिकोणीय शृंखला की मांग रखी है ताकि भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेल रहे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।

भारत-पाक द्विपक्षीय क्रिकेट आईसीसी के दायरे में नहीं है और त्रिकोणीय शृंखला की मांग खारिज कर दी गई है। भारत ने एक दशक से अधिक समय से कोई त्रिकोणीय शृंखला नहीं खेली है। आईसीसी अगले अंडर 19 विश्व कप की मेजबानी बांग्लादेश को दे सकती है।

सूत्र के अनुसार नकवी सोमवार को इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री को देंगे। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है। सूत्र ने कहा नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट बोर्ड तथा आईसीसी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे। सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को विश्व कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश बोर्ड के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ का होगा और पीसीबी उसका पालन करेगी। सूत्र ने कहा कि ख्वाजा के साथ हुई बातचीत में नकवी ने कई मुद्दे उठाए। नकवी ने ख्वाजा से सवाल किया कि अगर पाकिस्तान टीम ने एशिया कप ट्रॉफी किसी भारतीय बोर्ड अधिकारी से स्वीकार करने से इन्कार कर दिया होता तो क्या आईसीसी ने चुप्पी साधी होती। यह ट्रॉफी फिलहाल दुबई स्थित एशियाई क्रिकेट परिषद मुख्यालय के एक बंद कमरे में है। नकवी ने स्पष्ट किया था कि वह मीडिया की मौजूदगी में ट्रॉफी सैंपेंगे। बांग्लादेश को भारत में खेलने से इंकार करने के बाद विश्व कप से बाहर किया गया था।

# गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैंड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।




तीसरा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

### केंद्रीय अनुबंध में बी श्रेणी में खिसके कोहली व रोहित

**नई दिल्ली।** सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटनेरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है।

बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरूष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है ।बीसीसीआई ने तीनों श्रेणियों की रिटेनरशिप फीस की घोषणा नहीं की है। इससे पहले ए श्रेणी में पांच करोड़ रूपये, बी में तीन करोड़ और सी में एक करोड़ रूपये दिये जाते थे। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते।

समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी । यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित , जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं ।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से रौंदा, मुन्से और लीस्क चमके

**कोलकाता, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की।

स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।

इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इटली ने पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गंवा दिया जिनका लीस्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर मुन्से ने शानदार कैच लपका। जेजे स्मट्स (22) ने लीस्क पर चौके से खाता खोलने के बाद ब्रेड व्हील की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ब्रेड क्यूरी की गेंद पर स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन को कैच दे बैठे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते जॉर्ज मुन्से। एजेंसी

# हैलेंड के गोल से मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को हराया

## फुटबाल राउंडअप

**लंदन, एजेंसी**

एर्लिंग हैलेंड के अंतिम लम्हों में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लिवरपूल को 2-1 से हराकर खिताब की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

नॉर्वे के हैलेंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागकर रविवार को अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 25 मैच में 50 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अब उसके और शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल के बीच छह अंक का अंतर है। लीवरपूल को 74वें मिनट में डोमीनिक जोबोज्लाई ने बढ़त दिलाई थी जिसके 10 मिनट बाद बर्नार्डो सिल्वा ने स्कोर 1-1 कर दिया। हैलेंड ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। एक अन्य मुकाबले में क्रिस्टल पैलेस ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर 12 मैच से चले आ रहे जीत के इंतजार को खत्म किया।



स्पेन में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान वालेंसिया के खिलाफ दूसरा गोल करने के बाद अल्वारो कैरेरास के साथ जश्न मनाते रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे (बाएं)।

### इंटर मिलान ने आठ अंक की बढ़त बनाई

**रोम।** इंटर मिलान ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे सासुओलो को रविवार को 5-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी बढ़त आठ अंक कर ली।

### विश्व बैडमिंटन महासंघ ने भारत को दिया झटका

**कुआलालंपुर।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा सोमवार को घोषित भविष्य के कार्यक्रम में भारत का बड़ा झटका लगा है क्योंकि देश में होने वाले आयोजनों की संख्या चार से घटकर दो कर दी गई है। जिसमें इस साल आयोजन संबंधी समस्याओं के बावजूद इंडिया ओपन ने अपना सुपर 750 दर्जा बरकरार रखा है लेकिन सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 का दर्जा घटाकर सुपर 100 कर दिया गया।

विश्व टूर कार्यक्रम से जिन टूर्नामेंटों को हटाया गया है उनमें गुवाहाटी और ओडिशा में आयोजित सुपर 100 टूर्नामेंट शामिल हैं। इन टूर्नामेंटों को 2023 में शुरू किया गया था। लखनऊ में सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन सैयद मोदी की स्मृति में होता है।

डेविस कप | नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत दिलाने वाले स्टार खिलाड़ी ने कहा- ये तो बस शुरुआत है

# मैंने कुछ अलग तरह की टेनिस खेली : दक्षिणेश्वर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन 'बस शुरुआत है' क्योंकि वह एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज की पढ़ाई कर रहे 25 साल के दक्षिणेश्वर इस साल मई में अपनी डिग्री पूरी करेंगे। सितंबर 2025 में पदार्पण करने के बाद सिर्फ दो मुकाबलों में दक्षिणेश्वर ने अपने सभी चार मैच जीते हैं। इनमें से तीन जीत उन्हें पिछले सप्ताहांत बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ मिलीं।

दक्षिणेश्वर ने कहा अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है। दक्षिणेश्वर ने इसके साथ 2004 में जापान के खिलाफ एक ही मुकाबले में तीन मैच जीतने के लिएंडर पेस की उपलब्धि की बराबरी की। दक्षिणेश्वर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई जहां वे सितंबर में कोरिया से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका जाऊंगा, फिर मई में वापस आकर अपना कार्यक्रम तय करूंगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा तो मैं टूर में शामिल हो जाऊंगा और अगले डेविस कप मुकाबले की तैयारी करूंगा। दक्षिणेश्वर के शानदार रिकॉर्ड पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो डेविस कप मुकाबले में 4-0 का रिकॉर्ड बनाते हैं, विशेषकर अच्छे विरोधियों के खिलाफ। वह लगातार अच्छी सर्विस करते हैं और अच्छे फोरहैंड लगाते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह अपने टेनिस का आनंद लेते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने से उनके खेल का एक अलग पहलू सामने आया है। उन्होंने कहा जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग एहसास होता है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे होते, आप पूरे देश के लिए खेल रहे होते हैं।



### शेर की तरह लड़े नागल : कप्तान

कप्तान रोहित राजपाल ने चोटिल सुमित नागल की भी तारीफ की जो पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद टीम की अगुआई कर रहे थे। सुमित 50 प्रतिशत भी फिट नहीं थे। उनके कूल्हे में ग्रेड टू की चोट थी और हम फिजियो के साथ दिन-रात काम कर रहे थे। उन्होंने एक शेर की तरह लड़ाई लड़ी और टीम की वैसे ही अगुआई की जैसे भारत के नंबर वन खिलाड़ी को करनी चाहिए। राजपाल ने सहयोगी स्टाफ, विशेषकर फिजियो के योगदान की खास तौर पर तारीफ की और कहा कि इस मुकाबले ने भारत की बढ़ती ताकत को दिखाया है। चोट के कारण तीन हफ्ते बाहर रहे नागल अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। यह एक मुश्किल हफ्ता था लेकिन अपनी लड़ाई से उन्हें हौसला मिला।